सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 6:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.4 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.3 न्यू | 23.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74332.00 |
| निफ्टी | 22552.00 |
| सोना | 88,900 |
| चांदी | 99,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर फोकस, टैक्स में होगी कटौती: वित्त मंत्री

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 10 मार्च 2025 | 27 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 71, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उपराष्ट्रपति धनखड़ एम्स में भर्ती, पीएम ने जाना हाल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73 साल) को दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद रात करीब 2 बजे उन्हें एक्स में एडमिट किया गया। फिलहाल, वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं, उनकी हालत स्थिर बताई गई है। वहीं, पीएम मोदी ने एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी एम्स पहुंचकर हाल जाना।

### मुंबई में दम घुटने से चार मजदूरों की मौत

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुई। ये मजदूर पानी की टंकी को साफ करने के लिए उतरे थे, लेकिन नीचे जाते ही बेहोश हो गए, जिन्हें टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए वार्ता आज से

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सोमवार से ब्रसेल्स में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 10वें दौर की वार्ता शुरू करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क लगाने की धमकियों के बीच यह बातचीत होगी। एक अधिकारी ने बताया कि बातचीत में मुद्दों को हल करने पर ध्यान देने की उम्मीद है, ताकि इस साल के अंत तक समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक की हाल की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास तेज करने पर चर्चा की।

### यूपी में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा।** हुलिया बदलकर डकैती-हत्या और लूट की वारदत को अंजाम देने वाला एक लाख का इनामी बदमाश फाती उर्फ असद (48) को मथुरा स्पेशल टास्क और रिवॉर्ड टीम ने रविवार तड़के मुठभेड़ में ढेर कर दिया। आरोपी के खिलाफ प्रदेश समेत तीन राज्यों में विभिन्न धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया कि थाना हाईवे के कृष्णा कुंज कॉलोनी के एक घर में फाती अपने 3 साथियों के साथ छिपा है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- देशभर में विभिन्न सेवाओं पर एचआरटीसी को मिले 4 पुरस्कार -पेज 3
- अटल टनल के दीदार को अभी करना होगा इंतजार -पेज 11
- नाहन जेल में तीन कैदियों के बीच झड़प, माहौल तनावपूर्ण -पेज 12
- अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, दीवारों पर लिखे आपत्तिजनक नारे -पेज 13
- वेस्टइंडीज को हराकर भारत आईएमएल के सेमीफाइनल में -पेज 14

# विधानसभा का बजट सत्र आज से

## सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने की सत्र बढ़ाने की मांग, सत्तापक्ष करेगा विचार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। सत्तापक्ष की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया शामिल हुए।

वहीं, विपक्षी पार्टी भाजपा की तरफ से विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व उनकी पार्टी के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी भी मौजूद रहे। बैठक में विपक्ष ने सत्र बढ़ाने की मांग की। इस पर सत्तापक्ष ने कहा कि विचार किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने दोनों दलों से अपनी-अपनी सहयोगात्मक जिम्मेदारी निभाने की अपील की। साथ में सत्र के कैलेंडर पर चर्चा की कि किस दिन कौन सा कार्य प्रस्तावित है। इसकी जानकारी भी साझा की गई। 14 मार्च को होली पर अवकाश है और 15 मार्च को शनिवार के दिन सदन की कार्यवाही होनी है या नहीं। इस पर दोनों दल अपने-अपने विधायकों से बात कर मौजूदा वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

**पठानिया बोले- विपक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाए**

पठानिया ने कैलेंडर पर क्रमवार चर्चा करने और सत्र को अभिलंव चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सत्तापक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रश्न पूछें और सरकार प्रतिपक्ष की ओर से पूछे गए सवालों के तथ्यपूर्ण जवाब दें। पठानिया ने दोनों दलों की ओर से सौहार्दपूर्ण माहौल में सार्थक चर्चा करने पर आभार जताया और उम्मीद जाहिर की है कि आने वाला यह बजट सत्र शांतिपूर्ण तरीके से चलेगा और सार्थक चर्चा के साथ संपन्न होगा।

### विपक्ष करेगा प्रहार, सरकार सभी मुद्दों को चर्चा को तैयार



विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### भाजपा उठाएगी भ्रष्टाचार व नशाखोरी जैसे मुद्दे

**विपक्षी** दल भाजपा ने भी सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर शिमला में देर रात एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने की। बैठक में ज्वलंत मुद्दों को सदन में उठाने की सहमति बनी, जिसमें भ्रष्टाचार के मामलों, नशाखोरी, पेंशन संबंधी मामले, स्कूलों में युक्तिकरण सहित उन तमाम मुद्दों को सदन में उठाने पर सहमति बनी, जिसका सीधा संबंध जनता से रहेगा।

### विपक्ष पर पलटवार को आज बैठक कर सीएम बनाएंगे रणनीति

**सत्तापक्ष** ने सोमवार को पीटरहाफ में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बैठक रखी है, जिसमें विपक्ष के वार पर पलटवार करने की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद रहेंगे। कुल मिलाकर दोनों प्रमुख दल सदन में आमने-सामने होंगे, जिसमें कांग्रेस और भाजपा अपने-अपने लाव-लश्कर के साथ सदन के अंदर व बाहर हमला बोलेंगे।

# सेब के दामों पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव होने के आसार

## विधानसभा में गूंजेगा मुद्दा, सदन के बाहर भी बरपेगा हंगामा

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**हिमाचल** का लाल सेब अपनी लालिमा खोने लगा है। बाजारवाद की अव्यवस्था में वाजिब दाम दगा दे रहे हैं। हर साल सेब के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जो बागवानी क्षेत्र के लिए परेशानी का सबब बनने लगा है। विधानसभा के बजट सत्र में सेब के दामों पर सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच टकराव होने के आसार दिख रहे हैं। दोनों दल सेब के दामों पर सदन के अंदर का माहौल गर्म रख सकते हैं। सदन के बाहर भी यह मुद्दा खूब गूंजने वाला है।

कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया था कि उनकी सरकार बनने पर बागवान अपने सेब के दाम खुद तय कर सकेंगे। बिचौलियों पर लगाम लगाई जाएगी और कमीशन खोरी पर भी अंकुश लगाकर शोषण पर भी ठोस कार्रवाई करने की बड़ी-बड़ी बातें कही थी, जिससे बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकता था, लेकिन अढ़ाई साल का कार्यकाल बीतने के बाद भी सरकार इस दिशा में आगे नहीं बढ़ पाई है और न ही उसने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी राय साझा की है, लिहाजा सरकार ने बाजारवाद के आगे घुटने टेक दिए हैं। साथ ही बागवानों से किए गए अपने आश्वासन से भी मुकर गई है और कहा जा रहा है कि ऐसा संभव नहीं है, इसमें बाजारवाद की खरीद-फरोख्त नीतियां काम करती हैं, जो उस वक्त की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि वर्तमान में बाजार हस्तक्षेप योजना को जस का तस का रखा गया है। फिलहाल, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इस योजना के तहत सेब का समर्थन मूल्य 12 रुपए निर्धारित किया है, जिसके तहत बड़ी मात्रा में सी और डी ग्रेड का सेब खरीदा जाता है, मगर सेब के दामों में लगातार उतार-चढ़ाव बागवानी क्षेत्र के जोखिम को बढ़ा रहा है और सेब का उत्पादन करना बेहद महंगा साबित होने लगा है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### सेब में असामान्य गिरावट से परेशानी बढ़ी

**मौसम** की प्रतिकूल परिस्थितियों ने सेब के उत्पादन चक्र को पूरी तरह से बदल दिया है। निम्न ऊंचाई वाले क्षेत्रों में परंपरागत रॉयल व उसकी समक्ष प्रजातियां दम तोड़ने लगी हैं। मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी सेब उत्पादन में असामान्य गिरावट परेशानी दे रही है, जहां पर सेब की सबसे ज्यादा पैदावार होती थी, वह मध्यम ऊंचाई वाला क्षेत्र भी हांफने लगा है। साथ में इन क्षेत्रों में प्रतिकूल परिस्थितियां नजर आने लगी हैं। अब रही सही उम्मीदें ऊंचे क्षेत्रों में नजर जरूर आ रही हैं, लेकिन यहां पर भी मौसम अपने रंग दिखा रहा है। उत्पादन बेहतर जरूर हो रहा है, लेकिन सेब का आकार न बढ़ने से सेब का बेहतर उत्पादन नहीं हो पा रहा है।

### 5000 करोड़ की अर्थव्यवस्था डगमगाई

**प्रदेश** में 5000 करोड़ की अर्थव्यवस्था का दम निकलने लगा है। मौसम तो परेशान कर ही रहा है, अब कांग्रेस सरकार ने भी अपने स्वर बदल दिए हैं, वैसे भी सेब उत्पादन में आने वाली लागत और उसके प्रबंधन पर काफी ज्यादा पैसा खर्च हो रहा है, जो छोटे बागवानों की कमर तोड़ रहा है और उसका जीवन कर्जों की बैसाखियों पर चलने को विवश है। अब देखना यह होगा कि विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस सरकार इस ज्वलंत मुद्दे पर क्या फैसला लेती है और किस तरह से इस संदर्भ में किसान बागवान संगठनों सहित किसानों- बागवानों का दर्द दूर करती है?

### मारा गया कुलभूषण जाधव को अगवा कराने वाला मुफ्ती



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। मुफ्ती को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद की थी। शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई गोलियां मारी। अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# चंबा-पठानकोट एनएच पर कार खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत

## तीन घायलों को टांडा किया रेफर, सभी लोग जम्मू के कठुआ जिले के रहने वाले

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा**-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक भीषण हादसा पेश आया है। तुनुहट्टी के पास केरू पहाड़ के नजदीक एक कार खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले थे। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, हिमाचल व जम्मू की सीमा



के साथ सटे गांव बेही डेडरा, जिला कठुआ से एक ही परिवार के 5 लोग कार से वाया खैरी होते हुए पंजाब के दुनेरा में दवाई के लिए रवाना हुए थे। जब इन लोगों का वाहन केरू पहाड़ के पास पहुंचा, तो चालक ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर करीब 300 फुट गहरी खाई में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस दल व प्रशासन के कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन खाई में गिरी कार तक पहुंचने का रास्ता न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटनास्थल पर ही बच्चे और व्यक्ति की मौत हो गई थी। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल ले जाते हुए एक महिला की भी मौत हो गई।

### विकास लगरपुरिया गैंग का शार्प शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने विकास लगरपुरिया गिरोह के वांछित शार्प शूटर अमित (32) उर्फ मिट्ठा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित हत्या के प्रयास मामले में वांछित था और उस पर कई गंभीर अपराधों में शामिल होने का आरोप है। वह रोशनपुरा, नजफगढ़ का निवासी है और उसे द्वारका सेक्टर-23 के पास से पकड़ा गया। अमित के पास से 0.32 बोर की देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अमित दिल्ली-एनसीआर में लूट, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन सहित आठ से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# सीएम सुक्खू ने ओकओवर में रहकर बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को ओकओवर में रहकर रणनीति बनाई। दिनभर मंत्रिमंडल के सहयोगी व विधायक और नेता उनसे मिलते रहे।

विधानसभा सत्र को देखते हुए ज्यादातर मंत्री और विधायक शिमला पहुंच चुके हैं, जो नहीं पहुंचे हैं, वे सोमवार सुबह तक पहुंच जाएंगे। 11 बजे के आसपास कांग्रेस विधायक दल की बैठक रखी है। राज्य अतिथि गृह पीटरहाफ में सभी पार्टी विधायक जुटेंगे और विपक्षी दल भाजपा की आक्रामक शैली को देखते हुए बचाव करने की रणनीति बनाएंगे। बजट सत्र से पहले ही भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर अपने तल्ख तेवर दिखाने की हुंकार भर दी है, जिससे निपटने के लिए सीएम सुक्खू को अपने करीबियों के साथ अपने सरकारी आवास में गंभीर मंथन करते दिखे। इसमें उनके करीबियों के अलावा उनके खासमखास नेता भी शामिल रहे, जो सत्र से पहले की चर्चा में शामिल हुए। कई फैसले हैं, जो कांग्रेस सरकार को बैकफुट पर धकेल सकते हैं, इसलिए फ्रंटफुट पर उसका सामना करने की योजना तैयार की गई है।

### रोहित-गिल की जोड़ी कमाल



दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 251 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज एवं कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली। रोहित ने 41 गेंद में फिफ्टी लगाई और 83 गेंदों में 76 रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा का शुभमन गिल ने भी बखूबी साथ दिया।

# तेलंगाना टनल हादसा : एक मजदूर का शव बरामद

## मशीन में फंसी थी डेडबॉडी; 7 अन्य की तलाश जारी, रेस्क्यू में रोबोट का भी लिया सहारा

एजेंसी, नागरकुर्नूल

**तेलंगाना** टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। बॉडी मशीन में फंसी हुई है। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। 7 मार्च को स्निफर डॉग्स (खोजी कुत्ते) को टनल में ले जाया गया था।

रेस्क्यू ऑफिसर ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। शनिवार को सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां पर जमा



मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मजदूरों की तलाश में 525 कर्मी लग हुए हैं। राज्य के नागरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था। इस वजह से अंदर काम कर रहे 8 मजदूर फंस गए थे। राज्य सरकार ने कहा था कि उनके बचने की संभावना बहुत हम है, लेकिन हम हरसंभव प्रयास करेंगे।

**5 साल पहले दी थी चेतावनी कोई एक्शन नहीं लिया**

2020 में एमबर्ग टेक एजी नाम की कंपनी ने टनल का सर्वे किया था। कंपनी ने टनल में कुछ फॉल्ट जोन और कमजोर चट्टानों के खतरे को लेकर अलर्ट किया था। सर्वे रिपोर्ट टनल बनाने वाली कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को भी दी गई थी।

मंजूरी

## धार्मिक पर्यटन को उभारने की कवायद तेज; आधारभूत सुविधाएं भी होंगी मजबूत, धनराशि की स्वीकृत

# चिंतपूर्णी मंदिर का 56.67 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को मजबूत करने की कवायद चल रही है। धार्मिक पर्यटन के पथ पर मंदिरों के सौंदर्य को निखारा जा रहा है। श्रद्धालुओं की आधारभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अधोसंरचना को उन्नत कर श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं देने की कोशिशें हो रही हैं।

ऊना जिले में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 56.67 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसमें आधारभूत सुविधाएं भी शामिल है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों की अनुपालना करते हुए यह धनराशि स्वीकृत की गई है, ताकि राज्य में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। स्वीकृत धनराशि का उपयोग लिफ्ट की सुविधा सहित अत्याधुनिक कतार परिसर (क्यू कांप्लेक्स), स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और मंदिर परिसर में सीसीटीवी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा एक प्लास्टिक श्रेडर और ठोस कचरा पुनर्चक्रण एवं प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर में प्रभावी तरीके से कचरे का निपटान कर, मंदिर परिसर में स्वच्छता रखी जाएगी।



### श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाया जाएगा

**श्रद्धालुओं** की सुविधा के लिए उपयुक्त संकेत चिन्ह और स्थानीय दुकानदारों के लिए दुकानें निर्मित की जाएंगी। इन नवाचार पहलों का उद्देश्य मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के समग्र अनुभव को और बेहतर बनाना है, ताकि राज्य की वित्तीय हालत में भी सुधार लाया जा सके।

### पर्यटन के नए आयाम होंगे स्थापित

राज्य में धार्मिक पर्यटन को नए आयाम प्रदान करने के लिए अधोसंरचना को उन्नत कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर उत्तर भारत का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है और इस शक्तिपीठ में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं। यह सुविधाएं श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।



## न्यूज ब्रीफ

### स्नेक मैन माथुर ने कुएं से निकाले दो सांप



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्नेक मैन के नाम से मशहूर माथुर धीमान ने सुजानपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर ऊना जिले की गगरेट तहसील के अंतर्गत आने वाले एक गांव में पहुंचकर करीब 40 फीट गहरे कुएं से दो सांप निकालकर लोगों को सुरक्षित किया है। माथुर धीमान ने कहा कि सूचना मिली थी कि परिवारजनों ने सोलर प्लांट लगाने के लिए स्थान चिह्नित किया था, जिसके लिए पानी की आवश्यकता थी लेकिन जो पुराना कुआं था, उसमें जब पानी निकालने के लिए मोटर फिट करने लगे तो भीतर दो सांप दिखाई पड़े। इसके बाद माथुर ने कुएं में रस्सी के सहारे उतरे और दोनों सांप पकड़कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल कर पर्यावरण के हवाले किया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर भविष्य में कहीं भी किसी को सांप काट ले तो झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े। निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपना इलाज करवाएं।

### मलेर कोटला के रजाक ने जीता बरड़ा दंगल



**सुनील कुमार, हमीरपुर।** कुश्ती दंगल हमारी संस्कृति की प्राचीन पहचान है। इस परंपरा को कई विख्यात संस्थाओं ने आगे बढ़ाने का काम किया है। कुश्ती बलशाली लोगों का गहना मानी जाती है। यह बात समाजसेवी भगवान दास ने जोलसप्पड़ पंचायत के बरड़ा में आयोजित कुश्ती दंगल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। कुश्ती दंगल में हिमाचल के अलावा हरियाणा के अलावा दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित कई अन्य राज्यों के सैकडों नामी पहलवानों ने अपना लोहा मनवाया। दंगल में बड़ी माली प्रसिद्ध पहलवान मलेर कोटला के रजाक व चंबा के पहलवान रसीद के मध्य हुई, जिसमें पहलवान रजाक विजेता व रशीद उपविजेता घोषित किए गए। कमेटी सदस्यों ने विजेता रजाक को 10,000 रुपए और उपविजेता रशीद को 8,100 रुपए नगद की राशि दी। वहीं छोटी माली हमीरपुर के हैप्पी और मंडी के मिंटू के बीच हुई। जिसमें हमीरपुर के हैप्पी को विजेता घोषित किया गया। जबकि मिंटू उपविजेता रहे। विजेता को कमेटी सदस्यों द्वारा 4,100 और उपविजेताओं को 3,100 रुपए की राशि बतौर इनाम के तौर पर दी गई। अनंत ज्ञान

### डीएवी भड़ोली में सीबीएसई कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में मिडल और सीनियर विंग के शिक्षकों के लिए रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच कौशल विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की देखरेख में हुई। विषय विशेषज्ञ स्नेह लता और सुखप्रीत सिंह ने आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दूसरे दिन के अंत तक शिक्षकों ने एक गतिशील बौद्धिक ढांचा बनाने के लिए आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच को संयोजित करने का उपयोग सीखा, जिससे व्यक्ति विश्लेषणात्मक कठोरता और कल्पनाशील स्वभाव दोनों के साथ चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सकें। इस कार्यशाला के दौरान सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रश्न पूछे, और एक -दूसरे के साथ अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। अंत में प्रिंसिपल ने रिसोर्स पर्सन धन्यवाद किया।

# 25 साल से कुछ दुकानदारों ने किराये पर मारी कुंडली

## पंचायत समिति हमीरपुर को हर साल हो रहा लाखों का नुकसान, अब दुकानों की सरकारी रेट पर की जाएगी असेस्मेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**पंचायत** समिति हमीरपुर की तकरीबन दो दर्जन दुकानें किराये के हेर-फेर में ऐसी फंसी हुई हैं, जिस कारण समिति को हर साल लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। कारण यह है कि कई ऐसे भी किराएदार हैं, जो पिछले 25 साल से किराया नहीं दे रहे हैं और जो किराया दे रहे हैं उनका किराया बहुत कम है। कुछ दुकानों की बोली अब होने वाली है, लेकिन असलियत यह है कि लापरवाही की वजह से किराएदारों ने समिति को किराया देना ही बंद कर दिया है।

शहर के मुख्य बाजार में स्थित इन दुकानों की यदि बोली हो जाए, तो समिति के राजस्व में सालाना लाखों रुपए का फायदा होगा। लेकिन इसकी जहमत उठाएगा कौन? ब्लॉक ऑफिस के पास से इन दुकानों का किराया शुरू होता है। यहां कुछ दुकानों का किराया 4000 रुपए तय किया गया है, लेकिन वास्तव में वह दुकानें व्यापारिक दृष्टि से कई गुणा ज्यादा किराये की वसूली की हकदार हैं। मुख्य बाजार में भी कई दुकानें हैं, लेकिन कुछ दुकानदार इनका 600 रुपए किराया भी नहीं दे रहे हैं। बता दें कि आज की मार्केट वैल्यू के हिसाब से कई गुणा ज्यादा होगा। लेकिन पंचायत समिति अपनी इस प्रॉपर्टी को संभालने में असरदार साबित नहीं हुई है। जवाबदेही से उसने मुंह फेर के रखा है। नहीं तो लाखों रुपए की इनकम हर महीने होती।

सूत्रों के मुताबिक अब समिति ने दुकानों की असेस्मेंट सरकारी रेट पर करने के लिए जिम्मेदारी उठाई है। इस पर अमलीजामा कब पहनाया जाएगा इसकी अभी कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा होता है तो किराये में अच्छी खासी बढ़ोतरी होगी। क्योंकि जहां पर इन दुकानों का किराया केवल नाममात्र है, वहां से कई गुणा ज्यादा किराये पर दुकानें चढ़ी हुई हैं।

### कुछ दुकानों की बोली 16 मार्च को

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**डांग** कवाली के मुहाने पर स्थित कुछ दुकानों की बोली 16 मार्च को तय की गई है। समिति इन्हें नीलामी के जरिए किराये पर देगी। अब देखना है कि यदि इन दुकानों की बोली अच्छी खासी होती है, तो शहर की अन्य दुकानों की बोली क्यों नहीं हो सकती। क्योंकि यह संपत्ति संबंधित किराएदारों को ना तो लीज पर दी गई है और ना ही बेची है। इसलिए किराया तो समय के लिहाज से अदला-बदली करके फिक्स होना ही चाहिए।

> **कुछ** दुकानदारों को नोटिस भेजे गए हैं उसके जवाब आ रहे हैं, लेकिन कुछ पुराने रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं, जिसकी जांच की जा रही है। 25 साल से कई लोगों ने किराया ही नहीं दिया है और कुछ दुकानों का किराया 4000 तय किया गया है। अब तमाम दुकानों की असेस्मेंट किराये के लिए करवाई जाएगी। उसी हिसाब से बोली लगाई जाएगी। सरकारी प्रॉपर्टी है, लेकिन आज तक ऐसे कैसे होता रहा, इस पर हैरानी हो रही है। कुछ किराएदार एफिडेविट बनवा रहे हैं, ताकि उनका किराया सिस्टम से चलाया जा सके।



**हरीश शर्मा, अध्यक्ष, पंचायत समिति हमीरपुर।**

### चरस मामले में एक और युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गलोड।** पुलिस चौकी गलोड हेड कांस्टेबल सुनील राणा की अगुवाई में गत रात्रि टियालु से चरस मामले में एक और युवक गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निशांत शर्मा पुत्र देश राज शर्मा के रूप में हुई है। बता दें कि गलोड पुलिस ने 6 फरवरी को विक्रम सिंह को 317 ग्राम चरस के साथ दबोचा था। निशांत शर्मा के तार भी उसी केस से जुड़े हैं। पुलिस धीरे-धीरे नशेड़ियों तक पहुंच रही है। उधर, डीएसपी लालमन शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि निशांत शर्मा के लिंक 317 ग्राम भांग के साथ पकड़े विक्रम सिंह से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने गत रात्रि निशांत शर्मा को गिफ्तार किया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### महिलाओं को बताए अधिकार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत दाडला में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिला दिवस पर केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बारे चलाई जा रही योजनाओं के बारे बताया गया । ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा पंचायत में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सेल्फ हेल्प ग्रुपस को सम्मानित किया गया। पंचायत द्वारा की 80 वर्ष से ऊपर लगभग 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# खड्ड व नाले गंदगी-कचरे से लबालब

## हमीरपुर शहर और आसपास के गांवों में पानी मुहैया करवाने वाली पेयजल योजनाएं हो रही दूषित

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हमीरपुर** शहर और उसके आसपास खड्ड-नालों में चौतरफा कचरा और गंदगी फेली है। खड्ड और नाले इससे लबालब भर रहे हैं। इन तमाम खड्ड नालों का हुलिया मुकम्मल तौर पर बदल चुका है। इससे पेयजल योजनाएं भी दूषित हो रही हैं। शहर और आसपास के गांवों को पानी मुहैया करवाने वाली उठाऊ पेयजल योजनाएं भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस तरफ किसी का कोई ध्यान नहीं है। न ही पंचायतें, न ही उनके प्रतिनिधि और न ही जिला प्रशासन या फिर अन्य स्वयं सेवी संस्थाएं आगे आ रही हैं।

- **समस्या पर नहीं दे रहा कोई ध्यान**
- **खड्डों के किनारे बने सेप्टिक टैंक**

इन खड्डों-नालों में कचरा भरने का जो काम चल रहा है, यदि ऐसे ही जारी रहा, तो आने वाले थोड़े ही समय में इनका पानी मुकम्मल तौर पर दूषित हो जाएगा। अहम बात यह है कि इन्हें कैसे रोका जाए। ताकि पर्यावरण को भी नुकसान ना हो और इन नालों और खड्डों का पानी दूषित होने से बच जाए।





### हथली खड्ड के किनारे लगे कूड़े के ढेर

**शहर** की हथली खड्ड तो अब इससे मुकम्मल तौर पर भरने लगी है। कचरे के ढेर इस खड्ड के किनारों और बीच में आसानी से देखे जा सकते हैं। इसके अलावा जमाली धाम से निकलने वाली और डुग्गा के पास निकलने वाली छोटी खाद की हालत भी वैसी ही हो गई है। यह खड्ड इंडस्ट्रियल एरिया के पास पूरी तरह दूषित हो चुकी है। वहां पुल के आसपास खडा पानी अपनी दास्तां खुद बयां कर रहा है। जितनी गंदगी इस औद्योगिक क्षेत्र से निकलती है, वह इसी खड्ड में जाकर पहुंच रही है। बडू इलाके की गंदगी भी यहीं पर जाकर समा रही है। इसका पूरा पानी दूषित हो चुका है। गनीमत यह है कि एक योजना इसके ऊपरी इलाके में है जहां कुछ बचाव हो गया है। खड्ड किनारे कईयों ने तो सेप्टिक टैंक भी बना रखे हैं। लेकिन इन दोनों खड्डों के नीचे कुनाह खड्ड पड़ती है और यह दोनों उसी में जाकर मिलती हैं। उस पर एक साथ कई पेयजल योजनाएं हैं। असल समस्या यही है कि उनका पानी पीने लायक कैसे रहेगा। जब इतनी भारी तादाद में हमीरपुर शहर के नालों की गंदगी और इन खड्डों का दूषित पानी उसमें मिलेगा।

### पंचायत प्रतिनिधि नहीं दे रहे कोई ध्यान

**असल** समस्या यह है कि नहीं तो संबंधित ग्राम पंचायतें और उनके प्रतिनिधि इस तरफ ध्यान दे रहे हैं और ना ही शहर और इसके आसपास की स्थिति पर नजर रखने के लिए पॉल्यूशन विभाग नजरें क्यों चुरा रहा है इस पर भी सवाल हैं।

### प्रशासन को करना चाहिए समस्या के हल का प्रयास

**प्रशासन** को निश्चित रूप में इस स्थिति से निपटने के लिए अभी से प्रयास करने चाहिए। और इन की गंदगी को साफ करने इन्हें बेहतर स्थिति में लाने के लिए अभी से प्रयास कर देने चाहिए। ताकि इनकी खूबसूरती और पर्यावरण को बचाया जा सके।

### क्या कहते हैं जल शक्ति विभाग के एक्सईएन

**जल** शक्ति विभाग के एक्सईएन राजेश धीमान का कहना है कि समस्या तो है, लेकिन लोगों को भी इसमें सहयोग देना चाहिए। जिन खड्डों की हालत खराब हो रही है, उस क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख लोगों को भी आ गया आना चाहिए। ताकि इस कचरे से दूषित हो रही इन खड्डों को बचाया जा सके।

### कांग्रेस के पूर्व महासचिव ने प्रो. धूमल से सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बृज मोहन सोनी ने रविवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने धूमल के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सोनी ने कहा कि धूमल प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण रही और इसमें कई राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मुद्दों और जनता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



दोनों नेताओं ने राज्य के विकास से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की और कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। सोनी ने कहा कि राजनीति में मतभेद भले ही हों, लेकिन एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सद्भावना बनी रहनी चाहिए। उन्होंने धूमल के नेतृत्व को सराहा और कहा कि उनके अनुभव से प्रदेश को हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

### भोरंज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने पूर्व मुख्यमंत्री का लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**भोरंज** मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी नवगठित कार्यकारिणी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, और मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर भी उपस्थित थे।

इस मौके पर पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि धूमल ने कहा कि भाजपा ने प्रदेशभर में हर मंडल को दो भागों में बांटा है ताकि संगठन को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसमें देश के युवाओं से लेकर महिलाओं तक का विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नए और पुराने अनुभवी लोगों को मिलकर काम करना चाहिए। आने वाले समय में भोरंज सहित जिला हमीरपुर में हम भारतीय जनता पार्टी को और ज्यादा मजबूत करें जिससे हमारे विधानसभा और लोकसभा में हमारे विधायक और सांसद बने उसके लिए संगठन के लोगों को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

### अंब के चुरूडू में रास्ते पर गिरा व्यक्ति, मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंब थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूडू गांव के समीप स्थित रेन शेल्टर के पास 38 वर्षीय व्यक्ति की गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय कुमार पुत्र केवल सिंह, निवासी चुरूडू के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

- **पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

जानकारी के अनुसार अजय कुमार शनिवार को चुरूडू रेन शेल्टर के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक ठोकर लगने से वे संतुलन खो बैठे और गिर गए। गिरने के बाद अजय कुमार बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की कार्रवाई डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना के कारणों की जांच जारी है। इस दुखद घटना से चुरूडू गांव में शोक की लहर है और स्थानीय लोग मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

### भरेड़ी बाजार तक पहुंची एफडीआर मशीन बेलग से ताताहर सड़क जल्द होगी चकाचक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**उपमंडल** के तहत बस्सी से तताहर सड़क का विस्तारीकरण का कार्य एफडीआर मशीन से भरेड़ी पहुंच गया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि यह कार्य दो फेस में किया जा रहा है पहले बस्सी से भरेड़ी फिर भरेड़ी से तताहर सड़क के विस्तारीकरण व पक्का करने का कार्य किया जाएगा। भरेड़ी बाजार तक एफडीआर मशीन पहुंच गई है। अब बेलग से तताहर सड़क जल्द ही पक्का होगी। उसके बाद भरेड़ी से तताहर तक सड़क का कार्य किया जाएगा। हालांकि बस्सी से तताहर सड़क का कार्य उच्च गुणवत्ता से किया जा रहा है ताकि लोगों को अच्छी सड़कों की सुविधा मिल सके। नई तकनीक से बनने वाली इस सड़क का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने अगस्त 2024 में किया था।

बताते चलें कि तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। सड़कों के उखड़ने वाली सामग्री को फेंका नहीं जाएगा, बल्कि सड़क की उखाड़ी सामग्री, सीमेंट व कैमिकल का कंप्यूटराइज मिश्रण से सड़क का निर्माण होगा। इसके बाद 28 दिन सड़क वाहनों के लिए खुली रहेगी और उसके बाद एक पतली लेअर बिछाई जाएगी। जिससे ग्रामीणों को शीघ्र ही सड़क सुविधा मिलेगी।



> **एफडीआर** मशीन से सड़क का कार्य भरेड़ी तक पहुंच गया है। शीघ्र इसे पक्का किया जाएगा और जल्द हो तताहर तक भी सड़क उसी विधि से बनेगी।
>
> -प्रवीण शर्मा, कनिष्ठ अभियंता, लोक निर्माण विभाग भरेड़ी।

#### चंदरूही से जाहू व जोल सड़क के दोनों छोर मिले

**भोरंज** के विधायक सुरेश के प्रयासों से चंदरूही से जाहू व जोल सड़क के दोनों छोर मिल गए हैं। इस सड़क के बन जाने से लोगों को सुविधा मिलेगी और चंदरूही से जाहू की दूरी भी कम हो जाएगी। विभिन्न कस्वों भरेड़ी, चंदरूही, सुलगवांन इत्यादि में जाम से भी निजात मिलेगी।

### सरयाणा में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



*बड़सर। सरयाणा गांव में उर्मिला देवी के निवास पर श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर क्लश यात्रा निकाली गई। व्यास पंडित संजय शर्मा श्रीमद्भागवत महापुराण का महत्व ज्ञान वैराग्य से भक्तों को निहाल करेंगे।* अनंत ज्ञान

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन-7.0 का समापन

# अत्याधुनिक तकनीकी प्रोजेक्ट्स किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**सोसायटी** फॉर प्रमोशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स कल्चर (एसपीईसी), इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी हमीरपुर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित हैकाथॉन-7.0 का रविवार को शानदार समापन हुआ। इस 48 घंटे के नॉन-स्टॉप नवाचार, समस्या समाधान और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ इस इवेंट ने सफलता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

अंतिम दिन, प्रतिभागियों ने अपने अत्याधुनिक तकनीकी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। टीमों ने प्रात: 9:00 बजे तक सॉफ्ट सबमिशन और 9:30 बजे तक हार्ड सबमिशन पूरा किया। इसके बाद, प्रतिष्ठित जजों के एक पैनल द्वारा प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया गया। जज पैनल में मेघा अरोड़ा, शेखर पटेल, हिमांक वार्ष्णेय, सचिन झा, देवांश सूद, धीरज कुमार, अमन कुमार पोद्दार, और अश्मित गुप्ता शामिल थे। जजों ने प्रत्येक प्रोजेक्ट का नवाचार, व्यवहार्यता और तकनीकी निष्पादन के आधार पर बारीकी से मूल्यांकन किया।

मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, समापन समारोह का आयोजन एक भव्य और उत्सवपूर्ण माहौल में किया गया। समारोह की शुरुआत नाटी क्लब के सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ हुई, जिसने पूरे आयोजन को एक उत्सवी रंग दिया। इस अवसर पर प्रो. राजीवन चंदेल, डॉ. अश्विनी राणा (प्रमुख, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. संदीप कुमार सिंह और डॉ. रोहित धीमान जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं, जिन्होंने आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। अनंत ज्ञान



#### विभिन्न श्रेणियों में विजेता टीमों को किया सम्मानित

**सभी** विजेताओं को मुख्य आयोजकों अरुण कुशवाहा, अभिजय सिंह ठाकुर और जयनत शर्मा तथा संस्थान के गणमान्य शिक्षकों और अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट समस्या समाधान कौशल के लिए पुरस्कृत किया गया।

#### निदेशक एवं रजिस्ट्रार का संदेश

**संस्थान** के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने प्रतिभागियों और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हैकाथॉन नवाचार और क्रिटिकल थिंकिंग को प्रोत्साहित करने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करते हैं। छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और तकनीकी उत्कृष्टता अत्यंत सराहनीय है। रजिस्ट्रार, डॉ. अर्चना नानोटी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने में सहायक होते हैं। यह छात्रों को नवीनतम तकनीकों से जोड़कर उन्हें उपयोगी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। मैं सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देती हूं।

# मिड-डे मील वर्कर्स की दयनीय स्थिति को लेकर सीटू ने खोला मोर्चा

## 21 हजार मिड-डे मील वर्करों की हालत खस्ता, कई माह तक नहीं मिलता वेतन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



केंद्र सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी मई माह में हिमाचल प्रदेश में हड़ताल करने का निर्णय लिया है। सीटू ने प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की दयनीय स्थिति को देखते हुए यह कड़ा फैसला लिया है। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी की बैठक गुरदास वर्मा की अध्यक्षता में शिमला में संपन्न हुई।

सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व अन्य पदाधिकारियों ने संबोधन में बताया कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ मई महीने में हिमाचल में हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। इनके लिए मात्र 4500 रुपए प्रतिमाह वेतन घोषित किया गया है, जो कि कई-कई महीनों तक नहीं मिलता है।

वेतन की राज्य व केंद्र की हिस्सेदारी भी हर महीने अदा नहीं की जाती है। मजदूरों को कभी भी पूरा वेतन नहीं मिलता है। समय पर वेतन न मिलने से मिड-डे मील कर्मियों को अपना जीवनयापन करना बेहद मुश्किल हो रहा है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर प्रदेश उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने वर्ष 2019 व डबल बेंच ने वर्ष 2024 में फैसला दिया है कि मिड-डे मील कर्मियों को 10 महीने के बजाय 12 महीने का वेतन दिया जाए, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक इस फैसले को लागू नहीं किया गया है व इस मसले को माननीय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देकर अपनी मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। मिड डे मील कर्मियों को साल में एक भी छुट्टी नहीं दी जाती है। उन्हें एमरजेंसी, बीमारी व पारिवारिक कार्यक्रमों में छुट्टी करने पर अपनी जगह रिलीवर भेजना पड़ता है।

जिसकी पांच सौ से सात सौ रुपए की दिहाड़ी का खर्चा भी उन्हें खुद ही उठाना पड़ता है, जबकि उन्हें स्वयं अपने कार्य की दिहाड़ी रिलीवर को दी जाने वाली दिहाड़ी का एक चौथाई डेढ़ सौ रुपए ही दी जाती है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के लिखित आदेशों के बावजूद मिड-डे मील कर्मियों से किचन गार्डन, झाड़ियां काटने, साफ-सफाई, पानी की टंकियां साफ करवाने व अन्य कई तरह का अतिरिक्त कार्य करवाया जाता है, जिसका उन्हें कभी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### पहली तारीख को हो वेतन का भुगतान

**मिड-डे** मील कर्मियों को प्रतिमाह पहली तारीख को वेतन का भुगतान किया जाए। उन्हें वेतन स्लिप दी जाए, ताकि उन्हें अपने वेतन की सही जानकारी मिल सके। उन्हें आंगनबाड़ी की तर्ज पर एक साल में कम से कम 20 छुट्टियां व वर्दी दी जाए। उनसे चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को खाना बनाने का कार्य न करवाया जाए। यदि आवश्यक हो तो उन्हें इस कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। अन्य महिला कर्मचारियों की तर्ज पर रक्षाबंधन, करवाचौथ व भाई दूज की वेतन सहित छुट्टियां दी जाएं। साधारण अथवा क्लस्टर स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त मिड-डे मील कर्मियों की नियुक्ति की जाए।

# देशभर में बेहतर सेवाओं पर एचआरटीसी को मिले 4 पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




हिमाचल पथ परिवहन निगम की ओर से डॉक्टर मुरारी लाल (कार्यकारी निदेशक) तथा राजकुमार जरयाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली में भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व राज्यपाल डॉक्टर किरण बेदी से नई दिल्ली में एएसआरटीयू राष्ट्रीय सार्वजानिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 में चार श्रेणियों में पुरस्कारों से नवाजा है। मंडलीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम धर्मशाला पंकज चड्ढा ने बताया कि एसआरटीसी को पूरे भारत वर्ष में बेहतर बस सेवा पर पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्होंने कहा कि बड़े हर्षोल्लास और खुशी की बात है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम को दिल्ली में टायर प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार, डिजिटल लेन-देन के लिए रनरअप पुरस्कार, वाहन उपयोग के लिए रनरअप पुरस्कार तथा कर्मचारी उत्पादकता (पहाड़ी क्षेत्र) के लिए रनरअप पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

# नड्डा के दौरे पर अध्यक्ष पद की लालसा पालने वालों ने की परिक्रमा : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल दौरा प्रदेश भाजपाध्यक्ष पद हथियाने की दौड़ में शामिल नेताओं द्वारा उनकी परिक्रमा तक ही सीमित रहा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा में व्याप्त गुटबाजी के चलते राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेशाध्यक्ष पद पर किसी नेता की तैनाती नहीं कर पा रहा है। अध्यक्ष पद पर काबिज होने की लालसा में दिल्ली की दौड़ लगाते लगाते तमाम भाजपा नेताओं की सांसें फूलने लगी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के दौरान भी भाजपा के नेता इसी का जुगाड़ करते हुए नजर आए।

कौशल ने कहा कि अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं के लिए भाग दौड़ करने के साथ साथ प्रदेश भाजपा नेताओं को हिमाचल हित से जुड़े विभिन्न मसलों के विषय में भी अपने केंदीय नेताओं से बात करनी चाहिए। उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह केंद्र में उच्च पद पर होने के बावजूद प्रदेश हित के मसलों पर सहायता करने की बजाए राजनीति करते हैं।

# हरोली में नाबालिग युवती से दुराचार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महिला थाना ऊना के तहत उपमंडल हरोली के एक गांव में आठवीं कक्षा का पेपर देकर लौट रही 15 वर्षीय छात्रा से दुराचार का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उपमंडल हरोली के गांव में रह रहे प्रवासी व्यक्ति ने बताया कि बीती 5 मार्च को मेरी बेटी गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पेपर देने गई थी। वापस घर लौटते समय यूपी के सरवन कुमार ने उसके साथ गलत काम किया। पिता ने मामले को लेकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, युवती का मेडिकल कराया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बजट सत्र से पहले सीएम सुक्खू ने तारा देवी मंदिर में टेका माथा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने समर्थकों के साथ सुप्रसिद्ध मां तारा माता मंदिर में माता टेका। सोमवार से शुरू हो रहे सत्र को देखते हुए सुक्खू ने मां से सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने की विनती की और प्रदेश की लोगों की कल्याण के लिए मां के चरणों में शीश नवाया।

गौरतलब पहलू यह है कि सीएम सुक्खू किसी भी महत्वपूर्ण कार्य से पहले मां तारा माता के चरणों में शीश नवाते आए हैं, जिसका ताजा उदाहरण तब देखने को मिला, जब वह अपने समर्थकों के साथ माता तारा मंदिर गए और पूरे विधि-विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना की।

## सुक्खू ने किया अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने औचक निरीक्षण के तहत देर रात्रि छोटा शिमला से विली पार्क तक बनाई जा रही अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को डक्ट के निर्माण में विश्व स्तरीय गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार द्वारा शिमला में अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्टस के निर्माण पर 146.34 करोड़ रुपउ व्यय किए जा रहे हैं। इसके निर्माण से शिमला में आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी, साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण में भी मदद मिलेगी।

# हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 27 मई से शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड फेयरलांज, शिमला के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा विभागीय परीक्षाएं 27 मई से 4 जून तक आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित होना चाहते हैं, वे अपने ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से मानव संपदा पोर्टल पर 11 मार्च से 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों द्वारा किए गए आवेदन तभी मान्य होंगे, जब उन्हें संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष अभ्यर्थियों द्वारा किए गए आवेदनों को 22 अप्रैल तक अनुमोदित कर पाएंगे। इसके उपरांत विभागाध्यक्ष की विंडो स्वत: ही बंद हो जाएगी। परीक्षा की समयसारिणी व ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी हिप्पा की वैबसाइट *www.hipashimla.nic.in* पर उपलब्ध है।

**11 मार्च से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन**

उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं का आयोजन 27 मई से 4 जून तक जारी समयसारिणी अनुसार राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पेपर नंबर-1 'वित्तीय प्रशासन' में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए इस पेपर का आयोजन बोर्ड द्वारा मंडी तथा धर्मशाला केंद्रों में भी किया जाएगा। निर्धारित परीक्षा तिथियों में अपरिहार्य कारणों से संशोधन भी किया जा सकता है। यह विभागीय परीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार/नायब तहसीलदार, भारतीय वन सेवा/हि.प्र. वन सेवा तथा अन्य सभी राजपत्रित अधिकारी और पात्र अराजपत्रित अधिकारी, (अधीक्षक वर्ग-2 और वरिष्ठ सहायक) तकनीकी व गैर-तकनीकी, आबकारी एवं कराधान विभाग के आबकारी और कराधान निरीक्षक, परिवहन विभाग के अधिकारी/पात्र कर्मचारी आदि के लिए आयोजित की जाएगी।

कहानी-38

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# पर्यावरण से प्रेम : पराहु में नहीं काटे जाते हरे-भरे पेड़

## प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए मशहूर गांव पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र





गोपाल कपिल
झंडूता

'बिलासपुर जिले के तहत आने वाला झंडूता विधानसभा क्षेत्र का पराहु गांव पर्यावरण संरक्षण की अनूठी परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां के लोग हरे पेड़-पौधों को देव तुल्य मानते हैं और उनकी अंधाधुंध कटाई नहीं करते। जब भी किसी को लकड़ी की जरूरत होती है, तो सूखे या गिरे हुए पेड़ों का ही उपयोग किया जाता है। गांव में पौधरोपण को विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व दिया जाता है। यह गांव अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए जाना जाता है।

चारों ओर फैले घने जंगलों, शांत जल स्रोतों और हरी-भरी पहाड़ियों के कारण यह गांव पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र भी है।

### वृक्षों से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान

**गांव** में साल में एक बार वृक्ष पूजन का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी ग्रामीण भाग लेते हैं। शादी के बाद नवविवाहित जोड़े एक पौधा रोपते हैं, जिसे उनके वैवाहिक जीवन की सफलता का प्रतीक माना जाता है। खासकर हरियाली तीज, बसंत पंचमी और विश्व पर्यावरण दिवस पर पूरे गांव में पौधरोपण किया जाता है।

### औषधीय पौधों से आय

**पराहु** गांव के जंगलों में कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं, जिनका उपयोग जड़ी-बूटी उद्योग में होता है। ग्रामीण इनका संग्रहण कर विभिन्न कंपनियों को बेचते हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय होती है।

### पर्यावरण संरक्षण की चुनौतियां और समाधान

**हालांकि,** पराहु गांव में वृक्षों की कटाई पर सख्ती से रोक है, फिर भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण गांव के कुछ प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे सूख रहे हैं। इसके समाधान के लिए पौधरोपण और जल संरक्षण अभियान चलाए जा रहे हैं।

### गांव पर बढ़ती आबादी का दबाव

**गांव** की आबादी बढ़ने से जंगलों पर दबाव बढ़ा है। इसका समाधान यह निकाला गया है कि हर परिवार के लिए वर्ष में कम से कम 5 नए पेड़ लगाना अनिवार्य किया जाए।

### अन्य गांवों के लिए प्रेरणा

**पराहु** गांव की यह अनूठी परंपरा अन्य गांवों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। यदि हर गांव में सामूहिक निर्णय और कठोर नियमों के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए, तो जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई की समस्या को रोका जा सकता है।

### कई लोगों ने लगाए आम के पौधे



शमशेर सिंह

**पराहु** गांव के प्रगतिशील किसान शमशेर सिंह ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आम की बागवानी को अपनाया है। पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्होंने आम के बाग लगाए, जिससे हर सीजन में उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है। सुभाष का कहना है कि सही देखभाल और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से आम की पैदावार बढ़ाई जा सकती है। उनका आम बाग न केवल उनकी आय का स्रोत बना है, बल्कि अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रहा है। सुभाष ने सरकार की कृषि योजनाओं और अपने अनुभव का लाभ उठाकर इस दिशा में सफलता प्राप्त की है।

### जगदीश मशरूम की खेती से कमा रहे लाखों



जगदीश कुमार

**गांववासी** जगदीश कुमार कहना है कि सिंचाई के अभाव के कारण मैं दूसरी खेती छोड़कर मशरूम की खेती कर रहा हूं। जगदीश मशरूम उत्पादन कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। उन्होंने सरकारी प्रशिक्षण लेकर इसकी आधुनिक तकनीक सीखी और छोटे स्तर से शुरुआत की। अब वे बटन व ऑयस्टर मशरूम का उत्पादन कर स्थानीय व बाहरी बाजारों में बेच रहे हैं। उनके फार्म से कई युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है।

### बीरबल सिंह सड़कों की हालत पर चिंतित



बीरबल सिंह

**बलघाड** पंचायत के भूतपूर्व सैनिक बीरबल सिंह ने पराहु गांव की सड़कों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भल्लू से पराहु गांव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हालत में है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है।

### कारगिल योद्धा ने उठाई मार्गदर्शन केंद्र की मांग



शेर सिंह

**शेर सिंह,** जिन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया था, का कहना है कि उनके गांव के कई युवा आज देश सेवा कर रहे हैं। इस छोटे से गांव से कई नौजवान भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस में भर्ती होकर राष्ट्र की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। वीरबल सिंह ने सरकार से गांव में युवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं और मार्गदर्शन केंद्र खोलने की मांग भी की।

### ओंकार सिंह बोले-सुधरे सड़क की हालत



ओंकार सिंह

**पूर्व** उपप्रधान ओंकार सिंह ने बताया कि गांव में सड़क सुविधा न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव तक पहुंचने वाले लिंक रोड जर्जर हालत में हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। बरसात के दौरान सड़कें कीचड़ में बदल जाती हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को दिक्कत होती है।

# नयना देवी में एक निजी गेस्ट हाउस में व्यक्ति का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** बिलासपुर में श्री नयना देवी क्षेत्र के एक निजी गेस्ट हाउस में पंजाब के एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई है कि मृतक की मौत चिट्टे की ओवरडोज से हुई है। घटना के बाद गेस्ट हाउस में रुका दूसरा व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जिसके बारे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना कोट कहलूर के तहत आने वाले इस गेस्ट हाउस में यह घटना घटी। गेस्ट हाउस में दो व्यक्ति रुके हुए थे, जिनमें से एक व्यक्ति मृत पाया गया। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम को भी बुलाया गया। शव की तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक सीरिंज और एक सुई बरामद हुई, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने चिट्टा (हेरोइन) लिया था। मृतक की पहचान सोमनाथ (50) के रूप में हुई है, जो क्वालिटी चौक प्रीत नगर डाकघर शिमलापुरी जिला लुधियाना का निवासी था।

# बद्दी में देह व्यापार का भंडाफोड़, गुल्लरवाला में एक भवन से 11 महिलाएं रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत गुल्लरवाला में पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस दौरान 11 महिलाओं को रेस्क्यू किया और एक महिला सहित गिरोह के सात लोगों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार देर शाम गुल्लरवाला में एक किराए की बिल्डिंग में दबिश दी और देह व्यापार का पर्दाफाश किया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुल्लरवाला स्थित एक बिल्डिंग में देह व्यापार करवाया जा रहा है। इस शिकायत पर एसपी बद्दी विनोद के निर्देशों पर एसएचओ बद्दी के नेतृत्व में शनिवार देर शाम गुल्लरवाला स्थित किराये की इमारत में छापा मारा और 11 महिलाओं को रेस्क्यू किया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी महिला व सात अन्यों के खिलाफ बद्दी थाना में मुकदमा दर्ज किया है।

**राजनीति**

## रणधीर शर्मा और त्रिलोक जम्वाल ने रामलाल ठाकुर व बंबर ठाकुर के आरोपों पर किया पलटवार, बोले-

# कांग्रेस नेता चाहते ही नहीं थे कि बिलासपुर में बने एम्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर लगाए गए आरोपों को लेकर पार्टी के विधायकों ने आक्रामक ढंग से पलटवार किया है।

नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा और सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने एम्स के शिलान्यास को रेत-बजरी के पूजन की नौटंकी करार दिया था, जबकि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने इसके उद्घाटन पर प्रधानमंत्री मोदी को काले झंडे दिखाने की अनुमति मांगी थी। जाहिर है कि कांग्रेस के नेता चाहते ही नहीं थे कि बिलासपुर में एम्स बने। बेहद कम समय में एम्स की सफलता को वे लोग पचा नहीं पा रहे हैं। उनकी बयानबाजी से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के बावजूद उन्हें पूछा तक नहीं जा रहा है। यही वजह रही कि आपस में छत्तीस का आंकड़ा रखने वाले इन नेताओं को हाथ मिलाने का दिखावा करने पर मजबूर होना पड़ा है।



रणधीर शर्मा



त्रिलोक जम्वाल

रणधीर शर्मा और त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि नड्डा जब भी बिलासपुर आते हैं तो वह अपने गृह जिला को हमेशा कोई न कोई बड़ी सौगात देकर जाते हैं। कोठीपुरा में रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुए एम्स का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी, जेपी नड्डा और सांसद अनुराग ठाकुर को जाता है। कांग्रेस का इसमें कोई योगदान नहीं है। वीरभद्र सरकार के समय तो केवल इसमें अड़ंगे अटकाने का काम किया गया। दो दिन पहले बिलासपुर आए नड्डा ने जहां लगभग 25 करोड़ की लागत से स्थापित पैट सीटी व स्पैक्ट सीटी स्कैनर का शुभारंभ किया, वहीं 30 करोड़ से रीजनल वीआरडीएल, 13.57 करोड़ से विश्राम सदन, देश की 225वीं अमृत फार्मेसी तथा 4.90 करोड़ से बनने वाले इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास भी किया।

इन सुविधाओं से बिलासपुर व हिमाचल के अन्य जिलों के साथ ही पड़ोसी राज्यों के लोग भी लाभांवित होंगे। बिलासपुर में एम्स के तेजी से हो रहे विकास व विस्तार से कांग्रेस नेता बौखला गए हैं। बौखलाहट में आधारहीन बयानबाजी करके वे जनता के बीच हंसी के पात्र बन रहे हैं।

### पूर्व मंत्री ने बंबर ठाकुर पर लगाया था 200 करोड़ घोटाले का आरोप

**रणधीर** और त्रिलोक ने कहा कि पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर खनन, वन व नशा माफिया को संरक्षण देने के साथ फोरलेन में लगभग 200 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था। एक-दूसरे को फूटी आंख तक नहीं सुहाने वाले इन दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से छत्तीस का आंकड़ा चल रहा है। अब दोनों एक सुर में नड्डा पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने जेपी नड्डा पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाने के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों के बारे में भी भ्रामक प्रचार किया है। या तो उन्हें इन आरोपों के प्रमाण देने चाहिए, या फिर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

# मोटापा बन सकता है खतरनाक बीमारियों का कारण

देश में बढ़ती मोटापे की समस्या को लेकर हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में चिंता जता चुके हैं। मोटापा कई जानलेवा बीमारियों की वजह बनता जा रहा है। मोटापे से बचने के लिए या इसे दूर करने के लिए जरूरी है कि लाइफस्टाइल में कुछ आवश्यक सुधार किए जाएं। मोटापा खासकर बच्चों में खराब डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से एक महामारी की तरह फैल रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक साल 2016 में दुनियाभर में लगभग 4.1 करोड़ बच्चे, जिनकी आयु 5 वर्ष से कम थी, मोटापे से जूझ रहे थे। इन बच्चों में ज्यादातर शहरी इलाकों में रहने वाल बच्चे शामिल थे। मोटापा कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का रिस्क फैक्टर्स है, जिससे बचाव करने में ही भलाई है। डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मोटापे से बचा जा सकता है और इसे कम भी किया जा सकता है। इसके लिए लाइफस्टाइल में कई जरूरी बदलाव करने की जरूरत पड़ेगी।



### दिल की बीमारियां और डायबिटीज

**मोटापा** दिल की बीमारियों का जोखिम कई गुणा बढ़ा देता है। मोटापे की वजह से ब्लड प्रेशर और सूजन बढ़ने लगता है और ये दोनों ही फैक्टर्स दिल की बीमारियों को आमंत्रण देते हैं। साथ ही मोटापे की वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ जाता है, जिसके कारण आर्टरीज ब्लॉक हो सकती हैं और हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए मोटापे की वजह से बच्चों में दिल की बीमारियों का खतरा काफी अधिक होता है। मोटापा डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। जो बच्चे मोटापे की चपेट में होते हैं, उनमें डायबिटीज का खतरा काफी बढ़ जाता है। डायबिटीज में शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है, जिसके कारण शरीर के अन्य अंग, जैसे आंखें, लिवर, किडनी, नर्व्स आदि को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही, मोटापे की वजह से सूजन भी बढ़ती है, जिसके कारण इंसुलिन सेंसिटिविटी प्रभावित होती है।

**हड्डियों से जुड़ी परेशानियांः** मोटापे की वजह से बच्चों के जोड़ों और हड्डियों पर काफी दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से आर्थराइटिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण अक्सर चलन-फिरने में तकलीफ और हड्डियों में अकड़न की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, मोटापे के कारण विटामिन डी की कमी भी हो सकती है, जो हड्डियों और मांसपेशियों की कमजोरी की वजह बन सकता है।

### मोटापे से बचाव

**वरिष्ठ** चिकित्सक डॉ एन.के गुप्ता का कहना है कि बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करें। कोशिश करें कि आपका बच्चा टीवी और कंप्यूटर के सामने कम समय बिताए और फिजिकल एक्टिविटीज करे। उनकी डाइट का खास ख्याल रखें। इसके लिए उन्हें सब्जियां, फल, साबुत अनाज, दही आदि शामिल करें। इसके अलावा, उन्हें बाहर का जंक और प्रोसेस्ड फूड कम से कम खिलाएं और नमक व शुगर की मात्रा भी कम करें। एक्सरसाइज करने की आदत डलवाएं। कोशिश करें कि आपका बच्चा रोज कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करें। इसके लिए आप उन्हें जॉगिंग, रनिंग, स्विमिंग और योग आदि करवा सकते हैं। इससे उनकी स्ट्रेंथ भी बढ़ेगी। अगर हेल्दी लाइफस्टाइल के बावजूद बच्चे का वजन कम नहीं हो रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

# साइलेंट किलर है हाइपरटेंशन, सुधारें दिनचर्या



**भाग दौड़ वाली जिंदगी में घर हो या बाहर, चिंता, परेशानी व गुस्सा हमारे दिल दिमाग व शरीर के दूसरे भागों को भी प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में लोग हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। इसे आम भाषा में हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन कहते हैं। इसे मेडिकल साइंस में साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। पहले यह माना जाता था कि यह समस्या उम्रदराज लोगों में ही होती है, लेकिन बदलते माहौल में यह समस्या बच्चों व युवाओं में भी बढ़ती जा रही है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 17 मई को हाई ब्लड प्रेशर डे मनाया जाता है।**

**ब्लड प्रेशर :** ब्लड प्रेशर वह माप है जो आपका हृदय आपके पूरे शरीर में रक्त पंप करने के लिए उपयोग करता है. ब्ल्ड प्रेशर को पारा के मिलीमीटर (एमएमएचजी) में मापा जाता है और इसे 2 आंकड़ों के रूप में दिया जाता हैः

**सिस्टोलिक दबाव :** वह दबाव जब आपका हृदय रक्त को बाहर धकेलता है और डायस्टोलिक दबाव : वह दबाव जब आपका दिल धड़कनों के बीच आराम करता है. उदाहरण के लिए, यदि आपका ब्लड प्रेशर 140 बटा 90 या 140/90 एमएमएचजी है, तो इसका मतलब है कि आपका सिस्टोलिक दबाव 140 एमएमएचजी और डायस्टोलिक दबाव एमएमएचजी है।

***आइडियल ब्लड प्रेशर 90/60 एमएमएचजी और 120/80 एमएमएचजी के बीच माना जाता है. हाई ब्वड प्रेशर 140/90 एमएमएचजी या इससे अधिक माना जाता है और लो बल्ड प्रेशर 90/60एमएमएचजी से नीचे माना जाता है।***

***हाइपरटेंशन की समस्या संपूर्ण सेहत के लिए हानिकारक मानी जाती है। हृदय से लेकर किडनी, पाचन तंत्र, मस्तिष्क और आंखों पर भी इसका दुष्प्रभाव हो सकता है। हालांकि हाई ब्लड प्रेशर के कारण होने वाली समस्याओं में सबसे ज्यादा चर्चा हृदय रोगों की होती है। यह हृदय के लिए रक्त को पंप करने की समस्या से लेकर मांसपेशियों पर दबाव और गंभीर स्थितियों में हार्ट अटैक तक का कारण बन सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस प्रकार से हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उच्च रक्तचाप हृदय के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन जाता है। भारत में, हृदय रोगों का बोझ खतरनाक रूप से बढ़ा है।***

**ये हैं प्रमुख लक्षणः** सिरदर्द होना, ज्यादा तनाव, सीने में दर्द या भारीपन, सांस लेने में परेशानी, अचानक घबराहट, समझने या बोलने में कठिनाई, चेहरे, बांह या पैरों में अचानक सुन्नपन, झुनझुनी या कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, अनिद्रा जैसे लक्षण महसूस होते है।



डॉ. चिराग ठाकुर
मेडिकल ऑफिसर, आयुष
सिविल हॉस्पिटल रत्ती, मंडी

## क्यों होता है हाइपरटेंशन

- आनुवंशिकता, मोटापा, मोटापा उच्च रक्त चाप के साथ मधुमेह जैसी बीमारियों का भी जनक है।
- खेलकूद, व्यायाम एवं शारीरिक क्रियाओं में भाग न लेने से भी मोटापा आने लगता है, जिससे उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ता है।
- जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती है, रक्त नलिकाओं की दीवारें हार्ड होने लगती है, जिससे उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा होती है।
- अधिक नमक, अत्यधिक मात्रा में अल्कोहल, धूम्रपान एवं काफी का सेवन।
- हाई ब्लड प्रेशर से आंखों की समस्या हो सकती है। रोगी को आंखों की रोशनी कम होने लगती है, उसे धुंधला दिखाई देने लगता है। इसलिए ब्लड प्रेशर की समस्या में आंखों की नियमित जांच की सलाह दी जाती है।
- हाई ब्लड प्रेशर के कारण किडनी की रक्त वाहिकाएं संकरी या मोटी हो सकती है। इससे किडनी अपना काम ठीक से नहीं कर पाती व खून में दूषित पदार्थ जमा होने लगते हैं।
- हाई ब्लड प्रेशर में सबसे ज्यादा खतरा हृदय को होता है। जब हृदय को संकरी या सख्त हो चुकी रक्त वाहिकाओं के कारण पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता तो सीने में दर्द हो सकता है। ऐसे में अगर खून का बहाव रुक जाए तो हार्ट अटैक भी हो सकता है।
- हाई ब्लड प्रेशर में रोगी की याददाश्त पर असर हो सकता है, जिसे डिमेंशिया कहा जाता है। इसमें रोगी के मस्तिष्क में खून की आपूर्ति और कम हो जाती है। सोचने-समझने की शक्ति घटती जाती है।
- ब्लड प्रेशर के अधिक बढ़ने से दिमाग के खून की नालियां फट जाती हैं, जिससे लकवे की शिकायत हो सकती है।

## बचाव के तरीके

- नियमित व्यायाम करने से मेद यानी चर्बी कम होने लगती है, जिससे ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो जाता हैं।
- मोटापे को नियंत्रित करने के लिए मेदोनाशक औषधियों का सेवन करें।
- गहरी नींद सोने से तनाव मुक्त रहने से हम अपने वात पित्त व कफ तीनों को नियंत्रित कर इससे बच सकते हैं।
- उचित आहार लेने से उच्च रक्त चाप को नियंत्रित किया जा सकता है। आहार में लवण रस यानी कि नमक की मात्रा कम करके (एक दिन में 6 ग्राम से कम) इससे बचाव कर सकते हैं।
- अल्कोहल व धूम्रपान का त्याग करके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रख सकते हैं।
- आहार में केला, संतरा, नाशपाती, टमाटर, ताजी सब्जियों का इस्तेमाल करें ।
- प्राणायाम,नाड़ी शोधन, पद्मासन, विपरीतकरणी, श्वासन करें।
- मेडिटेशन रोजाना 20 मिनट
- चिकनाई या तैल वाला खाना कम मात्रा में खाएं।

*प्रस्तुति : अनिल शर्मा, मंडी*

# संतुलित जीवनशैली ही है स्वस्थ जीवन का आधार



**आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास अपने स्वास्थ्य के लिए जरा भी समय नहीं होता, अक्सर हम यह हमेशा भूल जाते हैं कि हमारा शरीर तभी सही से काम कर पाएगा, अगर यह पूरी तरह से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होगा। अक्सर देखा जाता है कि अगर मरीज को जीवनशैली में सुधार के लिए थोड़ा समय निकालने के लिए कहा जाए तो जवाब आता है कि डॉक्टर साहब दवाई ही दे दीजिए मेरे पास इतना समय नहीं होता। फिर दवाई पर दवाई बढ़ती जाती है और शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर सही से देखा जाए तो स्वस्थ शरीर के लिए कुछ खास समय देने की आवश्यकता नहीं होती, बस अनुशासनात्मक जीवनशैली और कुछ मूलभूत सिद्धांतों को अपनाना, आयुर्वेद में इसका उल्लेख दिनचर्या, ऋतुचर्या, विरुद्ध आहार तथा पथ्य और अपथ्य आदि के रूप में विस्तृत रूप से मिलता है। आयुर्वेद के अनुरूप कुछ मूलभूत सिद्धांतों के बारे में बताना चाहूंगा, जिसका अनुपालन करके व्यक्ति कुछ ही दिनों में अपने आप में स्वास्थ्य की दृष्टि से परिवर्तन महसूस करेंगे।**



वैद्य लोकेश ठाकुर
आयुर्वेदिक चिकित्सक
दीर्घायु क्लिनिक चुराग
करसोग, मंडी

## इन दिनचर्या का अनुसरण करें

◆ सूर्योदय से पहले हर हाल में बिस्तर छोड़ दे। ◆ 25 से 30 मिनट का रोजाना व्यायाम अपनी शारीरिक शक्ति अनुसार अवश्य करें। ◆ रोजाना शरीर पर नहाने से पहले 10 मिनट की तेल मालिश जरूर करें। ◆ जरूरत के हिसाब से भोजन करना, न बहुत ज्यादा न ही बहुत कम। विरुद्ध आहार खाने से बचना चाहिए। ◆ रात्रि का भोजन कम मात्रा में तथा जल्दी करें, इसके बाद कुछ भी खाने से बचें। ◆ रात्रि के भोजन तथा सोने में कम से कम 2 घंटे का अंतर अवश्य रखें। ◆ 10 बजे तक हर हाल में सोने की आदत डालें। ◆ सोने से पहले अपने दैनिक गतिविधियों का चिंतन अवश्य करें। ◆ 6 से 8 घंटे की नींद अवश्य लें।

# स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं ये टिप्स

**मनुष्य के खानपान और लाइफस्टाइल की खराब आदतें आज गंभीर बीमारियों की वजह बन रही हैं। ऐसी बीमारियों को ठीक करने के लिए दवाइयों के लिए अच्छे-खासे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। कई बीमारियों को तो इतने पैसे खर्च करने के बाद भी पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता। दवाओं से महज बीमारियों को कंट्रोल में ही रखा जा सकता है। देखने में आया है कि डायबिटीज़, मोटापा और बीपी और दवाइयों में अब और ज्यादा पैसे नहीं खर्च करना चाहते, तो यहां दिए जा रहे हेल्थ टिप्स को आज से भी शुरू कर दें।**





*डॉ. एसके नंदा*
*वरिष्ठ सर्जन, नंदा अस्पताल ऊना*

## रोजाना वर्कआउट करना जरूरी

**प्रतिदिन** आधे घंटे का समय जरूर वर्कआउट करने के लिए समय निकालें। इससे आप न सिर्फ बॉडी को फिट रख सकते हैं, बल्कि अपनी उम्र के भी कई साल बढ़ा सकते हैं। वर्कआउट का मतलब जिम जाकर घंटों पसीना बहाना नहीं होता, बल्कि घर के नॉर्मल कामकाज से भी आसानी से खुद फिट रहा जा सकता है। तो योग, रस्सी कूदना, पैदल चलना जैसी कई एक्टिविटीज हैं, जिनके लिए किसी भी तरह के इनवेस्टमेंट की जरूरत नहीं और इनके फायदे ही फायदे हैं।

## संतुलित डाइट लें

**कोलेस्ट्रॉल**, डायबिटीज, हार्ट प्रॉब्लम्स जैसी खतरनाक बीमारियों से बचे रहना चाहते हैं तो सबसे पहले अपनी डाइट से ऑयली, मसालेदार और जंक फूड को पूरी तरह से आउट कर दें। चीनी व नमक की मात्रा भी कम कर दें। सादा भोजन करें जिससे शरीर ही नहीं मन भी स्वस्थ रहता है और एक जो सबसे चीज़ फॉलो करना है, वो है खाने का समय निर्धारित करना।

## रोजाना धूप सेंकें

**सुबह** की धूप मनुष्य के शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन डी मिलता है जो हड्डियों की मजबूत बनाता है। इसके अलावा धूप सेंकने से कई तरह की स्किन समस्याएं भी दूर रहती हैं। और तो और सुकून भरी नींद के लिए भी धूप का सेवन जरूरी माना गया है क्योंकि इससे शरीर में मेलाटोनिन हॉर्मोन पैदा होता है जो अच्छी नींद के लिए जरूरी माना गया है और थोड़ी देर धूप में बैठने से स्ट्रेस भी दूर होता है।

प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना

## भरपूर मात्रा में पानी पीएं



**बॉडी** को हाइड्रेट रखने के साथ ही शरीर के कई जरूरी फंक्शन्स के लिए भी पानी बहुत जरूरी है। दिनभर में कम से कम 6 से 8 गिलास पानी जरूरी पीना चाहिए। गुनगुना पानी पीना और भी ज्यादा फायदेमंद होता है। इससे पाचन तो सही रहता ही है साथ ही मोटापा भी कंट्रोल किया जा सकता है। रोज सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से आपका पेट भी खराब नहीं होगा और फ्रेश फील होगा।

## आठ घंटे की नींद लें

**नींद** का मनुष्य जीवन में बहुत बड़ा रोल है शरीर और मन को स्वस्थ रखने में। सुकून भरी नींद आप दिनभर फ्रेश और एनर्जेटिक फील करते हैं। किसी काम पर फोकस कर सकते हैं। याद्दाश्त दुरुस्त रहती है और डाइजेशन भी सही रहता है। तो अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने के बाद मोबाइल, टीवी आदि का इस्तेमाल न करें तो बेहतर रहेगा।

# रोजाना आंवला खाने के फायदे ही फायदे

**आंवला अपने खट्टे स्वाद के लिए जाना जाता है। आंवले से मुरब्बा, अचार, जूस और भी कई चीजें बनाकर खाई या पी जाती हैं। यह न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि यह सुंदरता बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। आंवले में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अगर आप रोजाना एक आंवला खाते हैं तो इससे आप कई बीमारियों को अपने आसपास भटकने से रोक लेंगे।**

### पाचन तंत्र को बनाए बेहतर

आंवला खाने से पाचन तंत्र बेहतर होता है। इसमें फाइबर पाया जाता है। इससे कब्ज की समस्या से छुटकारा मिल जाता है।



### दिल की सेहत का रखे ख्याल

दिल को सेहतमंद बनाए रखने के लिए आंवला एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। आंवले में फाइबर और पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है। इसस ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है।


### इम्यून सिस्टम करे मजबूत

**आंवले** में विटामिन-सी और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसकी वजह से यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो ऑक्सीडेटिव डैमेज को कम करने में मदद करते हैं।

### स्किन पर लाए ग्लो

**आंवले** में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। ये स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इनसे स्किन के डार्क स्पॉट्स कम होते हैं और त्वचा ग्लोइंग नजर आती है।

# मूत्र मार्ग संक्रमण के लक्षण, कारण और उपचार



**मूत्र मार्ग संक्रमण मूत्र प्रणाली के किसी भी भाग में होने वाला संक्रमण है। मूत्र प्रणाली में गुर्दे (किडनी), मूत्रवाहिनी (यूरेटर), मूत्राशय (ब्लैडर) और मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा) शामिल होते हैं। अधिकतर संक्रमण निचले मूत्र मार्ग, यानी मूत्राशय और मूत्रमार्ग में होते हैं। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में मूत्र मार्ग संक्रमण होने का जोखिम अधिक होता है। यदि संक्रमण केवल मूत्राशय तक सीमित रहता है, तो यह दर्दनाक और असुविधाजनक हो सकता है, लेकिन यदि संक्रमण गुर्दों तक फैल जाता है, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।**

## मूत्र मार्ग संक्रमण के लक्षण

***हर बार संक्रमण होने पर लक्षण नहीं दिखते, लेकिन जब ये लक्षण प्रकट होते हैं, तो इनमें शामिल हो सकते हैंः***

❐ बार-बार और तीव्र मूत्र त्याग की इच्छा होना। पेशाब करते समय जलन या जलन जैसा महसूस होना। ❐ बार-बार थोड़ी मात्रा में पेशाब आना। पेशाब का रंग धुंधला दिखना। ❐ पेशाब का लाल, गुलाबी या कोला रंग का होना (जो पेशाब में खून की उपस्थिति का संकेत दे सकता है)। ❐ बदबूदार या तेज गंध वाला पेशाब। ❐ महिलाओं में श्रोणि क्षेत्र में दर्द, खासकर प्यूबिक बोन के आसपास। ❐ यदि संक्रमण गंभीर हो जाए या गुर्दों तक फैल जाए, तो बुखार, पीठ दर्द, ठंड लगना और उल्टी जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

## मूत्र मार्ग संक्रमण के कारण

***इसका सबसे आम कारण बैक्टीरिया होते हैं, विशेष रूप से ई-कोली। इसके अलावा, अन्य कारणों में शामिल हैं:***

**मूत्र मार्ग में रुकावटें :** जैसे गुर्दे की पथरी, जो मूत्र प्रवाह को बाधित कर सकती है।
**मूत्राशय पूरी तरह खाली न होना :** जैसे तंत्रिका क्षति या रीढ़ की हड्डी की चोटें होने पर।
**कैथेटर का उपयोग :** मूत्राशय से पेशाब निकालने के लिए डाली गई नली संक्रमण का कारण बन सकती है।
**मधुमेहः** यह शरीर की संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम कर देता है।
**पर्याप्त पानी न पीना :** डिहाइड्रेशन से पेशाब में बैक्टीरिया बढ़ सकते हैं।
**पेशाब रोककर रखना :** अधिक समय तक पेशाब रोकने से संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है।

## होम्योपैथिक उपचार और दवा

***होम्योपैथिक दवा से बार बार यूरीनरी इन्फेक्शन होनेकी समस्या को झड़ से मिटाया जा सकता है। होम्योपैथिक चिकित्सक व्यक्तिगत लक्षणों के आधार पर निम्नलिखित दवाएं सुझा सकते हैंः***

**Apis Mellifica**
❐ जब पेशाब करते समय जलन और डंक जैसा दर्द महसूस हो। ❐ लक्षण रात में और गर्मी से ज्यादा बढ़ते हैं। ❐ पेशाब करने की तीव्र इच्छा, लेकिन बहुत थोड़ी मात्रा में पेशाब आना।

**Aconitum**
❐ शुरुआती लक्षणों के लिए, विशेष रूप से जब पेशाब में अत्यधिक जलन हो। ❐ पेशाब करते समय जलन को गर्म अहसास की तरह महसूस किया जाता है।

**Berberis**
❐ जब पेशाब के दौरान जलन या चुभने वाला दर्द हो जो पेल्विस या पीठ तक फैल सकता है
❐ मूत्राशय में लगातार हल्का दर्द, जो हिलने-डुलने से बढ़ जाता है।

**Cantharis**
❐ जब पेशाब के दौरान तीव्र जलन महसूस हो।
❐ पेशाब की इच्छा बहुत तेज हो, लेकिन बहुत कम मात्रा में मूत्र निकले।




डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम, कच्छ, गुजरात

**Mercurius**
❐ पेशाब के दौरान जलन और बहुत तेज पेशाब करने की इच्छा। ❐ लक्षण रात में बढ़ते हैं और ठंड-गर्म महसूस होने के साथ पसीना आता है। ❐ मूत्र का रंग गहरा होता है और बहुत कम मात्रा में निकलता है।

**Nu& Vomica**
❐ बार-बार पेशाब करने की इच्छा हो, लेकिन कम मात्रा में निकले। ❐ पेशाब के दौरान सुई चुभने जैसा दर्द महसूस हो। ❐ पेशाब के साथ मल त्याग हो।

***(नोटः होमियोपैथिक दवा के लिए निष्णात डॉक्टर से सलाह लेकर लें।)***



## न्यूज ब्रीफ

### ज्वालामुखी में आज होगा वार्षिक जागरण

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** हर साल की तरह इस साल भी जय मां ज्वालामुखी जागरण कमेटी का वार्षिक जागरण 10 मार्च को नजदीक बस स्टैंड ज्वालामुखी के पास आयोजित किया जा रहा है। इसमें पंजाब से झांकियां निकालने वाले कलाकार बुलाए गए हैं। इसके अलावा ज्वालामुखी की शान सौरव ,गौरव संगीत की दुनिया के बेताज बादशाह अपनी जादुई आवाज से लोगों को मंत्र मुग्ध करेंगे। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के कई उभरते हुए गायक भी इस कार्यक्रम में अपनी हाजिरी लगाने के लिए आएंगे और मां की महिमा का गुणगान करेंगे। हमेशा की तरह मां ज्वालामुखी के दरबार से अखंड ज्योति जलाकर जागरण में रखी जाएगी। जागरण कमेटी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोरदार तैयारी कर ली है और मां ज्वालामुखी के आशीर्वाद से हर साल की तरह शांतिपूर्ण माहौल में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है।

### दो मामलों में 15750 मिली. शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत विल्ला कैमिला के पास दिपांसू निवासी जंडपुर तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा से 9 हजार मिलीलीटर देसी बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए हिमाचल प्रदेश आवकारी अधिनियम में मामला पंजीकृत किया गया है। पालमपुर के ही घुग्गर काली बाड़ी मन्दिर के पास संतोष कुमार निवासी पधर की दुकान से 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। कुल 15750 मिली. शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए के तहत मामला पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है।

### मुश्किल में फंसे लोगों की पुलिस मददगार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पपरोला के मलघोटा के रहने वाले पंडित ओम प्रकाश शर्मा ने खोया हुआ फोन वापस मिलने पर बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया है। पंडित ओम प्रकाश शर्मा चामुंडा माता मंदिर में पुजारी हैं। शनिवार को जब वह निजी बस से पपरोला से बैजनाथ गए थे। वापस पपरोला आए तो उन्हें पता चला कि उनका फोन कहीं गिर गया है, जिसके बाद उन्होंने डीएसपी अनिल शर्मा को फोन पर सूचित किया और सारा वाकया बताया। डीएसपी ने तुरंत फोन पर ही उनसे उनका खोया हुए मोबाइल का नंबर मांगा और पांच मिनट के अंदर उन्होंने गुम हुए फोन की लोकेशन ट्रेस कर उनको दे दी। उस समय फोन की लोकेशन नरवाना के आसपास आ रही थी, जिस पर उन्होंने वहां किसी व्यक्ति को उस इस बारे में अवगत करवाया, जिस बस में वह आए थे, उस बस के ड्राइवर को इस बारे में जानकारी दी गई। तब बस के ड्राइवर ने उक्त फोन को ओम प्रकाश शर्मा को वापस कर दिया। वहीं, डीएसपी अनिल शर्मा ने कहा कि पुलिस आम लोगों के हितों की रक्षा के लिए है, अगर किसी को पुलिस की सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो पुलिस हमेशा तत्पर है।



### धवाला ने रखी भाजपा के पतन की नींव: सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, भड़वार।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जबसे भाजपा सत्तामुक्त हुई है तब से अनाप-शनाप व्यानवाजी कर लोगों को भ्रमित कर रही है, लेकिन लोग भाजपा नेताओं के असली चेहरे को पहचान गए हैं। उन्होंने कहा कि देहरा से भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश धवाला ने भाजपा के खिलाफ नया संगठन खड़ा कर भाजपा के पतन की आधारशिला रख दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं में खिंचातान का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा भाजपा खुद पांच गुटों में बंट चुकी हैए जबकि बीजेपी अभी तक अपना प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव करने में सफल न हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आर्थिक दलदल में धकेल कर भाजपा अब कांग्रेस सरकार पर ही अपने आरोप मढ़ रही है, लेकिन जनता सच्चाई को जान चुकी है। मंदिरों के धन से सरकार चल रही है बीजेपी के आरोप पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि यह निराधार आरोप भाजपा की बौखलाहट का परिणाम है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली से प्रभावित होकर तमाम कर्मचारी व पेंशनर खुश हैं।



# बजट सत्र में सरकार को झूठे वादों गारंटियों पर घेरेगी भाजपा : काजल

## भाजपा ने दिल्ली में एक माह में पूरा किया महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का चुनावी वादा महज एक महीने में पूरा कर दिया। हिमाचल कांग्रेस सरकार को भी महिलाओं से किए 1500 रुपए प्रति माह देने के वादे को जल्द पूरा करना चाहिए। काजल ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा कांग्रेस सरकार को झूठे वादों और गारंटियों के मुद्दे पर घेरेगी।

रविवार को गगल पंचायत के शिव मंदिर में वार्षिक भंडारे के दौरान काजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार कांगड़ा जिले के साथ विकास में भेदभाव कर रही है। इतिहास गवाह है कि जिसने कांगड़ा जिले और विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की, उसे चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। काजल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने भाजपा शासन में दी जा रही 120 यूनिट मुफ्त बिजली भी बंद कर दी। सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। पेंशनर्स को भी पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा। भाजपा सरकार के समय खुले शिक्षण और स्वास्थ्य संस्थानों को कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया, जिससे जनता को परेशानी हो रही है।



काजल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर कांग्रेस सरकार की नाकामियों को उजागर किया जा रहा है, ताकि जनता को कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी का अंतर समझाया जा सके। इस मौके पर शिव मंदिर कमेटी गगल के अध्यक्ष सुरेश कुमार, सिकंदर, सुरेंद्र, रणवीर सिंह, जगदीश, हरबंस, हरी, स्वरूप, मंडल भाजपा अध्यक्ष अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, मोहित, विजय सिंह और विजय विजु मौजूद रहे।

### पूर्व छात्रों को 16 मार्च को सम्मानित करेगा धर्मशाला कॉलेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला में आगामी 16 मार्च को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अवसर ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'लिगेसी अवॉर्ड-25' का है, जो इस प्रतिष्ठित संस्थान की समृद्ध विरासत और उसके पूर्व छात्रों के योगदान को सम्मानित करने का एक प्रयास है। इस समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल सरकार के उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया होंगे, जो अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश पठानिया (प्रधानाचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से होगा। यह आयोजन उन पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर कॉलेज और समाज का नाम रोशन किया है।

### सालगिरह मुबारक



ऊना के पनोह के बलदेव शर्मा शास्त्री और पवन लता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### ओबीसी भवन के निर्माण पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** घृत, वाहती चांग महासभा शाहपुर हलका की बैठक रविवार को रिहलू रोड चंबी में प्रधान करतार चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में लगभग 70 सदस्य उपस्थित हुए, जिन्होंने अपने विचार और सुझाव साझा किए। बैठक में ओबीसी भवन के निर्माण पर चर्चा की गई। साथ ही सामाजिक एकता को मजबूत करने और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर भी गहन चर्चा हुई। सचिव प्रकाश चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के महत्वपूर्ण एजेंडा में आगामी 31मई को होने वाले स्थापना दिवस के आयोजन से संबंधित तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा और आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त सभा में नवयुवक मंडल का चुनाव भी संपन्न किया गया, जिसमें पंकज कुमार को अध्यक्ष और लखविंदर सिंह को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस बैठक ने आगामी कार्यों के लिए एक ठोस आधार तैयार किया और सभी सदस्यों में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया, जिससे आगे चलकर और भी बेहतर कार्यक्रम और योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

### धर्मशाला व्यापार मंडल ने होली पर दी विशेष छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रंगों के महापर्व होली को लेकर धर्मशाला व्यापार मंडल कोतवाली बाजार के पदाधिकारियों ने व्यापारियों और ग्राहकों के लिए विशेष छूट की घोषणा की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुज कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च से 13 मार्च तक होली सीजन के अंतर्गत कोतवाली बाजार की दुकानों और रेस्टोरेंट में ग्राहकों को आकर्षक छूट का लाभ मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और ग्राहकों को होली की खुशियों में शामिल करना है। इसके अलावा, होली के दिन विशेष रूप से कोतवाली बाजार के व्यापारी वर्ग के लिए दिन स्टाल फैसिलिटीभी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे व्यापारी बिना किसी बाधा के अपने उत्पादों की बिक्री कर सकें। व्यापार मंडल के महासचिव ने कहा कि धर्मशाला में होली के त्योहार को और भव्य बनाने के लिए व्यापारियों ने पूरी तैयारी कर ली है। बाजार में रंग-गुलाल, मिठाइयों और उपहारों पर भी विशेष छूट दी जा रही है। व्यापार मंडल ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे इस विशेष ऑफर का लाभ उठाएं और होली के रंगों में सराबोर हों।

## चौधरी हरिराम के योगदान को किया याद

### चौधरी फाउंडेशन ने मटौर पार्क में आयोजित किया जयंती समारोह

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

चौधरी फाउंडेशन ने चौधरी हरिराम पार्क मटौर में चौधरी हरिराम की जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया। इस समारोह में चौधरी समाज के लगभग 150 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह समारोह चौधरी हरिराम जी के सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को समर्पित था। उपस्थित जनों ने उनके जीवन और आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की और उनके विचारों को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। चौधरी फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष रोबिन चौधरी ने कहा कि चौधरी हरिराम का जीवन हमें समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए प्रेरित करता है। चौधरी फाउंडेशन उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने फाउंडेशन की ओर से आगामी सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों और सामाजिक जागरूकता



अभियानों की घोषणा भी की। समारोह में चौधरी समाज के कई प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया, जिनमें निशु मोंगरा, संजय चौधरी, रेखा चौधरी, वरिंद्र चौधरी, बलबीर चौधरी, बलबीर जनकौर, मोहिंदर चौधरी, राजीव चौधरी और अमित बंटी प्रमुख थे। इस अवसर पर फाउंडेशन ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने और समाज में समानता स्थापित करने के अपने संकल्प को दोहराया। (अनंत ज्ञान)

#### कौन थे चौधरी हरिराम?

**चौधरी** हरिराम एक महान समाज सुधारक और जनसेवक थे। उन्होंने अपना जीवन समाज कल्याण के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलाई और लोगों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। उनके प्रयासों से कई लोगों को शिक्षा प्राप्त करने और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने का अवसर मिला।

## पेंशनर्स के करोड़ों रुपए पर कुंडली मार कर बैठी है प्रदेश सरकार : सुरेश ठाकुर

### कहा, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कर ली है संघर्ष की तैयारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ब्लॉक रैत की बैठक रविवार को पवन धीमान प्रधान की अध्यक्षता में घरोह में हुई, जिसमें राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मनमोहन पठानिया, सेठ राम, रविंदर राणा, प्रदीप वालिया, साहब सिंह, देविंदर कौशल, राजेश राणा, चंडी दत्त शर्मा ने विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने प्रदेश व जिला की गतिविधियों बारे सबको अवगत कराते हुए पेंशनर्स से अपील की कि सरकार के पास लंबित पड़ी मांगों को मनमाने बारे पेंशनर्स को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने को तैयार रहना होगा। ठाकुर ने बताया कि प्रदेश की सरकार पेंशनर्स के करोडों रुपए पर कुंडली मार कर बैठी है, क्योंकि पेंशनर्स के संशोधित वित्तीय देनदारियों की अदायगी लीव इनकशमेंट, ग्रेच्युटी व कम्युटेशन 2016 से 2022 का भुगतान सरकार नहीं कर रही हैं, जिसे पेंशनर्स में भारी रोष और आक्रोश है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार को 17 मार्च तक पेंशनर्स की मांगों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया। वहीं, सरकार से अपील की कि 1.1.2016 से लेकर 31.01.2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संशोधित देय राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाए व बची हुई देय राशि के भुगतान के लिए भी बजट में धन का प्रावधान कर उचित कदम उठाए जाएं।

#### पवन धीमान को चुना रैत ब्लॉक का प्रधान

**ब्लॉक** अध्यक्ष ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की और चुनाव परिक्रिया को पूरा करने के लिए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला कांगड़ा के प्रधान ने जिला महासचिव सेठ राम, रविंदर राणा को बतौर प्रयावेक्षक अधिकृत किया। चुनाव की परिक्रिया सुरेश ठाकुर की देखरेख में की गई। चुनाव तीन वर्ष के लिए पवन धीमान को प्रधान, कुलजीत राणा व उमेश नाग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष से चुना गया।

## एसएसबी के हेड कांस्टेबल संजीव पंचतत्व में विलीन



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर के वार्ड 8 के रहने वाले संजीव कुमार एसएसबी में बतौर हेड कांस्टेबल के पद सिक्किम में कार्यरत थे। अचानक उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पार्थिव देह रविवार सुबह नूरपुर पहुंची। संजीव कुमार अपने पीछे अपनी मां, पत्नी इंदु (44) व बेटी को छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए। एसएसबी की तरफ से पुरुषोत्तम ठाकुर, अनंत शर्मा, विजय, जयराम शर्मा, नूरपुर पुलिस, अशोक कुमार शिब्बू (नगर परिषद अध्यक्ष) व अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तरफ से संजीव कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संजीव कुमार को उसके भाई रिशु ने मुखाग्नि दी।

### कैंसर से पीड़ित रघुवीर सिंह ने तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सकरी के स्थानीय निवासी रघुवीर सिंह उर्फ बिट्टू कैंसर से पीड़ित अपनी जिंदगी की जंग हार गया और पिछली रात करीब 9 बजे अपने घर पर ही आखिरी सांस ली। इलाके का माहौल गमगीन हो गया यह खबर थोड़ी ही देर में आस पड़ोस रिश्तेदारों तक पहुंच गई और लोगों ने सवेरे उनके घर पहुंच कर परिवार को ढाढस बंधाया। उसके बाद परिवार की छोटी बेटी तन्वी ने नम आंखों से अपने पिता को पिंडदान देकर उनकी अर्थी को कंधा दिया और खुद शमशानघाट पहुंचकर पिता की चिता को मुखाग्नि दी। 57 साल के रघुवीर सिंह पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और उनका इलाज टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा में चल रहा था उनके परिवार में उनकी पत्नी रजनी देवी बड़ी बेटी पारुल जिसकी शादी हो चुकी है और छोटी बेटी अभी अपनी आगे की पढ़ाई कर रही है इनकी दो ही बेटियां हैं और इनका परिवार बीपीएल परिवार से संबंध रखता है। स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया है।

## समृद्ध राष्ट्र के लिए नारी का सशक्त होना जरूरी : अनिल

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

#### आर्य कॉलेज नूरपुर में महिला सशक्तिकरण सप्ताह का समापन

आर्य कॉलेज नूरपुर में महिला सशक्तिकरण पर आयोजित महिला सप्ताह का समापन समारोह रविवार को 'पिंक संडे ऑन साइकिल्स' के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सात दिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य नारा 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' था। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब, रोवर्स एंड रेंजर्स, एनसीसी और एनएसएस के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया गया। पूरे सप्ताह के दौरान महिलाओं और लड़कियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

सप्ताह की शुरुआत डॉ. शिवम के स्वच्छता और पोषण पर दिए गए ज्ञानवर्धक व्याख्यान से हुई। इसके बाद, योग सत्र, सेल्फी पॉइंट, मनोरंजक खेल और महिला सशक्तिकरण पर आधारित मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनर व्हील क्लब नूरपुर के सहयोग से आयोजित वॉकथॉन ने भी लोगों को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। समापन समारोह पिंक संडे ऑन साइकिल्स के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने साइकिल चलाकर अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई और सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. अनिल ठाकुर ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की नींव हैं और उनका सशक्तिकरण एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक है। हमें महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने वोमेन सेल रेड रिबन क्लब, रोवर्स एंड रेंजर्स, एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवकों के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना था। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय लोक अदालत में आए 10354 मामले, 5016 में समझौता

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के सभी न्यायालयों में शनिवार को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा के अध्यक्ष एवं जिला व सत्र न्यायाधीश राजीव बाली की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें प्री-लिटिगेशन, एनआई एक्ट, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, जरूरी सेवाओं से संबंधित मामले (बिजली-जल बिल मामले आदि), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 खर्चे के मामले, आपराधिक कंपाउंडेबल मामले शामिल थे। इसके अलावा मोटर दुर्घटना, दावा अधिकरण के केस, वैवाहिक मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, राजस्व मामले अन्यथा सिविल मामले आदि (मुकदमा पूर्व मामला व कोर्ट में लंबित मामले दोनों शामिल) के 10,354 केस लगाए गए। इसमें 5016 मामलों में समझौता किया गया और 12,93,83,831 राशि प्राप्त हुई।

### राजेंद्र बने कांगड़ा वाल्मीकि सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा वाल्मीकि सभा की कोर कमेटी की बैठक धर्मशाला में आयोजित की गई। इसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिंद्र पाल द्वारा कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यकारिणी में सभापति राजपाल, संयोजक रेखा लहोरवी, अध्यक्ष महिंद्र पाल, जिला प्रभारी अनिल सहोत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मुन्ना, उपाध्यक्ष संजीव सहोत्रा, बन्नी मल्होत्रा व अमन कुमार, महासचिव सतपाल अटवाल, संयुक्त सचिव रविंद्र गिल, सह-सचिव संजीव थापर, कोषाध्यक्ष तिलक चौहान, संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी संजय तेजा, मुख्य कानूनी सलाहकार दिग्विजय मल्होत्रा, मुख्य सलाहकार रतन मल्होत्रा, सलाहकार जगदीश, अमरनाथ को नियुक्त किया गया।

## मनोह-सिहाल सहकारी सभा में 15 दिन में भरे जाएं खाली पद

### वार्षिक अधिवेशन में सभा ने बीस प्रतिशत लाभांश देने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

सहायक पंजीयक कार्यालय नूरपुर के ब्लॉक फतेहपुर के अंतर्गत दी मनोह-सिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित में रविवार को वार्षिक अधिवेशन बुलाया गया, जिसमें युवाओं के साथ महिलाओं व लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अधिवेशन की अध्यक्षता करते प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरुप सिंह ने सभा की रिपोर्ट पढ़ते हुए बताया कि इस वर्ष सभा को 38 लाख के करीब का लाभ हुआ है, जिसमें से शेयर होल्डरों को बीस प्रतिशत के करीब लाभांश दिया जाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एनपीए में भी कमी आई है। सभा में तीन पद खाली चल रहे हैं तथा शेयर होल्डरों की मांग का ध्यान रखते हुए इन्हें तुरंत भरने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभा के यूडीपी में भी काफी पैसा रखा हुआ है, जिसके बंटवारे के बारे पर भी विचार किया जाएगा।

वहीं सभा में उपस्थित सदस्य केवल सिंह ने बताया कि कई बार तो उन्हें सामान खरीदने पर बिल तक नहीं मिलता तो सुखदेव सिंह पठानिया ने बताया कि चार माह तक मेरी अमानत सभा में रही जब चार माह बाद मैने अपनी अमानत वापिस ली तो मुझे ब्याज का एक पैसा तक नहीं मिला और मुझे बोला गया कि ब्याज छह माह बाद दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब ऋण पर हर दिन ब्याज लगता है तो अमानत पर क्यों 6 माह बाद लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अधीवेशन में सभा में खाली चल रहे सचिव, विक्रेता तथा चपरासी के पदों को 15 दिन में खुली मार्केट के माध्यम से भरें, ताकि बेरोजगार युवाओं को मौका मिल सके। लोगों ने सरकार व विभाग से गुहार लगाई है कि इन खाली पदों को जल्दी भरा जाए ताकि, लोगों को राहत मिले।

**वर्षगांठ** | तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 29वीं वर्षगांठ मनाई; त्सेरिंग बोले, चीन कर रहा तिब्बती पहचान मिटाने का प्रयास

## केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने 1989 के शहीदों को किया याद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के धर्म और संस्कृति विभाग ने चीनी सरकार के खिलाफ 1989 के प्रदर्शनों में भाग लेने वाले शांतिपूर्ण तिब्बती प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए बलिदानों को सम्मानित करने के लिए एक घंटे तक चलने वाली प्रार्थना सेवा आयोजित की व 1989 में चीनी सरकार की दमनकारी और अन्यायपूर्ण नीतियों के विरोध में ल्हासा में शुरू हुए तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस की 29वीं वर्षगांठ मनाई।

बता दें कि 1989 में हजारों तिब्बती चीनी सरकार द्वारा की दमनकारी और अन्यायपूर्ण नीतियों के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए ल्हासा की सड़कों पर उतरे थे। जवाबी कार्रवाई में चीनी अधिकारियों ने मार्शल लॉ लागू कर दिया और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे। तब से सीटीए ने तिब्बत के महान उद्देश्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले और कष्ट सहने वाले तिब्बती शहीदों को याद और उन्हें श्रद्धांजलि देता आ रहा है।



इस मौके पर निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा तिब्बत के अंदर रहने वाले तिब्बतियों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए एक अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया है। बावजूद इसके कि चीनी सरकार सख्त प्रतिबंधों और निगरानी के माध्यम से तिब्बती पहचान को मिटाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अपनी सीमित आबादी और संसाधनों के बावजूद, दोनों पक्षों के तिब्बतियों को एक-दूसरे से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए।

उन्होंने कहा आज का दिन 1989 और उसके बाद के वर्षों की घटनाओं पर चिंतन करने और उन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को पहचानने का दिन है जो हम पर हैं। कैबिनेट सचिव त्सेग्याल चुक्या द्रानी ने भी त्सुगलागखांग में सभा के समक्ष प्रार्थना सेवा के पीछे के महत्व और उद्देश्य के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नशा किया तो छीन ली जाएगी पंचायती सुविधाएं

**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** गढ़ा-बजाथल पंचायत ने चिट्टा, कोरेक्स और सिंथेटिक नशा करने वाले एवं इसके धंधे में जुड़े लोगों से पंचायत से मिलने वाली सुविधाएं छीनने का निर्णय लिया है । पंचायत ने ऐसे लोगों को कड़ा सन्देश दे दिया है कि सुधर जाएं अन्यथा पंचायत से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिए जाओगे। बता दें कि एसपी शिमला के द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए मिशन क्लीन व भरोसा अभियान से आए दिन कई सामाजिक संगठन जुड़ रहे है। व्यापार मंडल नेरवा, फ्रेंडज क्लब नेरवा और नगर पंचायत नेरवा पहले ही नशे के खिलाफ जंग का एलान कर चुके है। अब इस अभियान में शामिल होकर गढ़ा-बजाथल पंचायत ने भी इस धंधे में संलिप्त लोगों के पर काटने की तयारी शुरू कर दी है । पंचायत के उप प्रधान दिनेश घुंटा ने ऐलान किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्ति की सूचना देने वालों को पंचायत द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जुन्गा तहसील के गांव धाली बागड़ा में मातृशक्ति ग्राम संगठन की महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाया। समाज में महिला के योगदान बारे पूनम ठाकुर ने कविता पाठ सुनाकर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। पीरन पंचायत की प्रधान किरण शर्मा ने कहा कि धार्मिक शास्त्रों में महिला को लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है और महिलाएं सभी कष्टों को सहकर विभिन्न रूपों में अपने दायित्व का निर्वहन करती है। किरण शर्मा ने कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर महिला को अपने अधिकार और कर्तव्यों बारे जागरूक होना समय की आवश्यकता बन गई है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से आग्रह कि वह घर के दैनिक कामकाज के साथ साथ कोई अपना स्वरोजगार आरंभ करें जिसके लिए सरकार और पंचायत से पूरा सहयोग मिलेगा। इस मौके पर मातृ शक्ति ग्राम संगठन की प्रधान अनु कश्यप ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संगठन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला । संगठन की अन्य महिलाओं में पूनम ठाकुर, सुनिता, शीतला, संतोष, शीला, प्रिया, पूनम, लक्ष्मी, आशा, पुष्पा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही ।

### एचपीयू ने सुविधा के लिए मोबाइल ऐप की लांच

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप लांच की है। इस एप की मदद से विद्यार्थियों को अब विभिन्न फॉर्म सबमिट करने सहित मार्कसशीट व एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए अधिक झंझट नहीं करना पडेगा और मोबाइल एप की मदद से सभी कार्य आसानी से हो सकेंगे। यह एप विद्यार्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर व पासवर्ड डालकर इस्तेमाल कर सकते हैं। एप प्ले स्टोर से डाऊनलोड की जा सकती है। इस एप में विद्यार्थियों की प्रोफाइल के अलावा आरएमई, सिलेबस, परीक्षा फॉर्म, एडमिट कार्ड व परिणाम संबंधित सूचना एक क्लिक कर प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा विश्वविद्यालय से संबंधित सूचना विद्यार्थियों को एप की नोटिफिकेशन कॉलम में मिल जाएगी। इसके अलावा परिणाम व डिग्री से संबंधित जानकारी को इसे डाऊनलोड करने का विकल्प भी विद्यार्थियों के इस स्टूडेंट संबंधित मोबाइल एप में उपलब्ध करवा दी है। इस मोबाइल एप की मदद से विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र की जानकारी, परीक्षा फॉर्म का स्टेटस आदि जानकारी भी आसानी से मिल सकेगी। यह पूर्ण रूप से विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। अभी तक विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यों के लिए या साइबर कैफे जाना पड़ता था या फिर अपने घरों के कम्प्यूटर व लैपटॉप से यह कार्य करने होते थे, लेकिन अब इस एप के प्ले स्टोर से डाऊनलोड करने के साथ ही मोबाइल में आसानी से सभी कार्य हो जाएंगे। कक्षाओं में हाजिरी से संबंधित सूचना भी एचपीयू की मोबाइल एप पर अपडेट होगी।

**बजट सत्र : जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित**

# कानून व्यवस्था पर रहेगी पैनी नजर

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा बजट सत्र-2025 के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर दृष्टि से पैनी नजर रखे ताकि इस दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप में ने यह बात रविवार को यहां रोजना हॉल में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च, 2025 तक चलेगा। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारी आपस में समन्वय के साथ कार्य करें ताकि बजट सत्र का सफल संचालन सुनिश्चित हो।

उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को अगले दिन के लिए कार्य योजना तैयार कर



**जिला प्रशासन व पुलिस तालमेल से करेंगे काम**

विस्तृत अभ्यास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को हर एक संभावना के साथ कार्य आवश्यकता है ताकि बजट सत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा और इसके आसपास के क्षेत्र को 5 सेक्टर में बांटा है और प्रत्येक सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है।

सेक्टरों में विधानसभा काम्प्लेक्स के साथ विधानसभा चौक, सिसील होटल के समीप अंबेडकर चौक, चौड़ा मैदान, बाइफेरकेशन कार्ट रोड केनेडी चौक से चौड़ा मैदान, कार्ट रोड तथा सीटीओ शामिल है।( अनंत ज्ञान)

**कानून व्यवस्था कायम रखने को व्यापक सुरक्षा योजना तैयार**

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के लिए व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की जा चुकी है और सम्बंधित सभी पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत ब्रीफिंग भी की जा चुकी है ताकि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस दौरान कानून एवं व्यवस्था का उल्लंघन न हो सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग द्वारा ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी तथा अन्य कैमरा के माध्यम से पैनी नजर रखी जाएगी। वहीं सीआईडी के साथ भी आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद सुनिश्चित की जाएगी।

**विधानसभा व आसपास के क्षेत्रों को 10 सेक्टरों में बांटा**

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि बजट सत्र के लिए पुलिस विभाग ने विधानसभा तथा आसपास के क्षेत्र को 10 सेक्टर में विभाजित किया है जिसमे हिप्र विधानसभा परिसर का आंतरिक क्षेत्र, एजी चौक से विधानसभा अध्यक्ष प्रवेश द्वार नं. 01 तक, विधानसभा गेट नं. 3, 4, 5 व पार्किंग से गेट नं. 7, 8, 10, मुख्य स्वागत कक्ष, नवनिर्मित विधायक सदन-बुम बैरियर तक, हिप्र विधानसभा परिसर का बाहरी क्षेत्र, एजी चौक, एजी चौक से गेट नं. 2 होते हुए कनेडी चौक तक, मुख्यमंत्री प्रवेश द्वार नंबर-2, कैनेडी चौक, कैनेडी चौक आरएमएस कार्यालय-बैण्ड बाक्स-एजी चौक तक, कनेडी चौक बैरिकेड से चौड़ा मैदान तक सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा हर सेक्टर में सेक्टर अधिकारियों की भी नियुक्ति की जा चुकी है।

# डोडरा क्वार में पहली बार जगी महिला जागरूकता की अलख

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आजादी के बाद अगर कहीं पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से होता है, तो समझा जा सकता है कि वह क्षेत्र कई मायनों में अहम रहने वाला है और एक साफ संदेश देता है कि अब दूर पार के दुर्गम क्षेत्र भी देश और प्रदेश की मुख्य धारा से जुड़ने लगे हैं। ऐसी एक मिसाल पेश की है, हिमाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार ने।

जहां पर आजादी के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल दंडाधिकारी डोडरा क्वार धर्मेश रामोत्रा, डॉ. अक्षिता, डॉ. सचिन एमओ क्वार विशेष रूप से शामिल हुए।

महिला मंडल कितेरवाड़ी की प्रधान निर्मला चौहान ने अपने संबोधन में बताया की अपने जीवन में तथा डोडरा क्वार में पहली बार महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर लगभग 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को कई योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया।

**कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग**

**नशा रोकने की खाई कसम**

**महिला** दिवस में महिलाओं ने नशे के विरुद्ध इस दिवस को मनाने का आज निर्णय लिया क्योंकि यह क्षेत्र भी नशे की चपेट में है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कमलेश व पूर्व प्रधान शंकर ध्यान ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी महिलाओं ने नाटी का भी आयोजन किया तथा लोकगीतों को भी गाया।

**महिलाओं में उत्साह**

**उपमंडल** दंडाधिकारी धर्मेश रामोत्रा ने इस उपलक्ष्य पर सभी को महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि डोडरा क्वार में आजादी के बाद पहली बार मनाया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं के उत्साह की सराहना की उसके साथ आज के दिन भी महिलाओं ने जो नशे के विरुद्ध अपने अभियान को ज़ोर देने के लिए कार्य किया वो बहुत सराहनीय है। इस अवसर पर महिला मंडल कितरवाड़ी, कटोल, पुजारली और ज्यूराडी की प्रधानों ने भी अपने कार्यक्रम दिए।

# क्याओ स्कूल में नहीं शिक्षक बच्चों का भविष्य अंधकार में

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**



रामपुर उपमंडल के तहत दूर दराज दुर्गम राजकीय माध्यमिक पाठशाला क्याओ में शिक्षक न होने से छात्रों की पढ़ाई पूरी प्रभावित हो रही है।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बदहाल स्थिति में है। रामपुर उपमंडल के कई स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षक ही नहीं है ऐसे में छात्रों का भविष्य अंधकार मय है। सरकार की शिक्षा का अधिकार और सर्व शिक्षा अभियान जैसी योजनाएं दम तोड़ रही हैं। रामपुर के दुर्गम क्षेत्र क्याओ में बच्चों की शिक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा है। भाजपा के पूर्व महामंत्री अशोक मेहता का कहना है कि पिछले लंबे समय से क्याओ के उपरोक्त स्कूल में शिक्षक नहीं हैं। ऐसे में अभिभावक छोटे बच्चों को अन्य स्कूलों में भी नहीं भेज सकते हैं, क्योंकि यह दुर्गम क्षेत्र है और सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि उपरोक्त स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए ताकि चिंता समाप्त हो। (अनंत ज्ञान)

## दो माह में अवैध खनन के 602 चालान, 21 लाख वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उद्योग विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। विभाग के निदेशक डॉ. यूनुस ने रविवार को बताया कि जनवरी और फरवरी माह के दौरान प्रदेशभर में अवैध खनन के कुल 602 मामलों के चालान किए गए, जिनमें से 233 मामलों में 17,09,020 रुपए का कंपाउंडिंग शुल्क वसूला गया है। इसके अलावा, विभाग ने 22 फरवरी 2025 से विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत 6 मार्च तक 117 अतिरिक्त मामलों में चालान दर्ज किए गए और 4,36,700 रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

डॉ. यूनुस ने बताया कि जनवरी माह में विभाग द्वारा 364 अवैध खनन के मामले पकड़े गए, जिनमें से 141 मामलों में 10,71,520 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं फरवरी माह में अब तक 238 मामलों में चालान किया गया और 92 मामलों में 6,37,500 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए हैं।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 6 मार्च तक जारी रहा, जिसके तहत 117 मामलों में चालान दर्ज किए गए और 4,36,700 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

# सेब कारोबारी से 16.65 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**





शिमला जिला के ठियोग स्थित पराला मंडी के एक सेब व्यापारी से 16.65 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने इस संबंध में ठियोग थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले के अनुसार कोटखाई तहसील के बाघी गांव निवासी प्रेम कुमार ओमटा पराला मंडी ठियोग में सेब खरीद-फरोख्त का कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 25 अगस्त 2023 को पश्चिम बंगाल के धौलागढ़ स्थित नई सब्जी मंडी में स्थित दुकान नंबर 10 के व्यापारी महावीर अनुज शाह को 662 पेटी सेब का ऑर्डर भेजा था।

यह सेब लिंक रोडवेज प्राइवेट ट्रांसपोर्ट के एक ट्रक के माध्यम से भेजा गया था। कुल सेब की कीमत 16,65,315 रुपए थी। प्रेम कुमार का आरोप है कि महावीर अनुज शाह ने अब तक उन्हें इस राशि का भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कई पैसे मांगने पर अनसुना किया गया।

प्रेम ने इसे उनके साथ विश्वासघात और धोखाधड़ी बताया और मामले की शिकायत ठियोग थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने प्रेम की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले में आईपीसी की धारा 420 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अब ट्रांसपोर्ट कंपनी और संबंधित व्यापारी से संपर्क कर मामले की तहकीकात करेगी।

पीड़ित सेब व्यापारी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि जल्द से जल्द उनका बकाया पैसा उन्हें दिलवाया जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 10 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा पौणाहारी के दर टेका माथा



**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के शाहतलाई क्षेत्र में स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में रविवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु देश प्रदेश से माथा टेकने पहुंचे। सुबह से ही लोग मंदिर में आना शुरू हो गए। शाहतलाई में स्थित गरूणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में करीब 10,000 श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचे। सुबह पांच बजे से ही भीड़ मंदिर में दर्शन करने पहुंची।

आपको बता दें कि 14 मार्च से चैत्र मेले शुरू हो जाएंगे। मेलों से पहले ही श्रद्धालु भारी संख्या में बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही विवाह शादियों के बाद लोग बाबा बालकनाथ के दर्शन करते हैं। बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में लोग दूर से अपने कुल देवता बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं।

मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। जगह-जगह सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं ताकि मंदिर परिसर में किसी भी तरह की गंदगी ना फैले। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग मंदिर में 10,000 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। मंदिर परिसर में जगह जगह सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। (अनंत ज्ञान)

## भदसीं में नशे के खिलाफ जागरूक किए गांववासी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की गतवाड़ पंचायत के भदसीं गांव में बढ़ते नशे के खिलाफ एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा ने की। वही शिविर में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने नशे को देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में जाने से रोकना आवश्यक है। उन्होंने जागरूकता शिविरों के माध्यम से नशे और नशा व्यापारियों पर लगाम लगाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि हिमाचल की देवभूमि को नशे से मुक्त रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं उपप्रधान अजय शर्मा ने चिट्टे की वजह से समाज को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की और सभी से एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ने की अपील की। अखिल भारतीय चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ऋतिक शर्मा ने चिट्टे को पीढ़ियों को बर्बाद करने वाला जहर बताया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण, वार्ड सदस्य और समाजसेवी मौजूद रहे, जिन्होंने इस मुहिम को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**डंगार में जिला स्तरीय किसान मेले में मंत्री राजेश धर्माणी बोले-**

# प्राकृतिक-जैविक खेती को दिया जा रहा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) के सौजन्य से बिलासपुर जिले के डंगार में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मेले में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान विभागों के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और उत्पादन लागत में कमी आती है। उन्होंने बताया कि आतमा परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 27 लाख रुपए की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमें से 80 लाख रुपए पहले ही खर्च किए जा चुके हैं।

उन्होंने किसानों को बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार देसी नस्ल की गायों की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 25,000 रुपए) और 5,000 रुपए तक का यातायात भत्ता प्रदान कर रही है। गोशाला के फर्श को पक्का करने के लिए 8,000 रुपए प्रति परिवार, जीवामृत निर्माण के लिए 2,250 रुपए प्रति ड्रम (अधिकतम 3 ड्रम) और जैविक उत्पादों के भंडारण और विपणन के लिए 10,000 रुपए प्रति परिवार तक की सहायता दी जा रही है। किसानों को वाटर कैन और 15 लीटर टब पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। मेले में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बीजामृत, जीवामृत, प्राकृतिक कीटनाशकों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।



**जिले में 6438 किसान कर रहे प्राकृतिक खेती**

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने बताया कि अब तक बिलासपुर जिले में 6,438 किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं और 939.36 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के तहत लाया गया है। सरकार का लक्ष्य अगले वर्ष तक इसे 1,800 हेक्टेयर तक बढ़ाने और 4,500 से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने का है। इसके अलावा, नेशनल मिशन फॉर नेचुरल फार्मिंग के तहत जिले में 36 क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें 1,850 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। सरकार इस संख्या को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताए जैविक खेती के लाभ**

## डीडीओ तुलसीराम ठाकुर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत होटल लेक व्यू मैनेजर तुलसीराम ठाकुर को पर्यटन के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग डिप्टी डायरेक्टर मनोज कुमार ने सम्मानित किया। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग डिप्टी डायरेक्टर मनोज कुमार ने हिमाचली टोपी, हिमाचली शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर होटल लेक व्यू मैनेजर तुलसीराम ठाकुर को सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के के अंतर्गत जिला हमीरपुर, जिला मंडी एवं जिला बिलासपुर के डीडीओ तुलसीराम ठाकुर पिछले लगभग 38 वर्ष से कॉर्पोरेशन में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।

## सब-जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए चुनी टीमें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** 34वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली बिलासपुर जिला की टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल रविवार को घुमारवीं उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भगेड़ में संपन्न हुए। बिलासपुर जिला कबड्डी संघ के महासचिव विजयपाल चंदेल ने बताया कि इस ट्रायल में लड़कियों की टीम के साथ ही लड़कों की ए और बी दो टीमों का चयन किया गया। लड़कों की टीम ए में अंशुल ठाकुर, करण ठाकुर, नमन ठाकुर, रितेश ठाकुर, सौरव ठाकुर, शिवांश ठाकुर, नैतिक डोगरा, विकास शर्मा, दिव्यांश वर्मा, आदर्श, मोहित और अंशुल ठाकुर को स्थान मिला है, जबकि टीम बी में नमन ठाकुर, अमनदीप, आर्यांश भारद्वाज, सुजल शर्मा,यश भारद्वाज, इशांत, अंशुल, रजत राना, शुभम, अंकुश ठाकुर, चंदनदीप व शिवम चंदेल को स्थान मिला। वहीं, लड़कियों की टीम में रितिका शर्मा, तन्वी, भारती, सूजल कुमारी, मुस्कान, अक्षरा वर्मा, शालू, मनीषा ठाकुर, मुस्कान, रिया ठाकुर, पूर्णिमा व प्रिया को स्थान मिला है, जबकि चांदनी को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में स्थान मिला है। इस बार यह चैंपियनशिप बिलासपुर जिला के बरमाणा में आयोजित हो रही है।

## शिवा गुरुकुल स्कूल में शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के डिग्री कॉलेज के साथ स्थित शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीबीएसई से संबद्ध 62 से अधिक शिक्षक-प्राध्यापक शामिल हुए। कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन और मूल्यांकन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को इंटरैक्टिव लर्निंग, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने की जानकारी दी। डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग और पाठ्यक्रम को रोचक बनाने के तरीकों पर भी जोर दिया गया। शिक्षकों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक और व्यावहारिक रूप से उपयोगी बताया।

## पंतेहड़ा में मनाया महिला सशक्तिकरण दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सहकार भारती बिलासपुर ने पंतेहड़ा में पुण्यश्लोक वीरांगना महारानी अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर महिला सशक्तिकरण दिवस का आयोजन किया, जिसमें मातृशक्ति की बड़ी सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजेश कुमार कपिल ने कहा कि महिला का सशक्तिकरण तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ना किसी भी समाज ओर राष्ट्र की समृद्धि और उन्नति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर, रानी दुगावती, मीराबाई और रानी झांसी इत्यादि वीरांगनाओं की जीवनी मातृ शक्ति के लिए प्रेरणादायक है । उन्होंने कहा कि मातृशक्ति बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर वर्तमान चिट्टा जैसे नशे के उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली बम्म गांव की कनिका ठाकुर और स्वयं सहायता समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ज्योत्सना शर्मा को भी सम्मानित किया।

# चिट्टे के आदी हो चुके लोगों को अपराधी नहीं, पीड़ित के रूप में देखे समाज : धर्माणी

## नशे की लत छुड़ाने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं, दुर्व्यवहार न करें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश में चिट्टे जैसे घातक नशे के प्रति बढ़ रही जागरूकता को सराहनीय पहल बताया, लेकिन साथ ही उन्होंने उन घटनाओं पर चिंता व्यक्त की, जिनमें नशा करने वालों के साथ मारपीट की जा रही है और उनकी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही है।



उनका मानना है कि चिट्टा पीने वाले लोग मानसिक व शारीरिक रूप से बीमार होते हैं और उन्हें पीड़ित के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि अपराधी के रूप में। उन्होंने कहा कि संस्कार सोसायटी का मानना है कि हम सभी को चिट्टा (ड्रग्स) बेचने वाले और इसका सेवन करने वाले लोगों में अंतर समझना होगा। जहां ड्रग पेडलर समाज को नशे के जाल में फंसाने वाले अपराधी हैं, वही नशे के शिकार लोग खुद एक पीड़ित होते हैं, जिन्हें दंडित करने के बजाय सही उपचार और पुनर्वास की जरूरत होती है। इससे प्रभावित लोगों के प्रति समाज को एक मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, क्योंकि वे केवल अपराधी नहीं, बल्कि इस लत के शिकार भी हैं। उनके पुनर्वास और सामाजिक पुन:स्थापना में सहयोग देना हमारा कर्तव्य है। धर्माणी ने स्पष्ट किया कि चिट्टा जैसी नशे की लत में फंसे लोगों के साथ दुर्व्यवहार करना किसी भी तरह से समाधान नहीं हो सकता। उनका कहना है कि नशा करने वाले लोग पहले से ही कई मानसिक और सामाजिक संघर्षों से गुजर रहे होते हैं और अगर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाएगा, तो वे और अधिक समाज से कट जाएंगे, जिससे उनकी पुनर्वास की संभावना और कम हो जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि असली अपराधी वे लोग हैं जो चिट्टा बेचने का काम करते हैं। नशे के शिकार लोग किसी न किसी व्यक्तिगत, पारिवारिक या सामाजिक कारणों से इस जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से विनती की कि पीड़ित लोगों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं और उन्हें अपनापन महसूस कराएं।

**खेतीबाड़ी** | **खाद्य पदार्थों में रासायनिक उर्वरकों की मिलावट देख छोड़ी मैकेनिकल इंजीनियर की नौकरी**

# प्राकृतिक खेती कर अजय रत्न बने खुशहाल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

आज के समय में जहां एक ओर पढ़े लिखे युवा बाहर नौकरी की तलाश में भटकते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग अपनी नौकरी छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। घुमारवीं उपमंडल के गांव न्यू से संबंध रखने वाले प्रगतिशील किसान अजय रत्न ने प्राकृतिक खेती को अपनाकर केवल अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ किया, बल्कि देश प्रदेश के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। अजय रत्न ने बीते 12 सालों से प्राकृतिक खेती कर रहे है।

गौरतलब है कि अजय रत्न एक निजी कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर काम करते थे, मगर जब उन्होंने खाद्य पदार्थों में रासायनिक उर्वरकों की मिलावट



को देखा तो अपनी नौकरी छोड़ प्राकृतिक खेती करने लगे। अजय रत्न ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद अजय रतन ने अपनी भूमि पर प्राकृतिक खेती की शुरुआत की और आज 30 बीघा जमीन पर गेंहू, सरसों, ड्रेगन फ्रूट सहित विभिन्न प्रकार की सब्जियां व फलों का उत्पादन करते हैं, जिसमें वह रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल न करते हुए जीवामृत व घनामृत का छिड़काव करते हैं। वहीं अजय रतन ने प्राकृतिक खेती के लिए दो गाय रखी हैं जिनके गोबर व गुंतर से जीवामृत व घनामृत बनाते हैं और खेतों में उसी का छिड़काव करते हैं।

आपको बता दें कि प्राकृतिक खेती कर अजय रतन हर माह 40 से 50 हजार तक कमा लेते हैं जिससे उनका परिवार अच्छे से गुजर बसर कर रहा है। इसके अलावा वह हर साल स्कूल व कॉलेजों के छात्रों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रशिक्षण देते हैं और प्रदेश के अलग-अलग जिलों से उनके यहां आने वाले किसानों को भी प्राकृतिक खेती के फायदों की जानकारी देते हैं।

अजय का कहना है कि आज की युवा पीढ़ी सरकारी व प्राइवेट नौकरी के लिए घर से दूर चले जाते हैं और पैसा भी खूब कमाते हैं मगर बाजार में रासायनिक पदार्थों से युक्त सब्जियां व फल खाकर बीमारियों पर सारा पैसा खर्च कर देते हैं, इससे अच्छा है कि अगर आपके पास जमीन है तो प्राकृतिक खेती को अपनाकर घर द्वार पर ही अपने लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं और जहर मुक्त खेती कर शुद्ध फल सब्जियां उगाकर न केवल स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि अच्छी आमदनी भी कमा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन समारोह संपन्न



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** मातृवंदना संस्थान, शिमला के तहत जिला नालागढ़ द्वारा मातृवंदना जागरण मासिक पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन समारोह महाराणा प्रताप नगर बद्दी में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय ज़िला संघचालक महेश कौशल विशिष्ट अतिथि और प्रतिंद्र नाथ भनोट अधिवक्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में हरि राम धीमान साहित्य कला मंच सदस्य समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ भारतमाता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ गजेंद्र द्वारा मातृवंदना पत्रिका के विशेषांक की विशेषताओं और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि द्वारा इस कार्य को समाज उत्थान संस्कृति निर्माण में अहम भूमिका निभाने व वैचारिक स्थायित्व के लिए आवश्यक कार्य बताया। इस दौरान मुख्य वक्ता हरि राम ने विशेषांक में प्रकाशित हिमाचल प्रदेश की संघ यात्रा की जानकारी साझा करते हुए संघ के सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्तियों एवं माता-भगिनियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस सफल आयोजन के लिए मातृवंदना संस्थान, जिला नालागढ़ बद्दी की पूरी टीम को बधाई दी गई एवं पत्रिका के माध्यम से समाज में जागरूकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की गई।

मातृवंदना विशेषांक एवं दिनदर्शिका पत्रिका का रोहडू के बडियारा में हुआ विमोचन

### पानी में घुली सीवरेज, 40 पंचायतें प्यासी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गोलछा के खिलाफ तीन पंचायतों के लोगों ने मोर्चा खोला दिया है। प्लांट के विरोध में सोमवार को तीन पंचायतों के लोगों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। बताते चलें कि शिमला जल प्रबंधन निगम के सीवरेज प्लांट गोलछा से 40 पंचायतों के लोग परेशान हो गए हैं। पिछले करीब तीन सालों से इस प्लांट की सीवरेज लाइन खराब है। इसके कारण सारा सीवरेज खड्ड में बहकर पेयजल योजनाओं के पानी मिल रहा है। हाल ही में यहां पर पाइपलाइन लीक होने के कारण सारा सीवरेज खड्ड में बहकर पीने के पानी में मिल गया है। इसके कारण करीब 40 पंचायतों के लोगों को पिछले 18 दिन से पेयजल सप्लाई ही नहीं मिल रही है। यहां पर बदबू का भी आलम बन गया है। आलम यह है कि पंचायतों के लोगों को पीने के पानी के लिए भी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। कई लोग इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए भी करते हैं। सीवरेज वाली पानी का इस्तेमाल करने से किसानों की फसलें भी खराब हो रही है। इस मुद्दे को लेकर कई सालों से पंचायतों के लोग लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन इस सीवरेज प्लांट को लेकर प्रशासन की ओर से कोई खास काम नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवरेज प्लांट का विरोध नहीं है। विरोध यह है कि यदि यहां प्लांट स्थापित कर दिया है तो इसकी मरम्मत की जाए, ताकि पंचायतों के लोगों को इस परेशानी का सामना न करना पड़े। लोगों का कहना है कि जब तक सीवरेज सैंपल की सही रिपोर्ट आती है, उसके बाद ही पेयजल लोगों को नसीब होता है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस प्लांट का मरम्मत कार्य किया जाए।

### मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ होगी हड़ताल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर क्षेत्र के ननखड़ी में मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू की ब्लॉक इकाई की बैठक यूनियन अध्यक्ष कौशल्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, कौशल्या, महासचिव कलावती ने बताया कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ मई महीने में प्रदेशव्यापी हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। इनके लिए मात्र 4500 रुपए प्रतिमाह वेतन घोषित किया गया है, जोकि कई कई महीनों तक नहीं मिलता है। सीटू द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर प्रदेश उच्च न्यायालय की सिंगल बैंच ने वर्ष 2019 व डबल बैंच ने वर्ष 2024 में फैसला दिया है कि मिड-डे मील कर्मियों को 10 महीने के बजाय 12 महीने का वेतन दिया जाए, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक इस फैसले को लागू नहीं किया गया है व इस मसले को माननीय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देकर अपनी मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है।

### राष्ट्रीय विचारों पर किया जा रहा जागरूक : सुरेश

**दशमी रावत, रोहड़ू।** समाज में राष्ट्र जागरण के कार्य में लगी मासिक पत्रिका मातृवंदना विशेषांक एवं दिनदर्शिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को रोहड़ू के बड़ियारा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर न्यास में किया गया। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले नागरिक व अच्छी-खासी संख्या में मातृ शक्ति भी मौजूद रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसायी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राकेश सोनी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्याम विभाग बाल कार्य प्रमुख मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कार्यक्रम में मौजूद सभी नागरिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख बृज मोहन भी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुरेश ठाकुर ने मातृवंदना पत्रिका की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, महत्व व अन्य विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पत्रिका समाज में राष्ट्रीय विचारों के जागरण का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मातृवंदना जैसी अनेक जागरण पत्रिकाओं ने समाज को न केवल जागृत करने का कार्य किया है बल्कि राष्ट्र भक्ति का भाव भरकर हिन्दू होने का गर्व करना भी सिखाया है। यही कारण है कि आज विराट हिन्दू समाज गर्व के साथ स्वयं को हिंदू कह रहा है। इस कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता और रोहड़ू, चिड़गांव, जुब्बल व हाटकोटी के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक नगर चंबा इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली धरोहर का प्रतीक

**आरके सहगल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश का ऐतिहासिक नगर चंबा अपनी समृद्ध विरासत, प्राचीन मंदिरों, विश्वप्रसिद्ध लघु चित्रकला, और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है।

8 मार्च को मनाया गया चंबा दिवस इस ऐतिहासिक नगर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को सम्मान देने का पर्व है। यह वह दिन है जब 8 मार्च 1948 को चंबा रियासत भारत में विलय हुई थी, जो हिमाचल प्रदेश के गठन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। (अनंत ज्ञान)



**चंबा दिवस सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को सम्मान देने का पर्व**

### चंबा से 1908 में हुई बिजली उत्पादन की शुरुआत, विकास की रखी नींव

**भारत** में बिजली पहली बार 1897 में दार्जिलिंग में आई थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश में बिजली उत्पादन की शुरुआत 1908 में चंबा से हुई, जब राजा भूरी सिंह ने यहां 35 किलोवाट डीसी हाइडल पावर हाउस स्थापित किया। यह उस दौर में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने इस क्षेत्र में विकास की नींव रखी।

### 920 ईस्वी में राजा साहिल वर्मन के शासनकाल से मिलता है चंबा का उल्लेख

**चंबा** का उल्लेख 920 ईस्वी में राजा साहिल वर्मन के शासनकाल से मिलता है। यहां का लक्ष्मी नारायण मंदिर अद्भुत उदाहरण है। चंबा का नाम इतिहास में तब भी दर्ज हुआ जब यहां की राजकुमारी बन्नू पान देई ने फ्रांसीसी जनरल जीन-फ्रांकोइस एलार्ड से विवाह किया, जो पहले नेपोलियन की सेना में थे और बाद में महाराजा रणजीत सिंह की सेना में सेवा दी। चंबा की विश्वप्रसिद्ध लघु चित्रकला इसकी सांस्कृतिक धरोहर को और समृद्ध बनाती है। 17वीं शताब्दी में विकसित हुई यह कला भारतीय पेंटिंग शैली की अमूल्य धरोहर मानी जाती है।

### प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का केंद्र

चंबा अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां के पास, खजियार (मिनी स्विट्जरलैंड), भरमौर, भटियात, चुराह और पांगी घाटी साहसिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। साथ ही, चंबा का मिंजर मेला इसकी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है, जो हर वर्ष हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है।



### कला, विज्ञान, आध्यात्म और विकास में रहा अभूतपूर्व योगदान

**चंबा** दिवस न केवल चंबा के ऐतिहासिक योगदान को याद करने का अवसर है, बल्कि यह इसकी समृद्ध परंपराओं, कला और विरासत के संरक्षण का संकल्प भी है। यह नगर, जिसने कला, विज्ञान, आध्यात्म और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है, हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में सदैव गौरवशाली रहेगा।

# हिमाचल पर कर्ज का बोझ और माफिया का राज : जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गुराड़ पंचायत (चंबा) भाजपा नेता और एडवोकेट जय सिंह ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए हिमाचल की बिगड़ती आर्थिक हालत और माफिया राज को लेकर गंभीर आरोप लगाए।

जय सिंह ने खुलासा किया कि जेपी नड्डा के प्रयासों से केंद्र सरकार ने अब तक हिमाचल को 22,000 करोड़ रुपए की सहायता दी, जिसमें मनाली आपदा राहत के लिए 3,000 करोड़ भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा के प्रयासों से बिलासपुर में अस्पताल खोला गया और चंबा, हमीरपुर, नाहन मेडिकल कॉलेजों के लिए 265-265 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई। उन्होंने दावा किया कि हर साल हिमाचल को 11,000 करोड़ रुपये मिलते हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार उसका सही इस्तेमाल करने में नाकाम रही।

**कहा-केंद्र सरकार ने अब तक दी 22,000 करोड़ की सहायता**



### हिमाचल पर 1 लाख करोड़ का कर्ज, सरकार लाचार

**जय** सिंह ने सुक्खू सरकार को हिमाचल की आर्थिक बर्बादी का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि 30,000 करोड़ का नया कर्ज लिया गया और हाल ही में 322 करोड़ का अतिरिक्त लोन उठाया गया। अब प्रदेश 1 लाख करोड़ रुपए के क़र्ज़ तले दब चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन माफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया और कबाड़ माफिया का सरकार पर पूरा कब्जा हो चुका है और कानून-व्यवस्था चरमराने लगी है।

### युवाओं को नौकरी नहीं महिलाओं को 1,500 भी नहीं

**जय** सिंह ने कांग्रेस सरकार को वादाखिलाफी का आरोपी बताते हुए कहा कि न नौकरी मिली, न महिलाओं को 1,500 रुपए, न बिजली सबसिडी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही हाल रहा, तो हिमाचल दिवालिया होने की कगार पर पहुंच जाएगा। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में जय सिंह का यह बयान निश्चित रूप से एक नई बहस को जन्म देगा और कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है। अब सवाल ये है कि क्या कांग्रेस सरकार इन आरोपों का कोई जवाब देगी या चुप्पी साधे रहेगी?

### 1 किलो 570 ग्राम चरस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत जिला चंबा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बीती रात करीब 12 बजे चंबा-साहो मार्ग पर स्थित फुलनुताला चौक के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कुल 1 किलो 570 ग्राम चरस (कैनेबिस) बरामद की है। इस संबंध में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान 37 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र मान सिंह निवासी गांव ललुईन, डाकघर सिलाघराट, तहसील व जिला चंबा के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस की टीम नियमित जांच अभियान चला रही थी, तभी संदेह के आधार पर आरोपी को रोका गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से कुल 1 किलो 570 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी इस नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहा था या फिर इसे किसी खास उद्देश्य के लिए रखा गया था। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

# चुवाड़ी परीक्षा केंद्र के अधीक्षक उपाधीक्षक पर एक्शन, ड्यूटी से हटाए

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र बांटने का मामला
- नए अधीक्षक और उपाधीक्षक तैनात करने के आदेश

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने चम्बा जिला के चुवाड़ी परीक्षा केंद्र के अधीक्षक और उपाधीक्षक को हटा दिया है।

ये कार्रवाई 7 मार्च को 10वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 12वीं कक्षा का प्रश्नपत्र आबंटित करने पर की गई है, साथ ही उपनिदेशक उच्च शिक्षा चंबा को भी शिक्षा बोर्ड ने नए अधीक्षक और उपाधीक्षक की तैनाती के निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि आगामी परीक्षाएं सुचारू रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी परीक्षा केंद्र में करवाई जा सकें।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को चंबा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी परीक्षा केंद्र में अधीक्षक ने दसवीं के अंग्रेजी विषय की जगह जमा दो कक्षा के अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र 30 परीक्षार्थियों में बांट दिया था। गलती का पता चलने पर उन्होंने इन्हें एकत्र कर लिया और दसवीं के प्रश्नपत्र बांटें।

इस संबंध में शिक्षा बोर्ड के पास ई-मेल से सायं साढ़े चार बजे शिकायत प्राप्त हुई। बोर्ड अधिकारियों ने पहली बार लॉन्च की गई एग्जाम मित्रा मोबाइल एप के तहत परीक्षा शुरू होते ही वीडियो अपलोड करवाए जाने की सुविधा के तहत डाटाबेस में उपलब्ध वीडियो की जांच की तो शिकायत सही पाई। प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग होने पर शनिवार को होने वाली जमा दो की अंग्रेजी विषय की परीक्षा को स्थगित कर दिया। साथ ही उपसचिव की अध्यक्षता में टीम में बनाकर जांच के लिए चुवाड़ी भेजा। सारी प्रक्रियाओं के बाद अब इस मामले में अधीक्षक और उपाधीक्षक को भी संबंधित परीक्षा केंद्र से हटा दिया गया है।

उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के मुताबिक चुवाड़ी परीक्षा केंद्र के अधीक्षक और उपाधीक्षक को हटा दिया गया है। साथ ही उपनिदेशक उच्च शिक्षा चंबा को निर्देश कर दिए गए हैं कि वह नए अधीक्षक और उपाधीक्षक की तैनाती करें, ताकि आगामी परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित की जा सकें।

# छतराड़ी स्कूल में अतिरिक्त कक्षाएं शुरू

**ओपी शर्मा, भरमौर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी में बच्चों की अतिरिक्त क्लास लगाने पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है। पहले से ही स्टाफ की मार झेल रहे गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी में इस पहल का सभी ने जमकर स्वागत किया है। गौरतलब है अपने आप में ऐतिहासिक स्कूल होने की वजह से वर्तमान में यह स्कूल स्टाफ और सुविधाओं के अभाव में चल रहा है। लोगों ने यहां पर कार्यकारी प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार कि इस पहल का जमकर स्वागत किया है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुखपाल शर्मा ने कहा है की स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की अतिरिक्त क्लासेस लेने से अभिभावकों में खुशी है। उन्होंने कहा है कि यहां पर स्टाफ की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ रहा है। लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त क्लासेस लगाकर बच्चों के सिलेबस को जिस तरीके से कवर करवाया जा रहा है अब बहुत ही काबिले तारीफ है।



वर्तमान में सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी दशकों पुराना स्कूल माना जाता है। वर्ष 1954 से ही स्कूल लगातार होनहार प्रदेश को दे रहा है। हालांकि यहां पर स्कूल में मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने स्टाफ की कमी को जल्द से पूरा करने के लिए कई बार अभिभावक स्कूल प्रबंधन समिति व स्थानीय प्रतिनिधि सरकार को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन स्टाफ की कमी के चलते यहां पर कई बार बच्चों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़कर दूसरे स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए जाना पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल प्रबंधन ने अतिरिक्त समय में बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया है।

# नाकाबंदी में चिट्टे की खेप बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चम्बा पुलिस ने एक बार फिर नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। परेल के पास नाकाबंदी के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार (पीबी18,-5690) से 4.80 ग्राम चिट्टा बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों की पहचान अजय कुमार (27), गुरप्रीत सिंह (20) और मणि (31), सभी निवासी बटाला, पंजाब, के रूप में हुई है।

पुलिस ने पठानकोट-चंबा-भरमौर एनएच-154ए पर रेन शेल्टर परेल के पास गश्त के दौरान कार को जांच के लिए रोका। शक के आधार पर तलाशी लेने पर चिट्टा बरामद हुआ। एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि नशे की खेप कहां से आई और इसे कहां ले जाया जा रहा था, इस पर गहन पूछताछ जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

इस सराहनीय कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की जितनी तारीफ की जाए, कम है। एसपी अभिषेक यादव के नेतृत्व में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए नशा तस्करी पर करारा प्रहार किया है।

पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि चम्बा को नशामुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है।

### किलाड़ से सेचू मार्ग पर हटाई बर्फ, यातायात शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** किलाड़ से सेचू मार्ग पर लोक निर्माण विभाग ने बर्फ हटाकर यातायात सुचारू करवा दिया है। 18 किलोमीटर मार्ग पर बर्फ की मोटी पर्त को हटाने के लिए विभाग की तरफ से दो जेसीबी लगाई गई थी। साथ ही विभागीय मजदूर भी इस कार्य में लगाए गए थे। पांगी में पचास प्रतिशत संपर्क मार्ग बहाल हो चुके हैं।

जबकि अन्य मार्गों को बहाल करने का कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रवि कुमार शर्मा ने बताया कि मौसम साफ रहा तो आगामी कुछ दिनों में सभी मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिए जाएंगे। वहीं अब लोगों को भी आने-जाने में सुविध मिलेगी।

**सूडोकु नवताल- 7365** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7364 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

10 मार्च, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** दशमी (07:47): **नक्षत्र** पुनर्वसु (11:56), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** सौभाग्य (02:57) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08-12:55), **राहुकाल** (04:57-06:25)।

**विशेष दिन**

- 10 मार्च 2025 : रंगभरी एकादशी आज।
- 10 मार्च 2025 : आमला एकादशी आज।

**मेष:** आप आज हर कार्य सोच-विचार कर करें। धैर्य रखें, जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी पचड़े में पड़ सकते हैं।

**वृषभ:** समस्या के निदान के लिए कार्य स्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तुरंत लाभ होगा। हवाई यात्रा के योग बन रहे हैं। पारमार्थिक कार्यों में शामिल होंगे।

**मिथुन:** बेहतर उन्नति के लिए अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। एक समय पर एक ही काम करें। अधिकारी वर्ग प्रभावित होगा।

**कर्क:** ग्रह अनुकूल है। आज के दिन आपके कार्यों में गति आएगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिल सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** सफलता के पीछे आपके परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ्य पर धन खर्च होगा। पारिवारिक आयोजन से दूरियां मिट सकती हैं।

**कन्या :** कानूनी अड़चनें आ सकती हैं। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे। विदेश जाने के योग हैं। नया व्यपार शुरू हो पाएगा।

**तुला:** समय रहते अपनी गलतियां सुधार करें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते हैं। किसी प्रभाव कारी व्यक्ति से मुलाक़ात हो सकती है।

**वृश्चिक:** व्यर्थ सोचना बंद करें। 10 आपके शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, सतर्क रहें। हनुमान जी की सेवा से लाभ होगा।

**धनु:** पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मौज मस्ती पर धन खर्च होगा।

**मकर :** समय की अस्थिरता से परेशान रहेंगे। परिवार में आई समस्या का निदान होगा। रंगमंच से जुड़े जातकों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** अनजान पर भरोसा न करें। आज भी कार्य पूरे नहीं हो पाएंगे। खानपान पर पूर्ण नियंत्रण रखें। खर्च से बजट प्रभावित होगा।

**मीन :** व्यापारिक उन्नति के अवसर हैं। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। बर्तन व्यापारियों के लिए समय उपयुक्त है। परोपकारी बनें।

**जुनून** | चंबा की शान एशिया रैली चैंपियन दिवाकर कालिया

# चंबा को मिली मोटरस्पोर्ट्स में नई पहचान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के बेटे दिवाकर कालिया ने अपनी रफ्तार, जुनून और दृढ़ संकल्प से न केवल भारत, बल्कि एशिया के कठिनतम रैली ट्रैक्स पर भी जीत हासिल की है। 2010 से मोटरस्पोर्ट्स में सक्रिय दिवाकर ने 2013 में सजोबा रैली से अपनी करियर की शुरुआत की, जहां उन्हें बेस्ट स्पोर्ट्समैन अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके बाद उन्होंने 2016 और 2017 में सजोबा सब-हिमालयन रैली में लगातार दो बार जीत दर्ज की और फिर 2018 में एशिया की सबसे कठिन मानी जाने वाली रेड डे हिमालय (लगभग 2000 किमी) में ओवरऑल विजेता बने। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए 2019 में उन्हें चंबा रत्न से सम्मानित किया गया, जो युगल पुरी द्वारा प्रदान किया गया।



### दिवाकर कालिया बने एक प्रेरणा

**दिवाकर** कालिया सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक प्रेरणा हैं, जिन्होंने न केवल मोटरस्पोर्ट्स में सफलता हासिल की, बल्कि अपने शहर चंबा को पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया। उनकी मेहनत और समर्पण ने चंबा को एशिया के मोटरस्पोर्ट्स नक्शे पर एक खास जगह दिलाई है, जिससे यह क्षेत्र अब भारत के सबसे रोमांचक मोटरस्पोर्ट्स डेस्टिनेशनों में गिना जाता है।

मोटरस्पोर्ट्स में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद दिवाकर ने चंबा को एक मेजर एडवेंचर और मोटरस्पोर्ट्स डेस्टिनेशन बनाने की पहल की। 2021 में उन्होंने प्रशासन को रैली ऑफ चंबा का प्रस्ताव दिया, जिसे जबरदस्त समर्थन मिला। इसके बाद उन्होंने ब्राउनबियर मोटरस्पोर्ट्स क्लब रजिस्टर करवाकर चलो चंबा अभियान के तहत रैली ऑफ चंबा का सफल आयोजन किया, जिसमें पूरे भारत से प्रोफेशनल रेसर्स ने भाग लिया। यह रैली भारत की सबसे लोकप्रिय रैलियों में से एक बन गई, जिसे राष्ट्रीय मीडिया में भी खास पहचान मिली। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री जयराम ने किया, जबकि पुरस्कार वितरण केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा किया गया।

दिवाकर ने सिर्फ चंबा तक सीमित नहीं रहते हुए 2022 में रैली ऑफ चंबा 2 का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य पांगी टूरिज्म को प्रमोट करना था। इस रैली के बाद पांगी क्षेत्र में भी पर्यटन को एक नई पहचान मिली। उन्होंने रैली का आयोजन भी शुरू किया, जो आम लोगों के लिए भी खुली थी, जिससे मोटरस्पोर्ट्स का रोमांच हर किसी तक पहुंच सके।

इसके अलावा, सितंबर 2021 में रैली ऑफ चंबा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने चंबा से साच पास तक का रोमांचक सफर तय किया। इन सभी रैलियों को सफल बनाने में प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा।

वे विंटावर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक आईटी कंपनी चला रहे हैं, जहां वे नए फ्रेशर्स को ट्रेंड करने और लाइव प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर देते हैं। उनकी कंपनी न केवल इंटर्नशिप प्रदान करती है, बल्कि अच्छे प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवारों को नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराती है।

# निराकार का विस्तार हर जगह, यह कभी खत्म होने वाला नहीं : सुनीता





साप्ताहिक सत्संग के दौरान प्रवचन करती बहन सुनीता व मौजूद लोग।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें बहन सुनीता ने प्रवचन करते हुए फरमाया कि निराकार का विस्तार हर जगह है यह विस्तार कभी खत्म होने वाला नहीं है। हम अपनी सोच का विस्तार करें और अपने स्वभाव में अच्छाईयों को आने दें। यह देखें कि हमारे जीवन के हर पहलू में अच्छाईयों का ही विस्तार हो।

सुनीता ने कहा कि जीवन में सुकून चाहिए तो सबसे पहले इस स्थिर परमात्मा के साथ जुड़ना होगा। संसार में आये हैं तो इन्सान बनकर जिएं, दुनिया के लिए वरदान बनकर जिएं। हर तरफ परमात्मा है, इसलिए हर तरफ अच्छाईयां भी हैं। असलियत साथ जुड़ना है तो इंसानियत का ही एक मात्र रास्ता जो रूहानियत के रास्ते से ही होकर जाता है। अगर हमें एक सच्चा इंसान बनना है तो पहले इस असलियत के साथ जुड़ना होगा।

हम जितना ज्यादा इस रुहान के साथ जुड़ेंगे, उतने ही अच्छे इंसान बनते जाएंगे, फिर सभी मानवीय गुण हमारे अंदर बसते रहेंगे और वो हमारे जीवन जीने का ढंग बन जाएंगे।

हर समय परमात्मा से जुड़कर रहें ताकि अपनी गलतियों, बुराईयों और अंदर की नकारात्मकता (निगेटिविटी) के गुलाम न रहें। ये सांसारिक आजादी भी उतनी ही जरूरी है, जितनी रूह की आजादी जरूरी है। निराकार को जानकर जीते-जी ही इस रूह ने आजाद होना है। इसके बाद फिर ये शरीर चाहे खत्म होगा पर आत्मा को पता है कि परमात्मा कहां है और इसने इससे ही एक दिन इकमिक होना है।(अनंत ज्ञान)

"**किसी** की निंदा न करें, अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरूर बढाएं। **–स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# मणिपुर फिर अशांत

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित मणिपुर राज्य, लंबे समय से जातीय संघर्ष और हिंसा का सामना कर रहा है। हिंसा की आग यहां थमने का नाम ही नहीं ले रही है। इंफाल में कुकी समुदाय और सुरक्षाबलों के बीच हुई झड़प को किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि हिंसा किसी मसले का हल नहीं हो सकती। राज्य में मुख्यत: मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष वर्षों से जारी है, जो जटिल सामाजिक, राजनीतिक और ऐतिहासिक कारणों से उत्पन्न हुआ है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया आवाजाही (फ्री मूवमेंट) अच्छी पहल है जिसका उद्देश्य मैतेई और कुकी समुदायों के बीच आवागमन को सुविधाजनक बनाना है। दो वर्षों के प्रतिबंधों के बाद, केंद्र सरकार ने मणिपुर में इन दोनों समुदायों के लोगों के लिए स्वतंत्र आवाजाही की अनुमति देने का आदेश दिया है। इस पहल के माध्यम से, इंफाल से सेनापति और चुराचांदपुर जैसे प्रमुख मार्गों पर बस सेवाएं फिर से शुरू की गई हैं, जिससे दोनों समुदायों के बीच संपर्क बढ़ाने की उम्मीद है। हैरानीजनक यह है कि फ्री मूवमेंट की शुरुआत के बावजूद, मणिपुर में हिंसा हुई। कुकी समुदाय के लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और कई सुरक्षाकर्मियों का घायल होना चिंताजनक है। कुकी समुदाय इस पहल का विरोध इसलिए कर रहा है, क्योंकि उनकी मांग है कि जब तक उन्हें अलग प्रशासनिक व्यवस्था नहीं मिलती, तब तक वे स्वतंत्र आवागमन की अनुमति नहीं देंगे।

यह घटनाक्रम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मणिपुर में सभी वाहनों की आवाजाही को लेकर दिए गए निर्देशों के बाद घटित हुआ है। मई 2023 में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अढ़ाई सौ से अधिक जानों की बलि ले चुका है और लगभग 50,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं। यह संघर्ष मुख्यत: भूमि, नौकरियों और राजनीतिक प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा के कारण है, साथ ही अवैध हथियारों की मौजूदगी भी हिंसा को बढ़ावा दे रही है। इन दोनों समुदायों की लड़ाई से मुक्ति न मिल पाने के पीछे के अहम कारण हैं। दोनों समुदायों के बीच ऐतिहासिक विवाद और अविश्वास ने वर्तमान संघर्ष को जन्म दिया है। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से पर्याप्त राजनीतिक पहल की कमी ने भी स्थिति को और बिगाड़ा है। भूमि और संसाधनों पर नियंत्रण को लेकर दोनों समुदायों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा हिंसा को बढ़ाती है, जिस पर लगाम लगाना बेहद लाजिमी है। सुरक्षा बलों की कार्रवाई और निष्क्रियता पर दोनों पक्ष आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। निश्चित रूप से इससे अविश्वास बढ़ा है। सरकार को शांति बहाली के लिए जल्द से जल्द संवाद की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। दोनों समुदायों के नेताओं और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद स्थापित करना आवश्यक है। विशेष प्रशासनिक व्यवस्था पर विचार करन भी श्रेयस्कर रहेगा। कुकी समुदाय की मांग के अनुसार, पहाड़ी जिलों के लिए अलग प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। दोनों समुदायों के लिए समान आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए विकास योजनाओं को लागू करना चाहिए। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में निष्पक्षता और मानवाधिकारों का सम्मान सुनिश्चित करना समय की मांग है, क्योंकि इससे विश्वास की भावना ज्यादा जागृत होगी। विस्थापित लोगों के पुनर्वास और प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करना चाहिए। हालांकि आवाजाही से संबंधित मसले को हल करने में सरकार ने कई प्रयास किए हैं, लेकिन कुछ चूक के कारण स्थिति जटिल बनी हुई है। सरकार ने फ्री मूवमेंट की शुरुआत से पहले मैतेई और कुकी समुदायों के बीच गहरे अविश्वास और ऐतिहासिक तनाव को पर्याप्त रूप से नहीं समझा। इससे समुदायों के बीच विरोध और हिंसा की संभावना बढ़ गई। इसके अलावा सरकार ने फ्री मूवमेंट लागू करने से पहले संबंधित समुदायों, स्थानीय नेताओं और नागरिक समाज के साथ व्यापक संवाद स्थापित नहीं किया।

इससे निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी रही और समुदायों में असंतोष बढ़ा। फ्री मूवमेंट को लागू करते समय सरकार ने स्थानीय संवेदनाओं और ऐतिहासिक संदर्भ को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। सरकार को अब मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संवाद स्थापित करने के लिए मध्यस्थता करनी चाहिए। स्थानीय नेताओं, नागरिक समाज और अन्य हितधारकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करनी चाहिए। फ्री मूवमेंट जैसे निर्णय लेने से पहले सरकार को स्थानीय संवेदनाओं, ऐतिहासिक संदर्भ और समुदायों की विशेष आवश्यकताओं को समझना चाहिए। इससे नीतियों की स्वीकृति बढ़ेगी और विरोध की संभावना घटेगी। सरकार को निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। फ्री मूवमेंट के उद्देश्यों, लाभों और संभावित प्रभावों के बारे में समुदायों को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। विरोध प्रदर्शनों के दौरान सरकार को संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए और हिंसा से बचने के लिए संवाद और मध्यस्थता का प्रयास करना चाहिए। नीति निर्माण और कार्यान्वयन में समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और आदिवासी समुदायों को शामिल करना चाहिए। इन कदमों के माध्यम से सरकार मणिपुर में आवाजाही से संबंधित मसले को संवेदनशीलता और समझदारी से हल कर सकती है, जिससे राज्य में स्थायी शांति और विकास संभव हो सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# मशहूर भारतीय महिला एथलीट

**प्रियंका** गोस्वामी भारतीय महिला एथलीट हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में कमाल का प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 हजार मीटर रेस वॉक (पैदल चाल) में भारत के लिए रजत पदक जीता है। इस खिलाड़ी ने अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश को पदक दिलाया। प्रियंका गोस्वामी ने 43-38.82 समय में रेस पूरी की। इस जीत के साथ ही प्रियंका गोस्वामी ने इतिहास रच दिया है। वह पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, जिसने कॉमनवेल्थ गेम्स में पैदल चाल में पदक हासिल किया है। प्रियंका गोस्वामी ने टोक्यो ओलिंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन तब वह 17वें स्थान पर रही थीं। प्रियंका गोस्वामी भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं। वह मूल रूप से मेरठ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। उन्होंने 20 किलोमीटर वॉक रेस में देश के लिए कई पदक जीते हैं। उन्होंने 2021 में टोक्यो ओलिंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। प्रियंका गोस्वामी के पिता मदनपाल गोस्वामी यूपी रोडवेज में कंडक्टर की नौकरी करते थे, पर किसी कारण से उनकी नौकरी चली गई। ■



प्रियंका गोस्वामी
जन्म : 10 मार्च, 1996



कविता

## वजूद की तलाश में नारी

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं (बिलासपुर)

*सदियों से जुल्म सहे हैं वो बदस्तूर अभी भी है जारी,*
*अपने वजूद की तलाश में क्यों भटक रही है अभी भी नारी।*
*पढ़ लिख कर छू रही है आसमान,*
*जो कभी इन रास्तों से थी अनजान।*
*तो बेटी बहन की उतनी ही इज्जत पाओगे,*
*नारी चाहे कितनी भी हो जाए शक्तिशाली।*
*आज भी बेटी अकेली जाने से है घबराती,*
*कितनी तरक्की हमने की है जरा सोचो।*
*यह हमारी मानसिकता का एहसास है कराती,*
*सदियों से हमारी मानसिकता कैसे बदल जाएगी।*
*नारी जब आजाद होगी वह भोर कब आएगी,*
*आखिर कब तक नारी पर होता रहेगा अत्याचार।*
*इस दुनियां को यह बात कब समझ आएगी,*
*मैं कौन हूं कहां से आई मेरा कौन सा है ठिकाना।*
*अपने पास रखते नहीं कहते दूसरे के घर है जाना,*
*बजूद की तलाश में भटक रही हूं अब तक,*
*आखिर कब तक मुझे है यूं ही भटकते जाना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ट्रंप के 'टैरिफ वार' से दुनिया में हाहाकार



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'टैरिफ वार' से दुनियाभर में हाहाकार मचा है। ट्रंप ने जबसे दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार संभाला है तबसे उन्होंने अपने दोस्त और दुश्मन देशों पर टैरिफ लगाने की जैसे मुहिम ही शुरू कर दी है। ट्रंप अपनी नीतियों के कारण अक्सर विवादों में रहे हैं, खासकर उनकी विदेश और आंतरिक नीतियों को लेकर। ट्रंप अमेरिकी हितों को सर्वोपरि मानते हैं इसलिए उन्होंने कई देशों के साथ व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों को चुनौती दे दी है। सबसे पहले अमेरिका ने मैक्सिको और कनाडा पर टैरिफ लगाने की घोषणा की। इसके बाद चीन, ब्राजील और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ भारत पर भी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। यही नहीं, ट्रंप ने रूस को भी झटका दे दिया है यानी अमेरिका अब रूस पर भी टैरिफ लगाएगा, जबकि ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के संबंध काफी प्रगाढ़ हैं। भारत को यह उम्मीद नहीं थी, क्योंकि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अमेरिका गए थे तो ट्रंप ने मोदी को अपना 'पक्का दोस्त' बताया था और यह भी कहा कि हमने आपको बहुत मिस किया। पिछले साल 2024 में भारत और अमेरिका के बीच 130 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। ट्रंप मोदी की मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने 2030 तक इस व्यापार को 500 अरब डालर तक ले जाने की हामी भरी थी, लेकिन जिस तरह ट्रंप मनमानी पर उतर आए हैं यह लक्ष्य पूरा होना कठिन प्रतीत हो रहा है। भारत के साथ अमेरिका के संबंध खराब न हों इसलिए ट्रंप यह दावा कर रहे हैं कि अमेरिका से एक्सपोर्ट होने वाले सामान पर लगने वाले टैरिफ में भारत भारी कटौती करने को तैयार हो गया है, जबकि भारत ने ऐसी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, क्योंकि अभी तक व्यापार को लेकर दोनों देशों ने कोई एमओयू भी साइन नहीं किया है। हां, वार्ता जरूर जारी है। अब ट्रंप के इस बयान का विपक्षी दल यह मतलब निकाल रहे हैं कि भारत अमेरिका के आगे झुक गया है। दूसरी तरफ टैरिफ के ऐलान से चिढ़े चीन ने भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया है यानी वह भारत के साथ मिलकर चलना चाहता है तथा ज्यादा से ज्यादा व्यापार करने का इच्छुक है। ट्रंप से चोट खाने के बाद अब चीन को भारत की दोस्ती याद आ रही है।

टैरिफ वार की वजह से चीन और अमेरिका के संबंध निम्न स्तर पर पहुंच गए हैं। चीन तल्ख लहजे में यहां तक कह गया है कि यदि ट्रंप ने अपना अड़ियल रवैया न बदला तो वह अमेरिका के साथ हर तरह की जंग लड़ने से भी पीछे नहीं हटेगा। कनाडा और मेक्सिको के लिए संतोष की बात यह है कि ट्रंप ने इन दोनों देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले को फिलहाल एक महीने के लिए टाल दिया है। ट्रंप कनाडा के ऊपर ज्यादा ही गुस्सा हैं। कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी के साथ ही ट्रंप ने कनाडा को 51वां राज्य बनाने की बात तक कह दी थी। ट्रंप के इस बयान के बाद कनाडा ने अमेरिकी सामानों का बायकॉट शुरू कर दिया है। दिन-प्रतिदिन बदलते इन घटनाक्रमों से ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया में टैरिफ वार वाकई शुरू हो गया है। ट्रंप का कहना है कि कई देश हम पर सालों से टैरिफ लगा रहे हैं, अब समय आ गया है कि 'जैसे को तैसा' जवाब दिया जाए। ट्रंप का यह रवैया किसी भी देश को रास नहीं आ रहा है और उनमें अविश्वास की भावना पैदा हो रही है। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान रेसिप्रोकल टैरिफ का जिक्र किया था। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जब एक देश किसी दूसरे देश से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ (आयात शुल्क) लगाता है, तो दूसरा देश भी उसी अनुपात में उस देश के उत्पादों पर टैरिफ लगा देता है। इसे सरल भाषा में 'जैसे को तैसा' नीति कहा जा सकता है, जिस पर ट्रंप चल रहे हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' वाली नीति का ही हिस्सा है। वर्ल्ड बैंक के डेटा के अनुसार, कांगो, रिपब्लिक, इक्वेटोरियल गिनी, कैमरून, बेलीज, जिबूटी, चाड, बरमूडा, गैबॉन, केमन द्वीपसमूह, सोलोमन द्वीप दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाते हैं। सबसे कम टैरिफ लगाने वाले देशों में सूडान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, सिंगापुर, जॉर्जिया, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, मॉरिशस, सेशेल्स, हांगकांग (चीन), मकाऊ जैसे कई देश शामिल हैं। इन सबके अलावा दुनियाभर में कुल 188 देश हैं जो विदेशी निर्यात पर टैरिफ लगाते हैं। टैरिफ लगाने के पीछे गहरा मकसद होता है। टैरिफ एक तरह से टैक्स होता है जो दूसरे देशों से आयात किए गए सामान पर लगता है। दरअसल, सरकारें यह कदम अपने देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए उठाती हैं।

## यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

सरकारों को लगता है कि इससे आयात होने वाला सामान महंगा होगा और और उनके देश में बनने वाले सामान की खरीद बढ़ेगी। छोटे व्यापारियों को ज्यादा मौका मिलेगा और देश में नौकरियां भी बढ़ेंगी। आमतौर पर सरकारें व्यापार घाटे की वजह से भी यह कदम उठाती हैं। व्यापार घाटे को बैलेंस करने के लिए भी यह कदम उठाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप अपने भाषणों में कई बार साफ कर चुके हैं कि उन्हें टैरिफ शब्द बहुत पसंद है। उन्हें यकीन है कि टैरिफ अमेरिका और अमेरीकियों को अमीर बना देगा। उन्हें यह भी लगता है कि यही वह चीज है जिसकी वजह से दूसरे देश वह करेंगे जो मैं चाहता हूं। हालांकि, कई अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि इस ट्रेड वार से महंगाई अवश्य बढ़ेगी। यदि अमेरिका भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा देता है तो उससे भारतीय व्यापार और अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। यह निर्णय भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका असर दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में अपनी अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी बनाए रखने के लिए भारत को कई ठोस रणनीतियां अपनानी होंगी, क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में निर्यात का महत्वपूर्ण स्थान है। भारत विशेष रूप से आईटी सेवाएं, रत्न और आभूषण, रासायनिक उत्पाद, कृषि उत्पाद, तथा अन्य औद्योगिक वस्तुएं अमेरिका को निर्यात करता है। अमेरिका की ओर से 100 प्रतिशत टैरिफ की सूरत में भारत के इन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए यह महंगा हो जाएगा। इसके परिणामस्वरूप भारतीय उत्पादों की मांग में कमी आएगी, जो भारत के निर्यात क्षेत्र को प्रभावित करेगा। जब भारत का निर्यात अमेरिका में महंगा हो जाएगा, तो इससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है। व्यापार घाटा तब होता है जब एक देश का आयात उसके निर्यात से अधिक होता है। अमेरिकी टैरिफ के कारण भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा अन्य देशों से कठिन हो सकती है, जिससे भारत को व्यापार घाटे का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी टैरिफ नीति का असर केवल निर्यात पर नहीं, बल्कि आयात पर भी पड़ सकता है। अमेरिका से आयातित वस्तुएं महंगी हो सकती हैं, जिससे भारत में इन उत्पादों की मांग घट सकती है।


इसके अलावा, भारत के अन्य व्यापारिक साझेदार देशों से भी टैरिफ बढ़ने की संभावना है, जिससे वैश्विक व्यापार पर असर पड़ेगा। अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ने से विदेशी निवेशकों का विश्वास भी प्रभावित हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने से हिचकिचाती हैं या भारतीय कंपनियां अमेरिका में अपने निवेश को कम करती हैं, तो इससे भारतीय बाजार में निवेश की कमी हो सकती है। निवेश की कमी से भारतीय उद्योगों में विकास की गति धीमी पड़ सकती है। जब भारतीय निर्यात महंगा होगा, तो इसके परिणामस्वरूप भारत के घरेलू उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसके कारण, उपभोक्ताओं के लिए वस्तुएं महंगी हो सकती हैं, जिससे महंगाई दर में वृद्धि हो सकती है। इससे घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा। ऐसे विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि अमेरिका अपने 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के निर्णय पर पुनर्विचार करे। भारत को यह समझाना चाहिए कि दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों से दोनों को लाभ होता है और ऐसे टैरिफ से वैश्विक व्यापार को नुकसान होगा। भारत को अपनी व्यापारिक साझेदारियों में विविधता लाने की दिशा में भी काम करना चाहिए। अमेरिका पर निर्भरता को कम करने के लिए भारत को नए बाजारों की तलाश करनी चाहिए। यूरोपीय संघ, एशियाई देशों और अफ्रीका के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने से भारत को वैश्विक बाजार में बेहतर स्थिति मिल सकती है। भारत को उन देशों से भी व्यापार बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए जो अमेरिका के टैरिफ से प्रभावित नहीं होते हैं। भारत को घरेलू उत्पादन और उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि यह देश के भीतर रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन जैसे कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाना होगा। इससे भारतीय उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बढ़त मिल सकती है।

भारत को व्यापारिक समझौतों को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। यदि अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ता है, तो भारत को अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विशेष रूप से भारत को यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों के साथ व्यापारिक समझौतों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। भारत को अपनी व्यापार नीति में सुधार लाना चाहिए ताकि वह अधिक प्रतिस्पर्धी बन सके। विशेषकर, निर्यात क्षेत्रों के लिए नीति सुधार, बेहतर बुनियादी ढांचा, कर प्रणाली में सुधार और व्यापार नियमों को सरल बनाना भारत की व्यापारिक स्थिति को मजबूत कर सकता है। इसके साथ ही भारत को छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए विशेष सहायता प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे वैश्विक व्यापार में भाग ले सकें। अमेरिकी टैरिफ के कारण भारत के कुछ उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में, भारत को अपनी घरेलू बेरोजगारी दर को कम करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। उद्योगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत की जा सकती है, ताकि श्रमिकों को नई उद्योगों में अवसर मिल सके। अमेरिका की ओर से भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने से भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, खासकर निर्यात, व्यापार घाटा, विदेशी निवेश और घरेलू मूल्यवृद्धि के संदर्भ में। हालांकि, यदि भारत सही रणनीतियां अपनाता है, तो यह स्थिति एक अवसर में बदल सकती है। भारत को अपनी व्यापार नीति को लचीला और विविधीकृत बनाना चाहिए, साथ ही अपने कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत करना चाहिए, ताकि वह अमेरिका जैसे प्रमुख व्यापारिक साझेदार से होने वाले नुकसान को कम कर सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत और अमेरिका के संबंध यथावत मधुर बने रहेंगे और ट्रंप भी भारत को आर्थिक चश्मे से नहीं देखेंगे।

रिस्पांस करें: ditoranantgyaan@gmail.com

# भारत एक ऐसा देश, जहां देश की भूमि की कल्पना ही एक नारी

भारत मां के रूप में की जाती है और भारत माता के रूप में ही पूजा भी जाता है, ऐसा राष्ट्र व समाज जहां प्राचीन समय से ही नारी की देवी के रूप में पूजा की जाती है तथा नारी को देवतुल्य समझा जाता है, लेकिन जैसे-जैसे वक्त का पहिया घूमा समाज में देवी रूपी महिलाओं को हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया चाहे, वो महिलाओं के प्रति अत्याचार हो अपराध हो या दहेज के लिए शोषण हो, इन धारणाओं से समाज में महिला सशक्तिकरण की आवाज आज बुलंद हुई है इसमें सबसे विशेष तो यह है कि सशक्तिकरण तो महिलाओं का होना है, लेकिन इसमें अहम भूमिका पुरुषों ने निभानी है यह भूमिका एक पुरुष बतौर पिता, पुत्र, भाई, पति व मित्र इत्यादि के रूप में निभाएंगे अगर पुरुष इन भूमिकाओं की अदायगी एक आदर्श रूप में करें तो स्वत: ही महिलाओं के जीवन स्तर में उत्थान व विकास तीव्र गति से होगा, लेकिन महिलाओं को भी अपने लिए सशक्त होने की आवश्यकता है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय बड़सर

कुछ महिलाएं अपने घर तक ही सीमित रहती है, लेकिन जब एक पुरुष उस महिला को शक्ति प्रदान कर उसके साथ चलता है तो स्थिति में बदलाव आता है इस स्थिति को सही मायने में सशक्तिकरण का नाम दिया जाता है। महिलाएं परिस्थितियों के आगे नतमस्तक होकर अपने सम्मान, स्वाभिमान, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार तक को त्यागने लग जाती है, लेकिन इन परिस्थितियों में भी उसके साथ देने के लिए कोई खड़ा होता है तो एक पिता होता है व एक पुत्र होता है या फिर एक शिक्षक होता है। समाज में रूढ़िवादी सोच का पिटारा सिर पर लिए घूमते बहुत लोग नजर आएंगे, लेकिन उसी समाज में ऐसे भी लोग है जो महिलाओं के प्रति सम्मान और बराबरी की सोच रखते हैं। आज हर जगह चाहे वह गांव हो या शहर प्रत्येक जगह महिला सशक्तिकरण की चर्चा होती है, लेकिन जिस गति से सुधार की परिकल्पना की जाती है वैसा सुधार अभी तक देखने को नही मिलता। महिलाएं सामाजिक परिवेश में विभिन्न भूमिकाएं निभाती है।

आज हर क्षेत्र में महिलाएं, पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि समाज उन्हें नजरअंदाज करता है, लेकिन समाज में साथ देने वाले लोग होंगे, तो भारतीय समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है, जिससे नारी सशक्तिकरण



अवश्य सिद्ध है। 2011 की जनगणना के अनुसार 48.1प्रतिशत देश की आधी आबादी महिला आबादी है। जब देश की आधी आबादी संकट में हो तो शेष आबादी का यह कर्तव्य बनता है कि वे चुप न बैठकर इनके उत्थान व विकास में अपना योगदान दें। पुरुषों के महिला सशक्तिकरण के प्रति दृष्टिकोण को उदार बनाना अत्यंत आवश्यक है।

समाज के अधिकांश पुरुष महिलाओं के विकास हेतु अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं तथा पहले भी दिया है। इनमें राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी इत्यादि महान पुरुष हैं जिन्होंने महिलाओं के उत्थान में कार्य किया है इसी श्रेणी में स्वामी विवेकानंद व गुरु नानकदेव जी का भी नाम शामिल है इन्होंने महिला समानता जैसे विषयों को समाज के समक्ष उजागर किया था तथा महिला व पुरुष को एक बराबर अधिकार देने की बात कही थी। महिला सशक्तिकरण की बात तो की जाती है, लेकिन इसी के साथ महिलाओं की सुरक्षा की व्यवस्था सामने उजागर हो जाती है कि महिलाएं देश में आज कितनी सुरक्षित है।

लंबे समय से समाज के अधिकांश पुरुष महिलाओं के विकास हेतु अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। वह महिलाओं के लिए एक ऐसा स्वच्छंद माहौल प्रदान कर रहे हैं जिसमें महिलाएं अपने पंखों को खोल सके और एक नई ऊंची उड़ान भर सके। बात देश के पुरुषों की की जा रही है तो देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक ऐसी योजनाओं का शुभारंभ किया गया है जिससे महिलाओं में खुशी की लहर व एक नई उमंग व सुरक्षा का भाव देखने को मिलता है चाहे वो तीन तलाक जैसे विषय पर कानून बनाना हो सुकन्या समृद्धि योजना हो उज्ज्वला योजना हो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं है जिनसे राष्ट्र की महिलाओं के जीवन स्तर में अनेक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। आधुनिक समय में फिल्मों के जरिए भी महिलाओं के विषय में चर्चा हो रही है पिंक टॉयलेट, बेगम जान, गुलाबी गैंग, बैंडिट क्वीन जैसी फिल्मों ने भारतीय समाज को आईना दिखाया है तथा महिलाओं के हितों व समस्याओं को समाज के समक्ष रखा है इसी श्रेणी में पैडमैन जैसी फिल्में भी अपना एक मुख्य आयाम रखती हैं।

वर्तमान का समय एक ऐसा समय है जिसमें महिलाएं हर क्षेत्र में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं चाहे वह सेना का क्षेत्र हो प्रशासनिक सेवा में सेवाएं देना हो ग्रामीण विकास, शिक्षा क्षेत्र हो या फिर राजनीति क्षेत्र हो हर तरफ महिलाओं का परचम लहरा रहा है। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाएं कार्य नहीं कर रही है। एक सुई बनाने से लेकर हवाई जहाज निर्माण तक का कार्य महिलाएं कर रही है यहां तक कि हवाई जहाज भी आज की महिलाएं उड़ा रही हैं नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं या पुरुषों का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक कार्य है इसके लिए समाज व राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि महिलाओं के उत्थान में अपना हरसंभव योगदान दे तभी भारत एक नए समाज व राष्ट्र विकास गाथा लिख पाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# व्यक्ति का आचरण ही समाज में उसकी पहचान

व्यक्ति समाज की मुख्य इकाई है। व्यक्ति के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती, व्यक्ति है तो समाज है और व्यक्तियों के सामूहिक क्रियाकलाप से ही समाज का निर्माण होता है। व्यक्ति के आचरण, कार्य एवं व्यवहार से सामाजिक क्रियाकलापों का निर्माण होता है जिससे समाज की दिशा तथा दशा निर्धारित होती है।

व्यवहार कुशल व्यक्ति से अभिप्राय उस व्यक्ति की अन्य व्यक्तियों के साथ पारस्परिक, सामाजिक और व्यक्तिगत आदतों से संबंधित व्यवहार से है जो उसकी शिक्षा और कार्यस्थल में सफल प्रदर्शन से संबंधित व्यवहार को दर्शाती है। आसान शब्दों में कहें तो कहां, किससे और किस प्रकार से व्यवहार करना है, उसमें निहित व्यवहार कौशल है। दूसरों की भावनाओं को ठीक-ठीक समझना, उनकी कद्र करना, उनके साथ सच्चाई और स्नेह का व्यवहार करना यही व्यवहार कुशलता है। यही लोकप्रियता के दरवाजे खोलने की कुंजी है। जब लोग त्रस्त हों, पराजित हों या शोकग्रस्त हों तभी उन्हें हमारी सहानुभूति और प्रोत्साहन की जरूरत होती है। इस समय उनकी खिल्ली उड़ाने का दुस्साहस नहीं करना चाहिए। इसके लिए धैर्य, सक्रिय रूप से सुनना, दूसरे व्यक्ति की जरूरतों को समझना, सहानुभूति और संतुलित संचार शैली की जरूरत होती है। यह हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन यह काम व्यक्तिगत रूप से निपटाना या परिस्थितियां उसके अनुकूल बनाना या उसके बारे में कुछ भी कहना अथवा दूसरों के बारे कुछ करना इतना आसान नहीं होता जितना हम सोचते हैं कि यह होना चाहिए। व्यवहार कुशलता में वह शक्ति निहित है जिसके माध्यम से व्यक्ति कई लोगों के साथ प्रेम से रह सकता है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

जीवन का आनंद ले सकता है। वहीं इसके अभाव में पारिवारिक सदस्यों के बीच में भी तालमेल नहीं बन सकता। अच्छे व्यवहार के माध्यम से व्यक्ति दूसरों को क्षण भर में प्रभावित कर सकता है। व्यवहार किसी व्यक्ति की अपने पर्यावरण के प्रति बाहरी प्रतिक्रिया है। सभी व्यवहार, जैसे चिल्लाना, रोना, भागना, या कुछ फेंकना, को देखा और मापा जा सकता है। व्यवहार



की परिभाषा में यह भी शामिल है कि किसी जीव द्वारा किसी प्रकार की संतुष्टि प्राप्त करने के लिए किसी चीज के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में कैसे कार्य किया जाता है। अपने जीवन को और सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल है।

आग्रहिता, समय प्रबंधन, सात्विक चिंतन, संबंधों में सुधार, स्वयं की देखभाल के साथ-साथ ऐसी असहायक आदतों, जैसे -पूर्णतावादी होना, विलंबन या टालना इत्यादि से मुक्ति, कुछ ऐसे जीवन कौशल हैं, जिनसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। कौशल या कुशलता निर्धारित परिणामों को प्राप्त करने अधिगमित अथवा जन्मजात क्षमता भी होती है और उन कि क्षमताओं का विस्तार अर्जित तरीके से भी हो सकता है। इसमें निर्धारित परिणामों के लिए समय और ऊर्जा भी पूर्व निर्धारित होते हैं। कौशल को अक्सर विभाग-सामान्य और विभाग-विशेष के रूप में विभाजित किया जाता है। अच्छे व्यवहार से सफलता पाना बहुत आसान होता है। अच्छे व्यवहार से किसी का दिल आसानी से जीता जा सकता है और हर कार्य को आसान बनाया जा सकता है। व्यावसायिक जीवन की सफलता व्यक्ति के व्यवहार पर ही निर्भर है अपने से बड़ों का आदर सबसे पहले कीजिए। छोटे के प्रति प्रेम की भावना हो। किसी के बारे में कुछ नही बोलना चाहिए चाहे गलत हो या सही। जब भी किसी से मिले मुस्कुराहट के साथ मिले। किसी को भी अपमानित न करे। अपने सहपाठियों के साथ प्रेम पूर्वक समय बिताए। लड़ाई झगड़ों से दूरी बनाकर रखे।

अच्छे आचरण से जिम्मेदारियों को समझने और सामाजिक सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है। अच्छा आचरण जीवन में व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों ही रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें समाज में उचित व्यवहार करने में सक्षम बनाता है। वे हमें सार्वजनिक स्थानों पर लोगों का दिल जीतने में मदद करते हैं। व्यवहारिक कुशलता ही शिक्षा की उत्तम अवस्था है जो व्यक्ति व्यवहार कुशल नहीं उसे सुशिक्षित नहीं कहा जा सकता किस व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करना है किस परिस्थिति के साथ कैसे निपटना है यह बात व्यक्ति की विवेक पर निर्भर करती है और व्यक्ति का विवेक में व्यवहारिक कुशलता का भी एक अभिन्न हिस्सा है व्यवहारिक कुशलता से व्यक्ति में अनुभव आता है जिससे वह समाज की न केवल आंख का तारा बनता है। जिस समाज में हर एक व्यक्ति व्यवहार कुशल होगा वही समाज एक सफलतम समाज होगा, एक आदर्श समाज होगा, एक सुशिक्षित समाज होगा तथा पूर्ण रूप से एक आधुनिक समाज होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता पर किया शिक्षित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट और पिंकिश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से नगर परिषद सुंदरनगर के चांगर वार्ड में मेंस्ट्रुअल हाइजीन अवेयरनेस शिविर का आयोजन रविवार को किया। इस जागरूकता अभियान में लगभग 100 लोगों ने शिरकत जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। इस शिविर में महिलाओं और युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में शिक्षित किया गया और बताया गया कि यदि स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा गया तो संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वयंसेवियों ने कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं है, बल्कि इस विषय पर खुलकर बात करना और जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में 40 महिलाओं को मेंस्ट्रुअल हाइजीन किट भी वितरित की गईं। इस अभियान में क्रयाश टीम के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा के साथ चांगर वार्ड की पार्षद चिंता डोगरा, अनुज सोनी, भानु प्रताप, हंसराज, और यश डोगरा ने भी जागरूक करने और इस पहल को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### धर्म संघ 30 मार्च को मनाएगा हिंदू नववर्ष



**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्म संघ श्री भूत नाथ मंदिर, मंडी की बैठक प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में श्री भूत नाथ मंदिर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में 30 मार्च को सेरी मंच पर हिंदू नववर्ष 2082 उत्सव मनाने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। धर्म संघ श्री भूत नाथ मंदिर, मंडी पिछले तीन वर्षों से हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाते आ रहा है और कार्यकारणी ने यह निर्णय लिया कि इस वर्ष यह उत्सव और भी भव्य स्वरूप में मनाया जायेगा।और यह भी निर्णय लिया कि मंडी के प्रतिष्ठित महानुभावों, सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों, सरकारी कार्यालयों में निमंत्रण भेजे जाएंगे और सभी मंडी वासियों से अनुरोध किया जाएगा कि वह इस धार्मिक कार्य को सफल बनाने में सहयोग दे। हिन्दू नववर्ष उत्सव कार्यक्रम 30 मार्च 25 को प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा और अपराह्न 2 बजे तक समाप्त हो जाएगा।

### कैंसर पीड़ित को इलाज के लिए दी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, नेरचौक/मंडी।** बल्ह क्षेत्र में महिला मंडल बाल्ट द्वारा एक कैंसर पीड़ित के इलाज के लिए सहायता राशि एकत्रित कर प्रदान की गई। महिला मंडल बाल्ट की प्रधान नीलम ठाकुर ने महिला मंडल सदस्य मंजू कुमारी व अपने पति सुरेंद्र कुमार ठाकुर के साथ मिलकर कैंसर पीड़ित युद्धिचंद शर्मा के इलाज के लिए घर घर जाकर सहयोग राशि एकत्रित की, जिसमें मंडल जजरौत की उप प्रधान विमला राणा, सचिव हेमलता ने भी सहयोग दिया। कुल राशि लगभग 1,20,000 रुपए एकत्रित हूए, जो रोगी को प्रदान कर दिए गए। महिला मंडल प्रधान नीलम ठाकुर ने अपने सभी सहयोगियों की तरफ से दानी सज्जनों का आभार व्यक्त किया।

### 'नारी हूं, मैं शक्ति हूं' पर सम्मान समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में रविवार को महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने और उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शांति देवी फाउंडेशन और अनपूर्णा ग्राम संगठन द्वारा 'सशक्त नारी सम्मान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 'नारी हूं, मैं शक्ति हूं' विषय पर आधारित इस छठे वार्षिक समारोह में समाज की प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। समारोह के दौरान शिक्षा, सामाजिक सेवा, उद्यम, खेल और कला के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मेधना ठाकुर मौजूद रहीं। उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए महिलाओं का सशक्त होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें लोक नृत्य, नाट्य मंचन और संगीत की शानदार प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सीएम सुक्खू ने गीतांजलि को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जोगिंद्रनगर की अन्नपूर्णा ग्राम संगठन की गीतांजलि ठाकुर को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। गीतांजलि ठाकुर ने अपने संगठन के माध्यम से स्वरोजगार, बचत समूह और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। सम्मान मिलने पर गीतांजलि ठाकुर ने कहा, यह केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे संगठन और उन सभी महिलाओं का सम्मान है, जो अपने हक और आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत हैं। हमारी कोशिश है कि हर ग्रामीण महिला आर्थिक रूप से सशक्त बने और अपने परिवार व समाज के विकास में योगदान दे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर से कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए नई योजनाओं और सरकारी सहायता की भी घोषणा की, जिससे महिला उद्यमियों को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस उपलब्धि पर जोगिंद्रनगर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने गीतांजलि ठाकुर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### देव कमरुनाग मंदिर में फंसे पर्यटक, किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, गोहर।** मंडी जनपद के बड़ा देव कमरूनाग के मूल मंदिर कमुराह पहुंचे पंजाब के आठ पर्यटक शून्य डिग्री सेल्सियस तापमान में फंसे रहे। सूचना मिलने पर गोहर पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पूरा रात रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और पर्यटकों को सुबह पांच बजे सड़क तक सुरक्षित निकाला। यह घटना उस समय हुई जब ये श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने गए थे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों ने बर्फ से बने साण और रात की भारी ठंड के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर इन श्रद्धालुओं की जान बचाई। बताया जा रहा है कि टैक्सी से पंजाब के जालंधर से आए पर्यटक रविवार को सरयाच में रुके। जहां गाड़ी खड़ी कर सभी करीब दस हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित देव कमरूनाग के मूल स्थान को रवाना हो गए। घंटो बाद देव स्थल पहुंचे तथा अंधेरे की वजह से रास्ता भटक गए। बर्फबारी के बाद इस क्षेत्र में सड़कें और रास्ते बंद हो गए हैं।

# फूलों और रंगों की होगी होली, अन्नपूर्णा मंदिर से निकलेगी ठाकुर जी की परिक्रमा



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर रविवार को सनातन धर्म मंदिर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्री राम कृष्ण आश्रम अन्नपूर्णा मंदिर के श्री अविचल दास महाराज जी ने अध्यक्षता की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार जोगिंद्रनगर में सामूहिक होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 राम मोहन दास रामायणी महाराज जी की प्रेरणा से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व रूद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी करेगी।( अनंत ज्ञान)

### 13 मार्च को निकलेगी ठाकुर जी की भव्य परिक्रमा

**महोत्सव** की शुरुआत 13 मार्च को अन्नपूर्णा मंदिर से ठाकुर जी की रथ यात्रा के साथ होगी। यह भजन-कीर्तन के साथ शहरभर में परिक्रमा करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुगली खड्ड के पास ठाकुर जी के रथ का स्वागत करेंगे। इसके बाद जोगिंद्रनगर बाजार और गुरुद्वारा साहिब से होते हुए यह यात्रा रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां ठाकुर जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और वृंदावन की तर्ज पर फूलों और रंगों की होली खेली जाएगी।

**पहली बार सामूहिक होली महोत्सव**

### रथ यात्रा का भव्य स्वागत

ठाकुर जी का रथ ढेंलू, योरा, डोहग होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही पहुंचेगा, जहां परिक्रमा समाप्त होगी। संगीतमय भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### रथ निर्माण के लिए वृंदावन से आए कारीगर

**महोत्सव** को भव्य बनाने के लिए ठाकुर जी के रथ को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। इसके लिए वृंदावन से कुशल कारीगरों को बुलाया गया है, जो रथ को आकर्षक तरीके से सजाएंगे। इसके अलावा झांकी प्रदर्शन के लिए भी बाहर से विशेष कलाकारों को आमंत्रित किया गया है, जो होली के इस भव्य आयोजन में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### सामाजिक संगठनों की रहेगी भागीदारी

**इस** भव्य आयोजन में व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर, मेला कमेटी, रूद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी, रामलीला कमेटी, नवदुर्गा समिति और बाल गणेशोत्सव कमेटी सहित कई सामाजिक संगठन सहयोग कर रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार, यह महोत्सव समाज में आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने का कार्य करेगा।

### धार्मिक आस्था और संस्कृति का संगम बनेगा होली महोत्सव



**श्री** अविचल दास महाराज ने कहा कि जोगिंद्रनगर में न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि नगर की सांस्कृतिक विरासत को भी संजोने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव आने वाले वर्षों में नगर की विशेष परंपरा बन सकता है, जिससे भक्तिभाव, प्रेम और समरसता का संदेश पूरे समाज में फैलेगा।

विश्व विख्यात त्रिवेणी संगम रिवालसर में आज छम नृत्य हुआ आयोजित, पहुंचे हजारों लोग

# गुरु पद्मसंभव के दिखाए आठ अवतार

**उमेश, सुंदरनगर**

तीन धर्मों की संगम स्थली विश्वविख्यात रिवालसर में आज प्रसिद्ध राज्यस्तरीय छेश्चू मेले के दौरान पारंपरिक छम नृत्य का आयोजन किया गया।

**पवित्र झील परिसर में निकाली शोभायात्रा**

छम नृत्य के जरिए गुरु पद्मसंभव के आठों अवतार को दिखाया गया। इन आठ रूपों में उन्होंने क्या-क्या रूप धारण किया, के बारे में दिखाया गया। छम नृत्य देखने के लिए विदेश, बाहरी राज्यों समेत हिमाचल के विभिन्न जिलों से सैलानी और श्रद्धालु रिवालसर पहुंचे हुए हैं।

इस दौरान विभिन्न बौद्ध धर्म की मान्यताओं का विधिवत निर्वहन किया गया। छम नृत्य का आयोजन पद्मसंभव निग्गमपा मॉनेस्ट्री के प्रांगण में किया गया। इसमें गुरु पद्मसंभव के विभिन्न अवतार को मुखौटे के रूप में दर्शाया गया। छम नृत्य के अनुष्ठान के बाद गुरु पद्मसंभव की मूर्ति व धार्मिक गंथों के साथ पवित्र झील परिसर में एक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)





### रिवालसर तीन धर्मों हिंदू, बौद्ध व सिक्ख की संगम स्थली

**बता** दें कि जिला मंडी के विश्वविख्यात धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रिवालसर में छेश्चू मेला गुरु पदमसंभव के जन्मदिन अवसर पर मनाया जाता है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होता है। रिवालसर तीन धर्मों हिंदू, बौद्ध व सिक्ख की संगम स्थली है। यहां का इतिहास लोमश ऋषि, गुरु गोबिंद सिंह व गुरू पद्मसंभव से जुड़ा हुआ है। रिवालसर धार्मिक पर्यटन के लिए देश व विदेश में प्रसिद्ध है।

### छम अनुष्ठान को निहारने वालों को होती है मोक्ष की प्राप्ति

**मान्यता** अनुसार है छम नृत्य में महान गुरु पद्मसंभव के विभिन्न रूपों गुरु सरोज, गुरु शाक्य, गुरु मतिमान वारुचि, गुरु पद्मसंभव, गुरु पद्मरज, गुरु सूर्य रशिम, गुरु सिंहनाद, गुरु व्रज लोकोत्रर तथा उनकी प्रिय शिष्य रानी मंदरवा व हिस्से डुंगे को मुखौटों के माध्यम से दर्शाया जाता है। छम अनुष्ठान, एक प्रकार की तांत्रिक क्रिया में नर्तक सिर पर विचित्र टोपी, हाथों में अद्भुत हथियार और मुखौटे पहनकर मंजीरा आदि बजाते हुए चक्राकार गति से पीछे मुड़ते, हटते, झुकते, शरीर एवं अंगों के भाव-भंगिमाओं का मनोरम नजारा पेश करते हैं। बौद्ध धर्म में मान्यता है कि छम अनुष्ठान को निहारने वाले मोक्ष प्राप्ति करते हैं। इसलिए यहां देश-प्रदेश से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बौद्ध श्रद्धालु शरीक होकर पुण्य कमाते हैं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शिक्षा विभाग ने आयुष विभाग को हराया



टूर्नामेंट के विजेताओं को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर खेल मैदान में चल रहे नशा मुक्ति चैलेंजर कप विभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शिक्षा विभाग और आयुष विभाग के बीच हुआ, जिसमें शिक्षा विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आयुष विभाग को हराकर ट्रॉफी जीत ली। इस अवसर पर अधिवक्ता व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिताएं नशे से दूर रखने में साबित हो सकती हैं मददगार**

आयोजकों डॉ. गौरव, प्रवीण कुमार ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया और उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा, युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए ऐसी खेल प्रतियोगिताएं बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से बचाने का काम करती हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना की और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

वहीं, शनिवार को पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला झटिंगरी और गुनेहड़ टीम के बीच खेला गया, जिसमें गुनेहड़ टीम ने 5 गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की। इस मुकाबले के मुख्य अतिथि पंजाबी और बॉलीवुड अभिनेता दमनदीप सिंह थे।

दमनदीप सिंह ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से नशे से दूर रहने की अपील की और कहा, हमारी युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही है, इसे रोकने के लिए खेलों को बढ़ावा देना जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं नशे से दूर रखने में मददगार साबित हो सकती हैं।

# सरकारी संस्थान को सुंदरनगर लाया जाएगा : सोहन लाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



सुंदरनगर के पूर्व विधायक व पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि सुखु सरकार द्वारा व्यवस्था परिवर्तन के तहत सुंदर नगर के तकनीकी निदेशालय में कौशल विकास निगम का कार्यालय शिमला से सुंदरनगर तब्दील किया गया है। क्योंकि जिस तरह शिमला में सरकारी दफ्तरों की तादाद कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कौशल विकास निगम को तकनीकी निदेशालय में मर्ज कर दिया है ।जिसका संचालन सुंदरनगर से होगा। इस विभाग के सुंदरनगर में स्थानांतरित करने पर सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि सरकार ने शिमला से सरकारी दफ्तरों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करते हुए।

शिमला को सरकारी दफ्तरों के बोझ से मुक्त करने का प्रयास हो रहा है। इस निगम के दफ्तर को सुंदरनगर में शिफ्ट करने से प्रदेश के सभी जिलों के लिए एक केंद्र बिंदु का स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर में बीबीएमबी के पास इस वक्त बहुत सी जमीन सरप्लस पड़ी हुई है। इस जमीन को बीबीएमबी से वापस लेकर सैकड़ों बीघा जमीन हिमाचल सरकार के काम आ सकती है। जिस तरह कौशल विकास निगम का दफ्तर शिमला से सुंदरनगर हस्तांतरित हुआ है। उसी तरह से कई और सरकारी दफ्तर शिमला से सुंदरनगर आ सकते है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा नशे के तस्करों की सम्पतियों को जब्त करने तथा नशे में सरकारी कर्मचारियों के समलित होने पर बर्खास्त करने का भी समर्थन किया । नशे की रोकथाम के लिए आजकल सुंदरनगर पुलिस के साथ कई सामाजिक संगठन भी सक्रिय हो गए है।

### मटर के सीजन में तय होगा किराया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सराज ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह थुनाग में हुई। इस बैठक में सराज ट्रक ऑपरेटर यूनियन के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले मटर के सीजन में किराया किस तरह से किया जाए, क्या किराया रहेगा, इसको लेकर बातचीत की गई। वहीं सराज तक ऑपरेटर यूनियन के प्रधान दीवान चंद सचिव पुष्पराज ने बताया कि शनिवार को स्वराज ट्रक ऑपरेटर की यूनियन की बैठक हुई।

# लावारिस पशु के हमले से व्यक्ति को लगे 25 टांके

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर बाजार में एक लावारिस पशु ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी अनुसार लावारिस बैल अचानक उग्र हो गया और एक राहगीर पर हमला कर दिया।

इस हमले में व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया, जिसे तत्काल टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसे 25 टांके लगे। फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज जोगिंद्रनगर अस्पताल में जारी है। वार्ड नंबर 4 की पार्षद शीखा सहित कई अन्य नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि इस हिंसक बैल को तुरंत गौ सदन भेजा जाए, ताकि आगे कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

नगर परिषद जोगिंद्रनगर के कार्यकारी अधिकारी आदित्य चौहान ने बताया कि टीम ने बैल का रेस्क्यू कर उसे भराडू स्थित गौशाला में भेज दिया है। स्थानीय लोगों की प्रशासन से मांग हैं कि बेसहारा पशुओं की इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और इन पशुओं के पुनर्वास के लिए कोई ठोस योजना बनाई जाए। गो सदनों पशुओं की देखभाल की व्यवस्था करने पर विचार किया जाए।

# सुंदरनगर में कुत्तों के आतंक से लोग परेशान, उठाई समाधान की मांग

**भीम बसेडू , महादेव**

बेसहारा पशुओं तथा बंदरों-जंगली जानवरों आदि की वजह से परेशानी की हद होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं कर ले रहा है, दूसरी ओर प्रदेश के एक बड़े भाग में पालतू कुत्तों द्वारा सैर करने के दौरान जहां अपनी राह चलते लोगों को काटने की घटनाओं से दो चार होना पड़ा है। सुंदरनगर जैसे विशाल शहरी क्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में यानि सुंदरनगर उपमंडल के एक बड़े भाग में कुत्तों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है क्योंकि सैर-सपाटा करने वाले लोगों को डर सताता रहता है। लोगों को खासकर शहरी क्षेत्र के चतरोखड़ी, पुंघ, भोजपुर, अंबेडकर नगर, चौगान, बीबीएमबी कालौनी, बाल उद्यानों आदि में कुत्तों की हरकतों से लोग डरे सहमे हैं।

लोगों ने उपायुक्त मंडी से इस आफत से मुक्ति पाने को लेकर मांग करते हुए अपने सवालिया अंदाज में कहा है कि ऐसी स्थिति में जबकि नगर परिषद के नाक तले आवारा कुत्तों के आतंक का वातावरण पैदा हुआ है तो क्यों नहीं इस जानवर को नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम उठाया जाता। (अनंत ज्ञान)

# सुरेंद्र को धर्मपुर में मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सकलाना पंचायत के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर को लगातार दूसरी बार धर्मपुर मंडल भाजपा का महामंत्री बनाया गया है पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठन पार्टी के प्रति दिए गए अभूतपूर्व योगदान को देखकर यह सम्मान दिया है।

सुरेंद्र ठाकुर पिछले तीन दशकों से पार्टी व संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। सुरेंद्र ठाकुर ने धर्मपुर में उस समय भाजयुमो की कमान संभाली थी जब यहां पर कांग्रेस का एक छत्र राज हुआ करता था उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के सामान्य सदस्य से राजनीति में प्रवेश किया और युवा मोर्चा में मंडल सचिव जिला खेल प्रकोष्ठ सचिव जिला युवा मोर्चा सचिव सुंदर नगर युवा मोर्चा में जिला महामंत्री का दायित्व पूरे ईमानदारी से निभाया, यही नहीं सुरेंद्र दूसरी बार सकलाना पंचायत के प्रधान बने हैं।

सुरेंद्र ने भारतीय जनता पार्टी मंडल धर्मपुर का महामंत्री बनाए जाने पर पार्टी और संगठन के शीर्ष नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मपुर भाजपा नेता रजत ठाकुर, जिला अध्यक्ष हीरालाल का आभार प्रकट किया है। उधर, भाजपा मंडल धर्मपुर में मिली इस बड़ी जिम्मेदारी को लेकर भाजपा जिला सुंदरनगर उपाध्यक्ष जिला परिषद सदस्य जगदीश बिट्टा, समौड ग्राम पंचायत के प्रधान प्रताप सकलानी, धर्मपुर मंडल भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, पूर्व प्रधान राजेंद्र ठाकुर, विशाल ठाकुर, आशा ठाकुर, रीता ठाकुर और समस्त ग्राम पंचायत सकलाना वासियों ने गहरी खुशी जाहिर की है और यह दायित्व मिलने पर सुरेंद्र ठाकुर को बधाई दी है।

### 30 को सेरी मंच पर मनाया जाएगा हिंदू नववर्ष उत्सव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी की बैठक प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में हुई। इसमें 30 मार्च को सेरी मंच पर हिंदू नववर्ष 2082 उत्सव मनाने के बारे में चर्चा की गई। निर्णय लिया कि इस वर्ष यह उत्सव और भी भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा।

इसके लिए प्रतिष्ठित महानुभावों, सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों, सरकारी कार्यालयों में निमंत्रण भेजे जाएंगे। सभी मंडी वासियों से अनुरोध किया जाएगा कि वे इस धार्मिक कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

**रोष** हिमाचल तक पहुंची बिहार के बोधगया आंदोलन की तपिश

# बौद्ध समाज के अनुयायियों ने निकाला शांतिपूर्ण मार्च

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बिहार के बोधगया में बीटी एक्ट 'बोधगया टेंपल एक्ट 1949' को खत्म करने की मांग को लेकर बौद्ध भिक्षुओं के जारी आंदोलन की तपिश हिमाचल प्रदेश तक पहुंच गई है। इस आंदोलन के समर्थन में बौद्ध समाज के सैकड़ों अनुयायियों ने मंडी जिला के विश्वविख्यात त्रिवेणी संगम रिवालसर में जारी छेश्चू मेला के दौरान शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया।

**कहा- बौद्ध धर्म को मिले धार्मिक और संवैधानिक अधिकार**

इस मार्च के माध्यम से लोगों ने बौद्ध धर्म के अनुयायियों को न्याय देने की मांग की है। लोगों की मांग है कि बोधगया टेंपल एक्ट 1949 खत्म होना चाहिए। बीटीएमसी के सभी सदस्य बौद्ध धर्म के मानने वाले होने चाहिए।

बता दें कि बिहार के बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 को निरस्त करने और बुद्धिस्ट के पवित्र स्थल महाबोधि मंदिर का पूर्ण नियंत्रण समुदाय को देने की मांग को लेकर गया में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मंत्री एवं प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे फुंचोज राय ने कहा कि बोधगया बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र स्थान है, लेकिन वहां मेनेजमेंट का नियंत्रण बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के पास नहीं है। बोधगया टेंपल एक्ट को खत्म करने की मांग की जा रही है। यह मांग हमारा धार्मिक और संवैधानिक अधिकार है।

उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने संसार को शांति का संदेश दिया है। इसलिए बौद्ध धर्म के लोगों का आंदोलन हिंसा की तरफ कभी नहीं जाएगा।

### नंदलाल चुने गुरु रविदास महासभा के संरक्षक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री गुरु रविदास महासभा जिला मंडी इकाई का गठन रविवार को गागल स्थित रविदास गुरुद्वारा में किया गया। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र भाटिया बतौर मुख्यातिथि और कांगड़ा खंड के अध्यक्ष कमलजीत विशेष रूप से शरीक हुए। सरकाघाट से नंदलाल प्रेम को जिला इकाई का मुख्य संरक्षक चुना गया। बल्ह से पूर्ण प्रकाश संरक्षक, बल्ह से मीना जिला अध्यक्ष, सरकाघाट से प्रकाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंडी सदर से सीमा और जोगिंद्रनगर से विनोद उपाध्यक्ष, बल्ह से भगत राम महासचिव चुने गए। बलद्वाड़ा से मनसा राम संयुक्त सचिव, नाचन से कृष्ण चंद्र बंसल और सराज से ज्ञानचंद चौहान सचिव की जिम्मेदारी दी।

# परियोजना कार्यालय स्थानांतरित करने पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, कोटली ( मंडी )**

तुंगल क्षेत्र के लोग हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के कोटली स्थित कार्यालय को जोगिंद्रनगर स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सोमवार को लामबंद होंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर हुए सरकार एवं कॉरपोरेशन के इस फैसले से आहत तुंगल की जनता उपमंडल अधिकारी कोटली के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंप कर इस आदेश को स्थगित किए जाने की मांग करेंगे।

**लोग आज मुख्यमंत्री को सौंपेंगे मांग पत्र**

उपमंडल मुख्यालय कोटली में स्थित हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय को जोगिंदर नगर स्थानांतरित किए जाने को लेकर समूची तुंगल घाटी में विरोध के स्वर पनपने लगे हैं। क्षेत्र के कून का तर में प्रस्तावित थाना प्लौन पन बिजली परियोजना के निर्माण की देखरेख के उद्देश्य से हमीरपुर से कोटली स्थानांतरित किए गए इस कार्यालय पर एक बार फिर विस्थापन की तलवार लटक रही है। हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के शिमला स्थित निदेशक कार्यालय की ओर से उक्त कार्यालय को कोटली से स्थानांतरित किए जाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है जो 15 दिनों के अंदर इस बाबत रिपोर्ट तैयार करके प्रेषित करेगी।

पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर सिंह वर्मा, सचिव श्याम सिंह तथा अन्य सदस्यों परम देव चौहान, सेवानिवृत्त सहायक अधिशाषी अभियंता देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस कार्यालय को जोगिंद्रनगर स्थानांतरित किया जाना बिलकुल तर्कसंगत नहीं है।

पंचायत समिति के उपाध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, ग्राम पंचायत कोट के पूर्व प्रधान काहन सिंह ठाकुर तथा सामाजिक कार्यकर्ता शिव बनेर ने बताया कि सोमवार 10 मार्च को इसके विरोध में समूचे क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि तथा अन्य जन संगठन एकजुट होकर उपमंडल अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंप कर उक्त कार्यालय को स्थानांतरित न किए जाने की मांग करेंगे। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि सरकार का यह निर्णय तुंगल क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंब में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, अंब।** सहायक अभियंता बलविंदर कुमार ने बताया कि 10 मार्च को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक 11 केवी अंब-घुसाड़ा फीडर की जरूरी मरम्मत व रखरखाव के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कारण गांव कुढियाडी, बीजापुर, कटोहड़ कलां , अंब बाजार प्रताप नगर के अंतर्गत आने वाले गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बलविंदर कुमार ने जन सहयोग की अपील की है।

### मासिक मातृवंदना के विशेषांक का विमोचन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मातृवंदना संस्थान शिमला द्वारा ऊना के केशव भवन के सभागार में प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित मासिक पत्रिका मातृवंदना के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वर्ग सहित लोगों ने भाग लिया। इस समारोह की अध्यक्षता डॉ. हेमराज जिला संघचालक, दिलबाग सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान संघ, स्वामी सर्वेश्वरानन्द सरस्वती विशिष्ट अतिथि थें। जबकि प्रताप समयाल प्रांत प्रचार प्रमुख मुख्य वक्ता के साथ संघ के प्रचारक रोशन लाल व टिकम नेगी थे। इस अवसर पर मातृवंदना के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन किया गया।

### डंगोली में कल निकाली जाएगी शोभायात्रा

**ऊना।** बाबा सिद्ध चानो मंदिर डंगोली में 11 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा महादेव मंदिर कोटला कलां से अजनौली से होते हुए मंदिर तक पहुंचेगी। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के सदस्य दीपू, राकेश और अजय ने बताया कि 12 मार्च को मूर्ति स्थापना कार्यक्रम होगा। इस रोज शाम को भंडारा और दहाजा कार्यक्रम होगा।

### खेती को तकनीक से जोड़ना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल अंब के अंतर्गत अकरोट गांव में स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में रविवार को संरक्षित खेती तथा मिलेट (मोटे अनाज) पर किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के डा0 राकेश चाहोता प्रोफेसर प्लांट ब्रीडिंग, कृषि उपनिदेशक ऊना डा0 कुलभूषण धीमान विशेष रूप से मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सुदर्शन बबलू ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि मैं इस आयोजन का हिस्सा बन रहा हूँ, जो हमारे अन्नदाताओं के हित में किया जा रहा है। हम सभी जानते हैं कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारे किसान भाई दिन-रात मेहनत करके अन्न उपजाते हैं।

### होली उत्सवः लोक कलाकारों ने दिए ऑडिशन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहे। दूसरे दिन लगभग 125 कलाकार ऑडिशन के लिए पहुंचे। सोमवार को ऑडिशन का आखिरी दिन है, जिसमें प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

# ठगी मामले में चिंतपूर्णी में पुलिस ने रिकवर की तीन और गाड़ियां

## दो थार और एक स्कार्पियो गाड़ी है शामिल, आरोपी अभी तक फरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**चिंतपूर्णी** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में तीन और गाड़ियों को रिकवर किया है, जिन्हें किराये पर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई थी। इस मामले में अब तक छह गाड़ियों को रिकवर किया जा चुका है। शनिवार को पुलिस ने तीन गाड़ियों को थाने में लाया, जिनमें दो थार और एक स्कार्पियो गाड़ी शामिल हैं। आरोपी अभी तक फरार बताया जा रहा है।

बता दें कि पुलिस ने एक स्कार्पियो गाड़ी को व्यास से, एक थार गाड़ी को दिल्ली से और एक थार गाड़ी को लुधियाना के गोरायां से रिकवर की है। पुलिस ने बताया कि धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से धोखाधड़ी के शिकार लोगों को राहत मिलेगी।

चिंतपूर्णी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी मामले में तीन गाड़ियों की रिकवरी की है। ठगी करने वाला आरोपी फरार चल रहा है। उसकी धड़पकड़ के लिए पुलिस की टीम जगह-जगह पर दबिश दे रही है। यह धोखाधड़ी आठ लोगों के साथ हुई थी। इनकी गाड़ियों को आरोपी ने सरकारी विभागों में लगाने की बात कहकर ठगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और अब तीन गाड़ियों की रिकवरी कर ली है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने आठ लोगों की गाड़ियां सरकारी विभागों में लगाने की बात कहकर ठगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने तीन गाड़ियों को ठगी के लिए इस्तेमाल किया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को तीनों गाड़ियों को रिकवर कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है।

चिंतपूर्णी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो दिन के भीतर तीन गाड़ियों को रिकवर कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार की अगुवाई में एएसआई महेंद्र सिंह सोनी की टीम ने मंगलवार को ये गाड़ियां अमृतसर, जालंधर और जम्मू कश्मीर के पठानकोट के बॉर्डर से रिकवर कीं। थार गाड़ी सुरजीत सिंह किन्नू, स्कार्पियो गाड़ी सुरिंदर सोनी नारी और महिंद्रा बोलेरो गाड़ी साहिल ठाकुर की ज्वाल से रिकवर की है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि रिकवर की गई गाड़ियों को उनके मालिकों को सौंपा जाएगा।

### पुलिस ने लोगों से की अपील, अज्ञात व्यक्तियों को न दें पैसे

**पुलिस** अधिकारियों ने बताया कि यह मामला किराए पर गाड़ियां देने के नाम पर धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। आरोपी ने कई लोगों से पैसे लेकर गाड़ियां किराए पर देने का वादा किया था, लेकिन बाद में उन्हें गाड़ियां नहीं दीं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे मामलों में सावधानी बरतें और किसी भी अज्ञात व्यक्ति से पैसे न दें।

# 15 हजार श्रद्धालुओं ने लिया मां चिंतपूर्णी का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



**धार्मिक** नगरी चिंतपूर्णी में रविवार को श्रद्धालुओं की काफी संख्या दर्ज की गई। दोपहर तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन माधो दा टिल्ला तक पहुंच गई थी। लंबी-लंबी कतारों में बच्चों, बुजुर्गों सहित श्रद्धालु मां के दर्शन करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सुबह से ही बाजार में रविवार होने की वजह से लगभग 15000 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। आजकल होला मोहल्ला मैडी बाबा बड़भाग सिंह जी का मेला चला हुआ है, जिसके कारण काफी संख्या में पंजाब से श्रद्धालु बाबा के दर्शन करके फिर मां चिंतपूर्णी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

**दा टिल्ला तक पहुंची भक्तों की डबल लाइन**

मां चिंतपूर्णी लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है, जहां पर वर्ष भर लाखों लोग माता की पावन पिंडी के दर्शन पर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर मार्ग में गाड़ियों की आवाजाही प्रतिबंधित होने के कारण बाजार में श्रद्धालुओं की रौनक लगी रही। बाजार में श्रद्धालुओं द्वारा माता का लंगर भी लगाया गया, जिससे बाजार से आते-जाते श्रद्धालुओं द्वारा लंगर ग्रहण किया गया। उधर, पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर छिन्दा, ट्रस्टी तिलक राज कालिया, ट्रस्टी विनोद कालिया, भूषण कालिया, पूर्व ट्रस्टी निरंजन कालिया आदि ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दर्शन करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और भगवती माता उन्हें मनोकामना पूरी करती है। पुजारी वर्ग की तरफ से मंदिर प्रशासन और श्रद्धालुओं को पूरा सहयोग किया जा रहा है।

उधर इस संबंध में मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि रविवार अत्यधिक भीड़ होने के कारण मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे।

# सिलाई अध्यापिकाओं ने पेंशन स्थायी नियुक्ति की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राज्य** सिलाई अध्यापिका संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक विवेक शर्मा को एक मांग पत्र सौंपा। संघ की अध्यापिकाओं ने पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग में स्थायी नियुक्ति, सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने और सेवानिवृत्ति के बाद दस हजार रुपए पेंशन देने की मांग उठाई।

**राज्य सिलाई अध्यापिका संघ ने मांगों को लेकर विधायक विवेक शर्मा को सौंपा मांग पत्र**

राज्य सिलाई अध्यापिका संघ की सचिव सुषमा कुमारी का कहना है कि संघ में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन अब तक स्थायी नियुक्ति नहीं मिली है। सुषमा कुमार ने कहा कि राज्य में हर सिपाई अध्यापिका दो पंचायतों में पिछले 28 वर्षों से सिलाई अध्यापिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से संघ को इस उम्मीद में सेवाएं दे रही हैं कि सरकार उन्हें स्थायी करेगी। लेकिन अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई है, जिससे उनका भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। अध्यापिकाओं ने कहा कि वे वर्षों से छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रही हैं, लेकिन सरकार उनकी मेहनत को उचित मान्यता नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी मेहनत का उचित सम्मान मिलना चाहिए।

# बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में हजारों भक्तों ने नवाया शीश

## 14 को विभिन्न धार्मिक स्थलों पर झंडा चढ़ाने की रस्म होगी अदा, 17 तक चलेगा मेला

**विवेक शर्मा, अंब**



**बाबा** बड़भाग सिंह मैड़ी में रविवार को पंजाब सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। होली मेले के तीसरे दिन मेला आयोजन कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम सचिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए डटे रहे। एसडीएम सचिन शर्मा ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए।

इस मौके पर उन्होंने विभिन्न सेक्टरों में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। बैठक में मेले के सुचारू आयोजन को लेकर रणनीति बनाई गई। इस मौके पर तहसीलदार अंब प्रेम धीमान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पूर्व वर्षों की भांति श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि मैड़ी में आयोजित होने वाले दस दिवसीय होली मेले में हर साल पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित विभिन्न प्रांतों के अलावा विदेशों से लाखों श्रद्धालु आते हैं। कुछ वर्षों से अकसर देखने को मिल रहा है कि मेले के शुरू के दिनों में ज्यादातर श्रद्धालु धार्मिक स्थलों में शीश नवाने के बाद वापस हो जाते हैं लेकिन मेले के आखिरी दिनों में तो मुख्य धार्मिक स्थलों के आसपास व स्थानीय बाजार सहित अधिकांश मेला क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ती है।

### एसडीएम की अनुमति से चिह्नित स्थलों पर लगे भंडारे

**इस** बार विशेष रूप से मेला क्षेत्र में जहां चिह्नित स्थलों पर एसडीएम की अनुमति से ही लंगर लगे हैं। वहीं किसी भी आपातस्थिति को भांपते हुए भीड़-भाड़ वाले स्थलों में और मेला क्षेत्र में लगने बाले टैंटों के आसपास एंबुलेंस व अग्निशमन वाहन आदि के लिए प्रवेश व निकास रास्तों की व्यवस्था की गई है। अधिकारिक तौर पर होली मेला मैड़ी 17 मार्च तक चलेगा 14 मार्च को विभिन्न धार्मिक स्थलों में निशान साहिब (झंडा) चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी और 16 मार्च की मध्यरात्रि पंजे का पवित्र प्रसाद बंटना शुरू हो जाएगा।

### पूर्व मंत्री कंवर ने डीहर व धनेत पंचायत में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने रविवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की धनेत व डीहर पंचायतों में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस मौके पर वीरेंद्र कंवर ने डीहर पंचायत के खडोह, डीहर राजपुरा, खैरियां चंबोआ चडोली कोकरा बुहाणा सहित अन्य स्थानों पर पहुंच कर लोगों की जन समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभाग से उन समस्याओं का समाधान हल करवाने का आश्वासन दिया। वहीं पर लोगों ने राजपुरा चपलाह सड़क, खैरियां सड़क के अधूरे कार्य को पूर्व मंत्री से अवगत करवाया। वहीं वीरेंद्र कंवर ने लोगों को आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हल करवाया जाएगा। इस मौके पर कैप्टन मलकीयत सिंह, पूर्व प्रधान डीहर बलदेव सिंह, वन विभाग से सेवानिवृत्त बीओ तिलक राज शर्मा, जोगिंद्र सिंह, हरदीप सिंह,सतीश ठाकुर, सन्नी शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# चिट्टा बेचने पर खत्म होंगी सभी सुविधाएं

## गगरेट की ओयल पंचायत ने ग्राम सभा में पारित किया प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



**विकास** खंड गगरेट की ग्राम पंचायत ओयल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला ग्राम सभा में नशा तस्करों व नशे का सेवन करने वालों को कड़ा सबक सिखाने का ऐलान किया गया है। महिला ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया है कि ग्राम पंचायत ओयल में अगर कोई व्यक्ति चिट्टे की तस्करी या सेवन करता पाया गया तो ग्राम पंचायत की ओर से मिलने वाली उसकी सारी सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी। यही नहीं बल्कि नशे का सेवन कर अगर कोई व्यक्ति अपने माता-पिता व पत्नी के साथ झगड़ा करता है तो उसके विरुद्ध पंचायत कड़ा एक्शन लेगी।

ग्राम पंचायत प्रधान किरण जसवाल ने बताया कि पंचायत की सभी महिलाओं ने नशा तस्करी करने वालों और नशे का सेवन कर अपने परिजनों से मारपीट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई मांग की थी। इस दौरान नश तस्करों व नशा करके परिजनों के खिलाफ मारपीट करने वालों की सारी सुविधाएं वापस ली जाएंगी। एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि चिट्टे जैसे घातक नशे से लड़ाई के लिए जनसहभागिता जरूरी है। लोग इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए खुलकर आगे आएं।

# गगरेट अस्पताल के अधूरे भवन के लिए जारी हो बजट

## पूर्व विधायक राजेश बोले- बजट जारी न हुआ तो करेंगे जन आंदोलन

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**सिविल** अस्पताल गगरेट के अधूरे पड़े भवन के निर्माण को मुकम्मल करने के लिए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार से एकमुश्त बजट जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिविल अस्पताल गगरेट के भवन निर्माण के लिए 11.70 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत करवाया गया था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार इसका निर्माण कार्य पूरा करने के लिए बजट जारी नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गगरेट की जनता के सब्र का इम्तिहान न ले और अगर अस्पताल भवन का रोका गया बजट जारी नहीं किया तो इसके विरुद्ध जनांदोलन शुरू किया जाएगा और जनता मुख्यमंत्री का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेगी। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने सिविल अस्पताल गगरेट के निर्माणाधीन भवन का दौरा कर तय समय सीमा में भवन का कार्य पूरा करवाकर इसे जनता को समर्पित न करने पर अफसोस जाहिर किया।



*सविल अस्पताल गगरेट के भवन निर्माण के लटक गए कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक राजेश ठाकुर।*

उन्होंने कहा कि राजनीति मुद्दों पर आधारित होनी चाहिए न कि जनता की सुविधा से जुड़ी चीजों में भी राजनीति की जानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के समय के बने अस्पताल भवन में ही अब तक यह अस्पताल चल रहा है और बुरी तरह से जर्जर हो चुके इस भवन में अकसर बरसात के दिनों में पानी टपकता है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने मरीजों की सुविधा के लिए यह मुद्दा तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के समक्ष उठाया था और सिविल अस्पताल भवन के लिए 11.70 करोड़ रुपये का बजट मुहैया करवाया था। पूर्व भाजपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस भवन का शिलान्यास किया था, लेकिन अब बजट के अभाव में अस्पताल भवन का निर्माण कार्य रोक दिया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस अस्पताल को शीघ्र बजट उपलब्ध करवाने को कहा है ताकि नवनिर्मित भवन में मरीजों को हर सुविधा मिल सके।

### भ्रष्टाचार में डूबे आरोग्य विधायक को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई हक नहीं : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भ्रष्टाचार में डूबे आरोग्य विधायक को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई हक नहीं। ये बात विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के जोगीपंगा में जरूरतमंद परिवारों को 60 हजार के आर्थिक चेक वितरण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने आरोग्य विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि एफडीआई से जुड़ा बड़ा घोटाला उनके सिर पर मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोग्य विधायक द्वारा जाली एफडीआई बनाकर तीन जगह लोनिवि को दी और बाद में जाली हस्ताक्षर करके उस एफडीआर के पैसे निकाल लिये। विवेक शर्मा ने कहा कि आरोग्य विधायक के बेटे का ठेकेदारी लाइसेंस तक भ्रष्टाचार के चलते रद किया जा चुका है। उन्होंने तीन जगह एक ही एफडीआई लगाने का खेल खेला और असली एफडीआई में जाली साइन करके पैसे निकाले। यह भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, मीना चौधरी पंचायत प्रधान उपप्रधान एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# जानलेवा बनी तलमेहड़ा-नलवाड़ी सड़क

## सड़क पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता, दोपहिया वाहन चलाना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

**विकास** खंड बंगाणा के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बदहाली के आंसू बहा रही हैं। वहीं बरसात के बाद से सड़क पर बने गड्ढों से लोगों को दोपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। इन गड्ढों के कारण दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। विकासखंड बंगाणा को जोड़ने वाली तलमेहडा, सरनोटी, चम्वोआ, चडोली, कोकरा, बुहाणा, ठठूंह, मटयाणा से नलवाड़ी तक सड़क की हालत तो काफी महीनो से बदतर बनी हुई है। सड़कों पर जगह-जगह पड़े गड्ढे कभी भी दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग हर साल पैच वर्क तो करता है, लेकिन यह काम सही समय पर न होने से इसका कोई लाभ नहीं रहता और यह उखड़ जाता है। उधर जोल से तलमेहडा, नलवाड़ी तक हालात इतने दयनीय हैं कि थोड़ी सी बारिश से वाहन निकालना जोखिम भरा हो जाता है। विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गांव कोकरा, बुहाणा सड़क पर गड्ढों की भरमार है और जगह-जगह से टायरिंग उखड़ चुकी है और सड़क के बीचों-बीच गड्ढे बने हुए हैं। सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढों से लोग परेशान हो चुके हैं। लेकिन विभाग सब कुछ देखते हुए भी खामोश बैठा है। विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।

### क्या कहते हैं लोग

**काफी** समय से इस संपर्क सड़क की हालत खराब हो गई है। लोक निर्माण विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**-प्रकाश ठाकुर, कोकरा**

**इस** सड़क पर कई वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। लोक निर्माण विभाग को जल्द से जल्द इस मार्ग को ठीक करना चाहिए।

**-चिरंजीलाल, सदस्य, ग्राम पंचायत डीहर।**

**इस** सड़क मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। इस दौरान कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं जिससे वाहनों को भारी क्षति होती है। लोक निर्माण विभाग जल्द इस सड़क की दशा सुधारे।

**-प्रकाश चंद संधु, रिटायर्ड डीएसपी, गांव बुहाणा।**

**बंगाणा** क्षेत्र की सभी सड़कों का समय इसमें पर पैच वर्क और टायरिंग की जाती है। जल्दी यह काम शुरू कर दिया जाएगा।

**-भानु ओहरी, अधिकारी, लोक निर्माण विभाग जोल।**



**रोष** — जोल के रौणखर गांव में एक माह से चल रहा कार्य, बारिश में हो रही परेशानी

# पुली का कार्य अधूरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**हीना पठानिया, बड़ूही**

**उपतहसील** जोल की ग्राम पंचायत खरयालता तलमेहडा व डीहर के गावों को जोड़ने वाले रौणखर गांव में बीते एक माह से पुली का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन इसका कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से आक्रोश व्यक्त किया है।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुली का निर्माण कार्य पूर्ण न होने से बारिश होने पर जहां उस ठेकेदार द्वारा डायवर्सन बनाया गया है वहां फिसलन होने की वजह से लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कभी-कभी पुली के अभाव में गांवों का संपर्क टूट जाता है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने चिंतपूर्णी विधानसभा के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मांग की है कि इस पुली का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।



**इस** पुली का टेंडर ठेकेदार को दे दिया गया है, लेकिन बीच-बीच में बारिश होने की वजह से पुली का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इसका कार्य जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा।

**-भानु ओहरी, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग जोल।**

### आंदोलन की चेतावनी

**इस** दौरान ग्राम पंचायत डीहर की प्रधान कृष्णा देवी, उपप्रधान रघुवीर सिंह, पंचायत सदस्य सुनीता देवी, संदला देवी, चरंजीलाल, विजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, करतार चंद, जीवन शर्मा, मदन लाल शर्मा, रिंकू, रिटायर्ड एसडीओ ओम प्रकाश, बलदेव शर्मा, जोगिंदर लाल, देसराज, सपना देवी, स्वरूप सिंह, विजय रागी, ओंकार दास शास्त्री, योगराज, बलदेव सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया और आंदोलन की चेतावनी दी है।

# अटल टनल के दीदार को अभी करना होगा इंतजार

## कुल्लू सहित मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में खिली धूप के बीच बर्फ की खेलों का पर्यटक उठा रहे आनंद

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जिला कुल्लू के सोलंगनाला, कसोल, मणिकर्ण, तीर्थन सहित अन्य विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लगा हुआ है, लेकिन अटल टनल रोहतांग के दीदार के लिए अभी पर्यटकों को इंतजार करना होगा। रविवार को पर्यटकों ने खिली धूप के बीच सोलंगनाला में साहसिक खेलों का आनंद लिया।

पर्यटकों ने चारों ओर बिछी बर्फ में बर्फीली खेलों में आनंद लिया। सोलंगनाला में स्नो स्की, स्नो स्लेज, स्नो स्कूटर, माउंटेन बाइक, घुड़सवारी सहित पैराग्लाइडिंग जैसी रोचक साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। गत दिनों तीन-चार दिनों तक लगातार बर्फबारी होने से अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल में चार से पांच फुट से अधिक बर्फबारी हुई थी। हालांकि, बीआरओ ने एक तरफा फोर बाई फोर वाहनों के लिए तो मनाली-केलांग मार्ग बहाल कर दिया था, लेकिन अभी तक सिर्फ स्थानीय लोग ही आवाजाही कर सकते हैं। अटल टनल पर्यटकों के लिए अभी बहाल नहीं हुई है। बीआरओ सड़क को दो तरफा वाहनों के लिए बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। व्यवस्था बेहतर होते ही सैलानी अटल टनल की ओर जा सकेंगे। टनल बहाल होने के बाद लाहौल घाटी भी पर्यटकों से गुलजार हो जाएगी। मौसम के हिसाब से इस बार फरवरी महीना बहुत बढ़िया रहा है। बर्फबारी का क्रम जारी रहने से लाहौल की ओर जाने-आने वाले लोगों को दिक्कत हुई है, लेकिन पर्यटकों ने बर्फ का भरपूर आनंद लिया है। (अनंत ज्ञान)



**सोलंगनाला** से धुंधी तक भारी बर्फबारी होने से हिमस्खलन का खतरा लगातार बना हुआ है। खतरे के मद्देनजर पर्यटकों को धुंधी की ओर नहीं भेजा जा रहा है। अभी कुछ दिन पर्यटकों को सोलंगनाला तक ही जाने की अनुमति रहेगी। **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।**

### धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा जनजीवन

**गत** दिनों भारी बर्फबारी के बाद से जिला लाहौल-स्पीति में जहां आम जनजीवन लंबे समय से प्रभावित हुआ है। वहीं, अब मौसम साफ होते ही जिंदगी एक बार फिर से सामान्य होने लगी है और जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। जिला प्रशासन की ओर से लगातार सभी मूलभूत सुविधाओं को देने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। दूसरी और बीआरओ के जवान भी सड़कों से बर्फ हटाने के लिए लगे हुए हैं। अभी तक अटल टनल रोहतांग मार्ग दोनों तरफ से बहाल नहीं हो पाया है, लेकिन मार्ग खोलने के लिए प्रशासन व बीआरओ लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में बर्फ देखने की चाह लेकर मनाली व लाहौल जाने वाले सैलानियों को अभी कुछ दिन और इंतजार करना होगा। अभी तक केवल स्थानीय लोगों को ही अटल टनल से जाने की अनुमति दी जा रही है।

### सोलंगनाला-धुंधी मार्ग पर हिमस्खलन

दोपहर लगभग एक बजे सोलंगनाला-धुंधी मार्ग पर हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मनाली-केलांग मार्ग एक घंटा बंद रहा। बीआरओ ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए सड़क को बहाल कर लिया। ताजा बर्फबारी से मनाली-केलांग मार्ग पर हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। हालांकि, पर्यटकों को सोलंगनाला तक ही जाने की अनुमति है। वाहन चालक टशी व तेंजिन ने बताया कि दोपहर एक बजे सोलंगनाला के पास बीआरओ के योजक परियोजना के कार्यालय के पास भारी हिमस्खलन हो गया। बीआरओ की मशीनरी नजदीक होने के कारण सड़क जल्द ही बहाल हो गई। पर्यटकों को सोलंगनाला तक ही आने की अनुमति है, जिसके चलते कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

## हिम आंचल टैक्सी यूनियन के चुनाव 27 मार्च को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रदेश की सबसे बड़ी हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली के चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रदेश की सबसे बड़ी टैक्सी यूनियन माने जाने वाली मनाली की यूनियन में तीन हजार से अधिक ऑपरेटर्स हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। यूनियन का चुनाव हर दो साल बाद होता है। 27 मार्च को नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा। आज मनाली में यूनियन का जनरल हाउस आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। वर्तमान कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए आय-व्यय का हिसाब भी यूनियन के सदस्यों के समक्ष रखा। चुनाव समिति के सदस्य मकरध्वज शर्मा ने बताया कि 11 सदस्य चुनाव समिति में चयनित हुए हैं। 15, 16 व 17 मार्च को नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 18 को छंटनी होगी, जबकि 19 को नाम वापस लिए जाएंगे। 27 को मतदान होंगे और 28 को मतों की गिनती की जाएगी। जनरल हाउस में वर्तमान कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए आय-व्यय का हिसाब भी यूनियन के सदस्यों के समक्ष रखा।

**11 सदस्य चुनाव समिति में चयनित**

## विदेश में अभिनव सम्मानित




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के एक युवक ने फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाकर विदेशी धरती पर कुल्लू जिला का नाम रोशन किया है। कुल्लू जिले के सुल्तानपुर निवासी डॉ. राम कृष्ण शर्मा के पुत्र अभिनव शर्मा वर्तमान में मलेशिया में एक कंपनी में संचालन प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं।

अभिनव को उनकी कंपनी मेमोरी बरहद एसडीएन बीएचडी के साथ प्रतिष्ठित वर्ल्ड गॉरमेट रिकग्निशन एंड अवार्ड शो में सम्मानित किया गया है। अभिनव शर्मा की इस उपलब्धि के लिए उनके परिजनों सहित रिश्तेदारों व जिलेवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विदेशी धरती पर अपनी काबलियत के दम पर परचम लहराने वाले अभिनव शर्मा हिमाचल प्रदेश के युवा उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। दुनियाभर के शीर्ष रेस्टोरेंट्स और फूड ब्रांड्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में अभिनव की कंपनी को दो प्रमुख वैश्विक पुरस्कारों से नवाजा गया, जिनमें यूरोएशियन स्टाइल, यूरोपीय और एशियाई स्वादों के बेहतरीन संगम के लिए व टॉप पुर्तगाली टार्ट उत्कृष्ट गुणवत्ता और अनोखे स्वाद के लिए भी पुरस्कार मिल चुके हैं। इस उपलब्धि पर अभिनव ने अपनी कड़ी मेहनत, टीम वर्क और हिमाचली जड़ों को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। अभिनव शर्मा ने बताया कि एक छोटे शहर से आकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना आसान नहीं था, लेकिन अगर आपके पास दृढ़ संकल्प और जुनून हो, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हिमाचल के हर युवा प्रतिभा के लिए एक पहचान है।

## पूर्व छात्र संघ कटराईं की बैठक आयोजित

# हीरालाल ठाकुर बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पूर्व छात्र संघ कटराईं की आम सभा की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में पूर्व छात्र संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें हीरालाल ठाकुर को अध्यक्ष, मेहर सिंह ठाकुर महासचिव व जगरनाथ ठाकुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि कुलभूषण अवस्थी संघ के प्रेस सचिव बने। पूर्व छात्र संघ के संस्थापक सदस्य घनश्याम कपूर ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व विद्यालय के सर्वांगीण विकास और छात्रों का सहयोग सुनिश्चित करने के लिए पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया था। संघ ने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कोरोना से संघ के कार्यकलापों में कुछ शिथिलता आ गई थी, लेकिन अब नई ऊर्जा के साथ विद्यालय के विकास के लिए संघ को गति प्रदान की जाएगी। कटराईं स्कूल में 8 जुलाई 2000 में पूर्व छात्र संघ की नींव रखी थी। इस वर्ष जुलाई में 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस अवसर को यादगार बनाने के लिए संगठन द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्य नारायण सिंह ठाकुर, तोता राम ठाकुर, घनश्याम कपूर, टेढ़ी सिंह ठाकुर, अमरचंद ठाकुर, निर्मल चंद बोध, राजगीर महंत, नीतीश उपाध्याय, गायत्री प्रकाश उपाध्याय, हीरालाल आदि उपस्थित रहे।

**धूमधाम से मनाएगा जाएगा स्थापना का रजत जयंती समारोह**

## पूर्व विधायक रवि ठाकुर को रिवालसर छेशू में गोंपा समिति ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने हर वर्ष की भांति रिवालसर छेशू में शिरकत की। इस अवसर पर गोंपा समिति ने उन्हें पारंपरिक थांका पेंटिंग देकर सम्मानित किया।

बौद्ध गुरु पद्मसंभव के जन्मदिवस पर आयोजित दो दिवसीय रिवालसर छेशू में साकया रिम्पोछे विशेष रूप से प्रवचन देने के लिए पधारे हैं। भाजपा नेता ने बताया कि रिवालसर में छेशू के दौरान भक्तिमय वातावरण में साकया रिम्पोछे का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में रिवालसर पहुंचे बौद्ध अनुयायियों को रिम्पोछे विश्व शांति का संदेश देते हुए अपने प्रवचनों से अनुग्रहित कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ छम नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है। गुरु पद्मसंभव की तपोस्थली रिवालसर में दलाईलामा भी कुछ वर्ष पहले छेशू मेले में शिरकत कर चुके हैं। हर वर्ष बौद्ध धर्म गुरु यहां पर अनुयायियों को शिक्षा दीक्षा देते हैं। इस बार साकया बौद्ध मठ देहरादून के 42वें रत्ना बज्र साकया रिम्पोछे प्रवचन दे रहे हैं। गुरु पदम् संभव ने रिवालसर में 8 वर्ष तक तपस्या की थी और उन्हें इस युग का बुद्ध माना जाता है।

## पुस्तक मेला बना आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवसदन में चल रहे 3 दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव में लगा पुस्तक मेला पाठकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है।

पुस्तक मेले में पाठकों को उनके पसंदीदा लेखकों की पुस्तकों के साथ-साथ अन्य लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध हो रही हैं। इस पुस्तक मेले में नवारुण प्रकाशन, हंस प्रकाशन, आधार प्रकाशन, हिमतरु प्रकाशन व अन्य अनेक प्रकाशनों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। कुल्लू साहित्य उत्सव के संयोजक रमेश पठानिया ने बताया कि विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉल्स में बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए पुस्तकें आकर्षक डिस्काऊंट के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने कुल्लू के समस्त पाठकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# केंद्र से मदद मिलने के बाद भी नाकामियां छुपाने के लिए झूठ बोलते हैं सीएम : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष गिड़गिड़ाते हैं। लेकिन, प्रदेश में लौटते ही उनके बोल बदल जाते हैं। मदद मिलने के बाद भी अपनी नाकामियां छुपाने के लिए केंद्र से सहायता नहीं मिलने की बात कहते हैं।

यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वमंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने रविवार को मनाली में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। बुजुर्गों, विधवाओं आदि की पेंशन लटकी पड़ी है। वृद्ध आश्रम और मानसिक रोगियों के केंद्रों को मिलने वाली मदद भी अभी जारी नहीं हुई है। मनाली को केंद्र से कृटिकल केयर सेंटर को 30 करोड़ मंजूर किए। प्रधानमंत्री ने स्वयं इसका शिलान्यास किया, लेकिन सरकार ने धन्यवाद तक नहीं किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू कहते हैं कि भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करेंगे, फिर महिलाओं को 15-15 सौ देंगे, इसका क्या अर्थ है। कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार बड़ी सौगातें दे रही है, अब एम्स बिलासपुर में कैंसर मरीजों के लिए अत्याधुनिक पेट स्कैन सुविधा शुरू की गई है। इससे प्रदेश के मरीजों को पीजीआई चंडीगढ़ या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा किफायती दरों पर उपलब्ध होगी, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अथक प्रयासों से हिमाचल को एम्स जैसी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिली और अब इसमें सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। यह प्रधानमंत्री और जेपी नड्डा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

# 16 को होगा टीम सहभागिता का स्थापना दिवस

## खराब मौसम के कारण स्थगित हुआ था 28 फरवरी का कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

टीम सहभागिता हर वर्ष 28 फरवरी को अपना स्थापना दिवस मनाती है। इस वर्ष भी 7वां स्थापना दिवस इसी दिन आयोजित किया जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। टीम अध्यक्ष बीजू ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मार्च को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थापना दिवस की नई तिथि को लेकर चर्चा की गई।

विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब स्थापना दिवस 16 मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों, शुभचिंतकों और सहयोगियों से आग्रह किया कि वे इस विशेष अवसर पर शामिल होकर टीम सहभागिता की यात्रा का हिस्सा बनें और इस दिन को यादगार बनाएं।

## दुर्लभ पक्षियों का कुल्लू में हो रहा अवैध शिकार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मोनाल, जुजुराना, कालिज सहित दुर्लभ फीजेंट प्रजाति के पक्षियों का अवैध शिकार कुल्लू के कुछ इलाकों में अभी भी जारी है। ये कहना है मनाली उपमंडल की बरान पंचायत के लोगों का जहां लोग अक्सर बंदूक के धमाकों की आवाजें सुनते रहते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार अब कुछ लोग ट्रैप्स लगा कर भी इन खूबसूरत पक्षियों का शिकार कर रहे हैं। रविवार सुबह सवेरे बरान पंचायत के पूर्व उपप्रधान भाग चंद नेगी ने डोभा गांव के पास एक ट्रैप में बुरी तरह उलझे कालिज को रेस्क्यू किया। भाग चंद ने बताया कि कालिज मजबूत धागों में बुरी तरह उलझा हुआ था और छटपटा रहा था। उन्होंने धागे काट कर पक्षी को रिहा किया। कुछ देर बाद जब पक्षी की हालत उनको ठीक लगी तो उसको जंगल में छोड़ आए। ग्रामीणों के अनुसार इलाके में बहुत से नेपाली मूल के लोग रहते हैं। वह इस तरह के ट्रैप्स लगाने में महारत है। पंचायत की सभी ग्राम कमेटियों के माध्यम से उन्होंने सब लोगों से निवेदन किया कि जिन भी लोगों के किरायेदार नेपाली मूल के लोग हैं, वह उनको इस बारे में आगाह कर दें। साथ ही स्थानीय लोगों से कहा कि अपने इलाके में किसी भी तरह का अवैध शिकार न होने दें। इलाके में फीजेंट पक्षियों की आबादी कुछ वर्षों से काफी बढ़ी है। यहां के जंगलों और नालों के आसपास बड़ी संख्या में मोनाल और जुजुराना सहित सभी तरह के फीजेंट पक्षी देखे जा सकते हैं। ग्रामीण अमित भारद्वाज के अनुसार तो ये पक्षी उन के घर के आंगन और छतों पर भी बिना डर के घूमते हुए दिखाई देते हैं। हाल ही में बरान गांव के साथ लगते नाले पर देर शाम बंदूक से छर्रे चला कर एक शिकारी ने कई फीजेंट पक्षी मार गिराए थे। शिकारी तो जल्दबाजी में भाग गया था, लेकिन अगली सुबह ग्रामीणों को दो और मरे हुए फीजेंट पेड़ के नीचे पड़े मिले थे।

## सड़क निर्माण के लिए विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी खंड की कुंगश पंचायत के खनेउल वार्ड के ग्रामीणों ने रविवार को आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने खनेउल से धारथानी तक सड़क निर्माण के लिए बजट की मांग रखी। इस सड़क से जुड़ी सभी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी हैं। विधायक ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही बजट स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी मांग पूरी होगी। इससे आसपास के सभी गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में रमेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, गंगा सिंह ठाकुर, तांगु राम, भीमी राम, कौल राम, चिरंजी लाल, बीर सिंह ठाकुर, भाग चंद, किशोरी लाल, मान सिंह और मुकेश समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## प्रदेश की 3,600 पंचायतों में दुग्ध सोसायटियां की जाएंगी स्थापित



**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन (मिल्कफेड) का चेयरमैन नियुक्त किए गए बुद्धि सिंह ठाकुर का उनके गृह क्षेत्र बागीपुल में भव्य स्वागत किया गया।

कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड के बागीपुल के रहने वाले बुद्धि सिंह ठाकुर ने 45 वर्षों तक कांग्रेस संगठन की सेवा की है। बुद्धि सिंह ठाकुर ने लगभग 17 वर्षों तक कुल्लू कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और जिला परिषद अध्यक्ष का पद भी संभाला है। बागीपुल में आयोजित प्रीति भोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बुद्धि सिंह ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। मिल्कफेड के विस्तार की योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 11,500 दुग्ध सोसायटियां हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हिमाचल की सभी 3,600 पंचायतों में दुग्ध सोसायटियां स्थापित की जाएंगी। इससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और घर-घर में आय का साधन विकसित होगा। (अनंत ज्ञान)

**पुरस्कृत** इनर सिराज प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

# पुरुषों में डिवाइन फलाचन जीती



**अनंत ज्ञान, बंजार**

इनर सिराज प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। पिछले लगभग एक माह से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब 64 टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता को दो वर्गों महिला एवं पुरुष वर्ग में खेला गया। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच डिवाइन फलाचन व सीएनके नेहरा के बीच में खेला गया, जिसमें डिवाइन फलाचन विजय रहा। इनर स्वराज प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों शुभम, लवली नेगी व यशपाल डोगरा ने बताया कि इन मैचों के अंतिम दिन बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग में विजेता टीम को 71000 रुपए तथा द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम सीएन के नेहरा को 35000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। वहीं, महिला वर्ग क्रिकेट में अंतिम मैच बाहू व चेहनी टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें बाहु टीम विजेता रही। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए व द्वितीय स्थान पर रही चैहनी टीम को 7500 का पुरस्कार बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा दिया गया।

## पत्रकार संसद की बैठक 11 मार्च को मनाली में

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पत्रकार संसद जिला कुल्लू की बैठक 11 मार्च को मनाली में आयोजित होगी। अध्यक्ष डीआर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों के नाम तय होंगे। पत्रकार संसद 19 मार्च को स्वर्गीय वरिष्ठ पत्रकार भाग चंद शर्मा की पुण्यतिथि पर स्वर्गीय बीसी शर्मा उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान समारोह मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में रणनीति बनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में उन विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा जो समाज के उत्थान में अपना योगदान दे रहे हैं। डीआर जोशी ने कहा कि विभूतियों के चयन के लिए कमेटी गठित की है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि 11 को आयोजित होने वाली बैठक में अवश्य भाग लें।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों की बनेगी सूची**

# 'खेलत है जगदंबा' गीत से गूंजा अखाड़ा बाजार

## युवक मंडल ने होली संध्या कार्यक्रम में मनाई फूलों की होली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



दुर्गा माता मंदिर अखाड़ा बाजार में अखाड़ा युवक मंडल के सहयोग से होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अबीर गुलाल की जगह फूलों की होली खेली गई और वैरागी समुदाय के लोगों की ओर से ब्रज के पारंपरिक होली गीत का गायन किया गया। इसके अलावा शहर की महिलाओं व युवक मंडलों ने भी होली के गीत और एक से बढ़कर एक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय किया। होली संध्या का मुख्य आकर्षण वैरागी समुदाय द्वारा गाये जाने वाले अपने परंपरागत ब्रज के होली गीत रहे। संध्या के माहौल को वैरागी समुदाय के लोगों ने ब्रजमय कर दिया। वैरागियों ने दो कवर जनकपुर आये शंभू बिहाने आए हिमाचल और खेलत है जगदंबा जैसे अपने परंपरागत होली गीत गाकर संध्या को खुशनुमा और होलीमय कर दिया। उसके बाद अखाड़ा युवक मंडल के युवाओं ने भी कुल्लू की परंपरागत होली काहे को मारे नजरिया, मैं बांबरी मन हारी बहुए और कान्हा धरो रे मुकुट खेले होली जैसे होली गीत गाकर संध्या को चार चांद लगा दिए। इसके बाद महिला मंडल ने भी एक से बढ़कर एक होली के गीत गाकर समा बांधा। इस संध्या के सफल आयोजन के लिए दुर्गा मंदिर और अखाड़ा युवक मंडल ने सभी का आभार व्यक्त किया। युवक मंडल के पदाधिकारी अमित जैन ने बताया कि शनिवार रात को युवक मंडल के सहयोग से दुर्गा माता परिसर अखाड़ा बाजार में पारिवारिक होली संध्या कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में शहर के महिला, पुरुष व युवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और होली गीत व नृत्य का दौर रातभर जारी रहा। इस मौके पर शहरवासियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## कलाकारों के वर्गीकरण की प्रक्रिया 25 को होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश में कुल्लू के गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक और अन्य लोक विधाओं के कलाकारों का पंजीकरण व वर्गीकरण किया जा रहा है।

यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तरीय मेलों, उत्सवों में कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। उच्च श्रेणी में वे कलाकार शामिल होंगे, जिन्होंने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार, राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रस्तुति दी हो। ऐसे कलाकार जो प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल और सारेगामापा विजेता या उपविजेता रहे हो वे भी उच्च श्रेणी में शामिल किए जाएंगे। द्वितीय श्रेणी में वे कलाकार होंगे, जो हिमाचल यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता रहे हो। जिला कुल्लू के सभी विधाओं के कलाकार 20 मार्च तक जिला भाषा अधिकारी कार्यालय कुल्लू में अपना आवेदन/ पंजीकरण करवाएं। 25 मार्च प्रातः 10 बजे से देवसदन भवन कुल्लू में कलाकारों के वर्गीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902222406, 9857065800 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में युवाओं के बीच नशे (चिट्टा) की बढ़ती लत और इसके गंभीर सामाजिक प्रभावों को रोकने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला सिरमौर के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप को ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश सहमंत्री मनीष बिरसांटा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की और सरकार से इस दिशा में कठोर कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, विशेषकर सिरमौर जिले में, युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में तेजी से फंस रहा है, जिससे न केवल उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है, बल्कि समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों में भी वृद्धि हो रही है। एबीवीपी ने मांग की कि सरकार नशे के तस्करों पर सख्त कार्रवाई करे, ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोर कानून लागू करे और नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए।

### 10 मई को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में निपटारे के लिए 6,339 मामले लिए गए, इनमें से 1947 मामलों का निपटान पक्षों की सहमति से किया गया है। इस लोक अदालत में कुल 77,268,007 रुपए की राशि का निपटान किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) नव कमल ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को होगी।

### डिजिटल स्पेस में सशक्तिकरण के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए, शूलिनी यूनिवर्सिटी ने एक रोमांचक ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें गेमिंग और तकनीक में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में महिला गेमर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने बीजीएमआई, एमोंग अस, वीआर गेम्स और कार रेसिंग जैसे लोकप्रिय खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन शूलिनी यूनिवर्सिटी के डीन अंडर ग्रेजुएट स्टडीज और कुलपति के ओएसडी प्रोफेसर केसरी सिंह ने किया, जिन्होंने डिजिटल स्पेस में समावेशिता और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों की उनके समर्पण की प्रशंसा की और बताया कि कैसे गेमिंग प्लेटफॉर्म कौशल विकास, रणनीति और टीम वर्क के लिए मूल्यवान स्थान बन रहे हैं। शूलिनी यूनिवर्सिटी में सस्टेनेबिलिटी की निदेशक पूनम नंदा ने कहा, महिलाएं हर क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ रही हैं और गेमिंग कोई अपवाद नहीं है। इस तरह के आयोजन युवा महिलाओं को तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म में अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे इन क्षेत्रों में अधिक प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त होता है।

### होला मोहल्ला को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान नाहन।** पर्व होला मोहल्ला को लेकर पांवटा साहिब में तैयारियां जोरों पर हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा पांवटा साहिब को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। 11 से 15 मार्च तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से श्रद्धालु शामिल होंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पांवटा साहिब गुरु की धरती है, जहां दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह ने अपने जीवन के चार वर्ष बिताए थे और यहीं से भगानी का ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया था। इस बार होला मोहल्ला को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केवल लाइटिंग का कार्य बाकी है, जबकि गुरुद्वारे की सजावट पूरी हो चुकी है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से हजारों श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होंगे। उनके ठहरने और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को पारंपरिक स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा। होला मोहल्ला सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे गुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर साहिब में शुरू किया था। इसमें गुरबाणी कीर्तन, गतका (मार्शल आर्ट), अखाड़ों का प्रदर्शन और नगर कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं।

### महिला दिवस सामाजिक उपलब्धियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माजरा में महिला एवं बाल विकास कार्यालय पांवटा साहिब खंड के अंतर्गत आने वाली सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास कार्यालय पांवटा साहिब के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पांवटा साहिब की सीडीपीओ गीता सिंगटा की अध्यक्षता में मनाया गया, जिसमें पांवटा साहिब कोर्ट नंबर-1 की जज प्रियंका मुख्यातिथि रही। उन्होंने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियां एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। वहीं, मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां का सम्मान करने और लैंगिक समानता की ओर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

### संस्था ने लिया कन्या शिक्षा का संकल्प

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन शहर में नारी स्वाभिमान के लिए कार्य करने वाली संरक्षिका संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस मौके पर कार्यकारी प्रधान कौमुदी ढल और सचिव रश्मि पांडे विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस मौके पर कौमुदी ढल ने कहा कि संस्था ने कन्या शिक्षा का संकल्प लिया। साथ ही संरक्षिका संस्था शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता पर भी बल देगी। इसके अलावा झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर राज शर्मा, गार्गी डोगरा, कमला बंसल, कमलेश गुप्ता, मोनिका कुमारी, कृष्णा, राजेश ठाकुर, एमएल गुप्ता, रमेश अधीर, गीता कौर, सुनीता ऑबरॉय और मीना सांगा उपस्थित रहीं।

### सपरून में खंडहर बन चुका रेन शेल्टर, नगर निगम को प्रशासन की मंजूरी का इंतजार

# रेन शेल्टर को तोड़कर बनेगी पार्किंग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के सपरून में लोक निर्माण विभाग का रेन शेल्टर फोरलेन निर्माण के बाद खंडहर हालत में पड़ा है। निगम ने यहां पर पार्किंग निर्माण की योजना तो बनाई, लेकिन प्रशासन से अभी तक रेन शेल्टर को तोड़ने की अनुमति नहीं मिली है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल यहां पर पार्किंग का शिलान्यास कर चुके हैं।

ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि रेन शेल्टर को तोड़ने की जल्द अनुमति मिल जाएगी। शेल्टर की हालत इतनी दयनीय है कि फोरलेन से गुजरने वाले पर्यटकों की आंखों में खटकता है। इससे शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। फोर लेन बनने से पहले इसका रखरखाव पीडब्लयूडी करता था, लेकिन अब यह हिस्सा नगर निगम ने पार्किंग के लिए प्रशासन से लिया है पर संबंधित विभाग से इससे तोड़ने की अनुमति नहीं मिल रही है। (अनंत ज्ञान)



### पार्किंग के लिए 10 लाख मंजूर

नगर निगम ने इस स्थान पर पार्किंग निर्माण की योजना मंजूर करवाई है। इसके लिए सरकार से 10 लाख रुपए की राशि मिली है। प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पार्किंग का शिलान्यास भी कर दिया है पर निर्माण कार्य तभी शुरू होगा, जब जर्जर पड़े शेल्टर को तोड़ा जाएगा। यहां पार्किंग बनने से करीब 50 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा का कहना है कि जर्जर हो चुके रेन शेल्टर से यहां पार्किंग निर्माण में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग से इस शेल्टर को गिराने की मांग की गई है।

### नशेड़ियों का बना अड्डा

जर्जर हालत पड़ा रेन शेल्टर नशेड़ियों की आरामगाह बन गया है। इससे स्थानीय निवासी खासकर महिला वर्ग का कॉलोनी की तरफ आना-जाना सुरक्षित नहीं है। इस समय रेन शेल्टर नशेड़ियों और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन गया है। यहां नशे में धुत व्यक्तियों के दुर्व्यवहार के कारण महिलाओं का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। हाईवे से कई फुट ऊपर स्थित यह शेल्टर अब पुराना हो चुका है क्योंकि आस-पास कोई बस नहीं रुकती और चौड़े किए गए हाईवे के किनारे नए रेन शेल्टर बनाए गए हैं। स्थानीय निवासी संदीप शर्मा और रिची ठाकुर ने कहा, यह अब यात्रियों के लिए उपयोगी नहीं है और यह एक उपद्रव का अड्डा बन गया है। नगर निगम को इस ढांचे को हटाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाने वाले पैदल पथ के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं, फोरलेन से अलग होने के चलते इस शेल्टर को गिरा कर यहां पार्किंग का निर्माण किया जा सकता है। इससे स्थानीय लोगों को पार्किंग की सुविधा होगी।

## कबड्डी में बजरंग दल हरियाणा विजेता पांवटा अकादमी सिरमौर रही उपविजेता



**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

खेल मैदान कंडाघाट में संपन्न तीन दिवसीय प्रो एचपीसीएल कबड्डी ओपन टूर्नामेंट के फाइनल में बजरंग दल हरियाणा की टीम विजेता और पांवटा अकादमी सिरमौर उपविजेता रही।

फाइनल की विजेता टीम को 21 हजार और ट्राफी और उपविजेता टीम को 11 हजार और ट्रॉफी दी गई। तीन दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा की 26 टीमों ने खेल प्रेमियों और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के आयोजक नीरज ठाकुर, कुलदीप वर्मा, नमन मेहता और अर्जुन ठाकुर, आयोजन सहयोगी विजेश्वर देव मेला कमेटी जदारी के सदस्यों ने समापन समारोह में सभी खिलाड़ियों की बेहतर खेल प्रदर्शन की सराहना की।

समारोह के मुख्यातिथि जिला सोलन आत्मा कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट युवाओं में खेल, अनुशासन और भाईचारे की भावना का विकास करने के लिए बहुत उपयोगी हैं। इसके साथ युवा खेलों में भाग लेते हुए नशे जैसी बुराई से दूर रह सकते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत कंडाघाट के पार्षद बाबूराम साहिबी, कबड्डी के नामी खिलाड़ी चैन सिंह ठाकुर, सुरेश ठाकुर और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## नाहन जेल में तीन कैदियों के बीच झड़प, माहौल तनावपूर्ण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश की सबसे पुरानी जेलों में से एक मॉडर्न सेंट्रल जेल नाहन में कैदियों के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई है। तीन कैदी आपस में झगड़ पड़े, जिसके बाद जेल परिसर में हंगामा मच गया। मामला बढ़ने पर जब जेल प्रशासन ने हस्तक्षेप किया, तो कैदी और अधिक उग्र हो गए।

उन्होंने खुद को चोट पहुंचाने की धमकियां देते हुए दीवारों पर सिर पटकने की कोशिश की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जेल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस थाना सदर नाहन से टीम मौके पर पहुंची। विवाद तब शुरू हुआ, जब एक कैदी दरवाजे के पास खड़ा था और दूसरे कैदी ने साइड मांगी। इस पर कैदी भड़क गए और आपस में झगड़ा करने लगे। घटना के दौरान तीनों कैदी बैरक में न होकर खुले परिसर में थे, जब झगड़े की खबर जेल प्रशासन को मिली, तो जेल अधीक्षक भी तुरंत मौके पर पहुंचे। जेल कर्मियों ने तीनों कैदियों को किसी तरह अलग किया, लेकिन

**कैदियों ने खुद को चोट पहुंचाने की दीं धमकियां दीवारों पर पटकने लगे सिर**

स्थिति और बिगड़ गई। कुछ कैदियों ने खुद को चोट पहुंचाने की धमकियां दीं और दीवारों पर सिर पटकने लगे। हालांकि, जेल स्टाफ ने उन्हें किसी भी प्रकार की क्षति से बचा लिया। कैदियों की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जेल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद, पुलिस की एक टीम रात साढ़े आठ बजे तक मौके पर जांच में जुटी रही। पुलिस ने जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की, जिसमें पूरी घटना रिकॉर्ड थी। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि कैदियों के बीच झगड़े की सूचना पर पुलिस टीम को जेल भेजा गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, ताकि झगड़े के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## रानीताल बाग में पुलिस ने बढ़ाई गश्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रानीताल में नशेड़ियों को मौज लगी है। बाग में नियमित सैर को आने लोगों का कहना है कि दोपहर बाद यहां स्कूली छात्रों व अन्य युवाओं की चहलकदमी शुरू हो जाती है, उनमें से बहुत से छात्र खुलेआम धूम्रपान करते नजर आते हैं। बाग में संदिग्ध व्यक्ति भी छात्रों व युवकों के आसपास मंडराते देखे जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार ऐसे व्यक्तियों के चिट्टा सप्लायर होने का अंदेशा है। यह भी जानकारी मिली है कि बाग में शौचालयों व एकांत स्थानों पर लगातार युवाओं व छात्रों का आना-जाना लगा रहता है। रानीताल बाग में चिट्टे के तस्करों की हरकतों की जानकारी पुलिस को भी दी गई है। पुलिस ने भी चिट्टा सप्लाई करने वाले लोगों के खिलाफ कारवाई करने के लिए गस्त बढ़ाई है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि रानीताल को लेकर विशेष निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। यहां छात्रों व युवकों को नशे की सप्लाई करने वाले तस्करों पर नजर रखी जा रही है।

## केके ब्लॉसम स्कूल में कूटनीतिक संवाद की बारीकियों से अवगत कराया

**अनंत ज्ञान, सोलन**



केके ब्लॉसम स्कूल सोलन में एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सप्ताहांत का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों, दोनों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

इस दौरान स्कूल में एक विशेष मॉडल यूनाइटेड नेशंस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ देना और उनकी संचार एवं नेतृत्व क्षमताओं को निखारना था। इस सत्र का नेतृत्व प्रसिद्ध कौशल प्रशिक्षक राहुल मेनन ने किया, जिन्होंने अपनी गहन जानकारी और प्रभावी शिक्षण पद्धति से छात्रों को इंटरव्यू स्किल्स और कूटनीतिक संवाद की बारीकियों से अवगत कराया। प्रिंसिपल समीक्षा चौधरी और उपप्राचार्य पूजा चौधरी के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियां और कौशल विकास तकनीकों से अवगत करवाना था, जिससे वे अपने शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावशाली बना सकें।

प्रिंसिपल ने बताया कि केके ब्लॉसम स्कूल निरंतर छात्रों और शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। यह प्रयास प्रदेश के अन्य शैक्षिक संस्थानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## भारत विकास परिषद सोलन के अध्यक्ष बने देवेंद्र गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन के वार्षिक चुनाव में देवेंद्र गुप्ता अध्यक्ष, कमल किशोर शर्मा सचिव और रजनी प्रभाकर को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अन्नपूर्णा मंमगाईं को महिला संयोजिका और अमर सिंह वोहरा को संगठन सचिव नियुक्त किया गया।

नई कार्यकारिणी पहली अप्रैल से अपना पदभार संभालेगी। इस अवसर पर आर्मी पोस्टल सेवा से सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमित कुमार शौरी मुख्यातिथि रहे और नीरज गुप्ता और सत्यम शर्मा प्रांत पर्यवेक्षक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारत विकास परिषद के कार्य दर्शन तथा कर्नल अरुण कैंथला के नेतृत्व में सोलन शाखा द्वारा किए गए कार्यों खास कर भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, गुरुवंदन छात्र अभिनंदन तथा बालिका छात्रवृत्ति जैसे कार्यक्रमों की भूरी -भूरी प्रशंशा की।

## सार्वजनिक शौचालय बंद रहने से समस्या

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट बाजार का चायल चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय बंद रहने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। कंडाघाट बाजार में कोई दूसरा शौचालय नहीं है। एक मात्र शौचालय के बंद होने से शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग, चायल, जुन्गा आवाजाही करने वाली बसों के यात्रियों, बाजार आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषतौर से महिलाओं को शौचालय बंद होने से परेशानी देखने में आई। नगर पंचायत कंडाघाट के उपाध्यक्ष मनीष सूद ने बताया कि शौचालय का सिवरेज टैंक शुक्रवार रात एकाएक ओवर फ्लो हो गया। नगर पंचायत ने तुरंत इसकी सफाई के लिए कर्मचारी, जो बाहरी राज्यों से आते हैं उनको बुलाया है। सफाई के बाद यह सेवा कल तक बहाल हो जाएगी।

## राज्य कुराश चैंपियनशिप जून माह में मनाली में होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश एमेच्योर कुराश संघ की महत्वपूर्ण बैठक सोलन के सर्किट हाउस में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के चेयरमैन कौशल मुंगटा ने की।

इसमें विशेष संबोधन डॉ. सुरेंद्र कुल्ला ने किया। बैठक में प्रदेशभर से जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें सोलन से सनी लल्टा और रजनीश गुप्ता, कांगड़ा से सुनील कुमार, मंडी से चुन्नी लाल और धनीराम, शिमला से वीरेंद्र सिंह धौलता, सुरेंद्र कुल्ला और कौशल मुंगटा, सिरमौर से रामलाल सूर्य, शशि पाल, यशवंत सिंह और हर्देव तोमर, हमीरपुर से सुनील कुमार और होशियार सिंह, चंबा से आशीष कुमार, ऊना से संजय कुमार, लाहौल-स्पीति से शेर सिंह, कुल्लू से नरेंद्र सिंह और हर्देव सिंह, किन्नौर से तोबतान नेगी और ठाकुर नाथ, बिलासपुर से तेज सिंह सहगल और इंद्र सेन शामिल थे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में नरेंद्र सिंह और चुन्नी लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष के रूप में सुरेश नेगी, सुनील कुमार और ठाकुर नाथ संयुक्त सचिव के रूप में रामलाल सूर्य डिजाइन निदेशक के रूप में अनिल कुमार, कोचिंग निदेशक के रूप में मुकुल शर्मा, ऑफिशिएटिंग निदेशक के रूप में धनी राम, कार्यकारी सदस्य के रूप में हंसराज राघटा, सनी लल्टा और शेर सिंह, मीडिया सलाहकार के रूप में सीताराम और प्रवीन मुंगटा और यौन उत्पीड़न समिति में डॉ. भारती गुप्ता कुसुम कुल्ला, मीना शर्मा और अंकिता शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया कि हिमाचल प्रदेश राज्य कुराश चैंपियनशिप जून माह में मनाली कुल्लू में आयोजित की जाएगी।

## साहूकारों रा स्वांग लोकनाट्य का मंचन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि उपतहसील पझौता के जालग में स्थित हाब्बी मानसिंह कला केंद्र में गत दिवस संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत साहूकारों रा स्वांग नाटक का मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने किया। कार्यक्रम का आगाज लोकवादन के साथ हुआ। सर्वप्रथम लोक वाद्ययंत्रों पर आसरा के लोक कलाकारों द्वारा नौगत की प्रस्तुति दी गई। उसके पश्चात पहाड़ी पारंपरिक परिवेश में साहूकारों रा स्वांग लोकनाट्य का मंचन किया गया। कलाकेंद्र के मंच पर सेट लगाकर ग्रामीण परिवेश दर्शाते प्रत्येक कलाकार ने अपने किरदार को बेहतरीन ढंग से निभाते हुए दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी।



आसरा संस्था द्वारा गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक व डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में उपरोक्त नाटक को गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। साहूकारों रा स्वांग लोकनाट्य में आज के समय में व्याप्त जमाखोरी, मुनाफाखोरी, खाद्य वस्तुओं में मिलावट, भ्रष्टाचार, चोरी, हत्या तथा लूटपाट जैसी बुराइयों पर कड़ा प्रहार किया गया। इस लोकनाट्य में बेहतर कानून व्यवस्था और निष्पक्ष न्याय प्रणाली पर भी प्रकाश डाला गया। आसरा संस्था के कलाकार पिछले कई वर्षों से गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक व डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में कई लोकनाट्यों को तैयार कर सफलतापूर्वक मंचन कर चुके हैं।

## पांवटा को 40 लाख का मिला बजट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** केंद्र सरकार की कृषि मशीनीकरण पर उपमिशन योजना (एसएमएएम) के तहत किसानों को कृषि मशीनरी खरीदने के लिए 50 से 80 फीसदी तक का अनुदान दिया जा रहा है, जिससे उन्हें कम लागत पर कृषि मशीनरी मिल सकेगी।

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब ब्लॉक की अगर बात करें, तो किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए 40 लाख रुपए का बजट उपलब्ध हुआ है। कृषि विकास अधिकारी पांवटा साहिब मनजीत सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कृषि मशीनीकरण पर उपमिशन योजना के तहत किसानों को कृषि के विभिन्न उपकरण खरीदने के लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। योजना में किसान ट्रैक्टर समेत गेहूं निकालने वाली मशीन और अन्य कृषि उपकरण खरीद सकते हैं, जिसके लिए पांवटा साहिब कृषि विभाग को करीब 40 से लाख रुपए का बजट उपलब्ध हुआ है। योजना का किसान पहले आओ पहले पाओ से लाभ उठा पाएंगे। योजना के लिए किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**परेशानी** राजगढ़ बस स्टैंड में सब डिपो का लगा दिया बोर्ड, पर नहीं मिलीं सुविधाएं

# अन्य राज्यों के लिए नहीं सीधी बस सेवा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

करीब छह वर्ष पहले बस स्टैंड राजगढ़ पर एचआरटीसी द्वारा सबडिपो का बोर्ड तो टांग दिया गया, लेकिन इस अवधी में न बसों व रूट की संख्या में कोई बढ़ावा हुआ और न ही यात्रियों के लिए कोई सुविधाओं का सृजन किया गया। एचआरटीसी के सबडिपो का उद्घाटन सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप द्वारा 27 फरवरी, 2019 को किया गया था।

इससे पहले राजगढ़ में एचआरटीसी की 13 बसें विभिन्न रूटों पर चलती थी। सबडिपो बनने के उपरांत बसों की संख्या घटकर 9 रह गई। नई बसें न मिलने के कारण इस सबडिपो में सभी बसें खटारा हो चुकी हैं। बता दें कि एचआरटीसी के सबडिपो का संचालन सहायक प्रबंधक द्वारा किया जाता है और डिपो में कम से कम 35 बसें होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त सब डिपो का अपना कार्यालय, वर्कशॉप व पेट्रोल पंप होता है, जबकि राजगढ़ सबडिपो में केवल दो कर्मचारी कार्य




कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ भी नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ से अन्य राज्यों के लिए कोई भी लंबी दूरी की बस सेवा नहीं चलती है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि राजगढ़ से एचआरटीसी की सीधी बस सेवा दिल्ली, हरिद्वार, चंडीगढ़, धर्मशाला, पर्यटक स्थल कुल्लू, मनाली और शिमला के लिए चलनी चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इस बस अड्डा से एचआरटीसी के अतिरिक्त 21 निजी बसें भी विभिन्न रूटों के लिए रवाना होती हैं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सब डिपो के नाम पर राजगढ़ क्षेत्र के लोगों के साथ सरकार ने बहुत बड़ा मजाक किया है यदि एचआरटीसी सबडिपो में सुविधाएं सृजित करने की स्थिति में नहीं थी, तो सब डिपो का बोर्ड हटा देना चाहिए। यही नहीं यात्रियों के बैठने की उचित व्यवस्था तक नहीं है। सुलभ शौचालय की भी दशा ठीक नहीं है। बस अड्डे पर सार्वजनिक नल में पानी न होने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी पेश आती है। क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी कार्यालय सोलन से जब इस बारे बात की गई, तो बताया कि राजगढ़ में जो बसें चल रही हैं वह भी घाटे में चल रही हैं। ऐसी स्थिति में रूट व बसों की संख्या बढ़ाना संभव नहीं है।

## नाहन अस्पताल में नशा निवारण ओपीडी शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में नशा निवारण के लिए एक ओपीडी शुरू की गई है। यह ओपीडी ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी के प्रयासों के बाद मिली है।

ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी के अध्यक्ष ईशान राव ने बताया कि नशा

**युवाओं को नशे की लत से उबारना मकसद**

निवारण ओपीडी में शनिवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक नशा युक्त रोगियों को काउंसलिंग के साथ-साथ उन्हें नशे की लत से उबरने में मदद की जाएगी। ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी के अध्यक्ष ईशान राव ने हालही में स्थानीय विधायक अजय सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें नशा निवारण के लिए ओपीडी सेवा शुरू करने की मांग की गई थी। इस ओपीडी की शुरुआत से नाहन और आसपास के क्षेत्रों में नशा निवारण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। यह पहल न केवल नशा युक्त रोगियों को मदद प्रदान करेगी, बल्कि समाज में नशे के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। इस पहल का मकसद युवाओं को नशे की लत से उबारना है।

## विधायक संजय अवस्थी से रौड़ी गांव के लिए सड़क निर्माण की मांग



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

रौड़ी पंचायत के गांव खाता के प्रतिनिधिमंडल ने अर्की विधायक संजय अवस्थी से मुलाकात की और गांव के लिए सड़क निर्माण की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदीप ठाकुर ने किया।

प्रदीप ठाकुर ने बताया कि इस सड़क के लिए सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मार्च में टोकन मनी डालने के बाद सड़क निर्माण के कार्य के लिए विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। सड़क निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि का प्रबंध किया जाएगा। इस अवसर पर गांव वासियों, युवक मंडल और महिला मंडल ने विधायक संजय अवस्थी का धन्यवाद किया। विधायक के प्रयासों से गांव में सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा, जिससे गांव के लोगों को लाभ होगा। प्रदीप ने कहा कि विधायक संजय अवस्थी के प्रयासों से गांव में विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर प्रदीप ठाकुर, प्रेमलाल, सुंदर ठाकुर, हरिचंद, पवन ठाकुर, मनोज ठाकुर, हरीश ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, विक्रम ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, रूपलाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ युवा दल ने महिलाओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर चंडीगढ़ युवा दल की तरफ महिलाओं का सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए चंडीगढ़ युवा दल की तरफ सेक्टर-46 में सशक्त नारी अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के आयोजक विनायक बंगिआ, इंद्रजीत कौर व सुनील यादव ने बताया कि समाज में महिलाओं द्वारा निभाई असंख्य भूमिकाओं का जश्न मनाने उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए सशक्त नारी अभिनंदन समारोह रखा गया है। इस मौके बलविंद्र सिंह और समूह संगत की तरफ से नारी शक्ति के कल्याण के लिए अरदास की गई। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. संदीप संधू एवं व्याख्याता संतोष ने कहा कि हम नारी शक्ति को सलाम करते हैं। परिवार, समाज व देश के विकास के लिए महिला का सम्मान करना गौरव का विषय है। जिस समाज में महिला का सम्मान किया गया, उस समाज ने तरक्की की।

### रोहतक पहुंचे गुजरात व हरियाणा के राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा रविवार को दयानंद मठ, रोहतक में आर्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित जगदेव सिंह सिद्धांती भवन में किया गया, जहां 150 वर्षों में आर्य समाज द्वारा समाज को दी गई दिशा और योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने अपना संदेश दिया। उन्होंने आर्य समाज के सामाजिक सुधार कार्यों और समाज में समानता, शिक्षा और धार्मिक चेतना के प्रसार में निभाई गई भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मंच पर पहुंचने पर दोनों गणमान्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। महासम्मेलन में जैसे ही हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मंच पर पहुंचे, वहां उपस्थित सैकड़ों लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि आर्य समाज ने बीते 150 वर्षों में समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों ने समाज में समानता, शिक्षा और नारी उत्थान को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि आज भी महर्षि के विचार प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा देने के लिए प्रेरित करते हैं।

### भ्रष्ट पंचों और सरपंचों पर कसेगी नकेल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विकास कार्यों में गड़बड़ी व ग्राम पंचायत की संपत्ति को हानि पहुंचाने वाले सरपंच व पंच अब आसानी से नहीं बच सकेंगे। सैनी सरकार पंचायतीराज अधिनियम धारा 53 की उपधारा (5) में संशोधन करने जा रही है। इसके तहत कोई सरपंच या पंच के कार्यकाल में विकास कार्यों में अनियमितताएं मिलती हैं तो गड़बड़ी होने की तारीख से छह साल तक या फिर सरपंच के पद से हटने के दो साल तक, जो भी बाद में होगा, उस अवधि तक कार्रवाई की जा सकेगी। यानी किसी सरपंच के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में कोई घोटाला सामने आता है तो छह साल तक उससे नुकसान की भरपाई करवाई जा सकेगी। भले ही सरपंच पद से हटने के दो साल की अवधि बीत गई हो। जबकि मौजूदा प्रावधान में ऐसा नहीं था और भ्रष्ट सरपंच व पंच आसानी से बच कर निकल जाते थे।

### रोडवेज बस का टायर निकला, हादसा टला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खाटू श्याम मेले से नारनौल आ रही रोडवेज बस के साथ शनिवार रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बस जब पाटन के समीप पहुंची तो अचानक बस का एक टायर निकल गया और दूसरा टायर फट गया। इससे बस का संतुलन बिगड़ गया और यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया और सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना रात करीब सवा आठ बजे की बताई जा रही है, जब खाटू श्याम मेले से लौट रही रोडवेज बस पाटन के पास पहुंची। अचानक बस का एक टायर निकल गया और दूसरा फट गया। इससे बस का संतुलन बिगड़ गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित कर लिया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत



**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** जिला मुख्यालय शहर के बाहरी इलाके में रविवार को एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा चित्रदुर्ग तालुका के सिबर गांव में हुआ। अधिकारियों ने कहा कि हादसे में कार में सवार बेंगलुरु निवासी सभी पांच लोगों की मौत हो गई।

### युद्धविराम समझौते पर शुरू होगी बातचीत

**तेल अवीव।** इसराइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते पर जल्द बाद शुरू होने की उम्मीद है। दरअसल इसराइल ने कहा है कि वह अपने प्रतिनिधिमंडल को युद्धविराम समझौते पर बातचीत आगे बढ़ाने के लिए कतर भेजेगा। वहीं, हमास ने भी मिस्र और कतर के मध्यस्थों के साथ युद्धविराम समझौते पर बात शुरू करने को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। इसराइल और हमास के बीच पहले चरण का युद्धविराम समझौता मार्च के शुरुआत में खत्म हो गया और अब दूसरे चरण के समझौते पर बात होनी है। इसराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि उन्होंने अमेरिका की मध्यस्थता में बातचीत के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्होंने और ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की आशंका के कारण भारत-पाकिस्तान सीमा और नियंत्रण रेखा के आसपास के क्षेत्रों व बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की यात्रा न करने की चेतावनी देते हुए एक परामर्श जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने यात्रा संबंधी परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया कि इन क्षेत्रों में आतंकी गतिविधियां और सशस्त्र संघर्ष हो सकते हैं, इसलिए लोगों को पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करना चाहिए। यात्रा परामर्श में अमेरिकियों से आतंकवाद के कारण बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की यात्रा न करने को भी कहा है। एडवाइजरी में कहा कि आतंकवाद और चरमपंथी तत्वों द्वारा जारी हिंसा के कारण नागरिकों के साथ-साथ स्थानीय सैन्य और पुलिस ठिकानों पर अंधाधुंध हमले हुए हैं।

### मसूर दाल के आयात पर लगाया 10 फीसदी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने यानी इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया है। इस बारे में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। सरकार ने आठ मार्च से दालों पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 110.56 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

## बोले-समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को काशीपुर में भव्य रोड शो कर कार्यक्रम स्थल नगर निगम पहुंचे। रोड शो में मुख्यमंत्री धामी का काशीपुर की जनता, विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा, मालाओं, पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया। धामी ने काशीपुर नगर निगम में आयोजित अभिनंदन समारोह में 48.61 करोड़ की लागत के 7 विकास कार्यों का शिलान्यास व 61.95 करोड़ की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान कुल 110.56 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने केवीआर अस्पताल से धनौरी तक व बिजनेस इन होटल से परमानंदपुर लिंक मार्ग तक मार्ग चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण, वृक्षारोपण, भूमिगत विद्युतिकरण तथा स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किए जाने। नगर निगम काशीपुर के संपूर्ण परिसर में पीपीपी मोड में निगम कार्यालय भवन, आवासीय परिसर एवं शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य, नगर निगम काशीपुर के नवीन निर्मित 17 वार्डों में अवस्थापना सुविधाओं सड़क, नाला/नाली, विद्युत एवं पार्क निर्माण कार्य, राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल, काशीपुर (छोटी जीजीआईसी) परिसर नगर निगम को हस्तांतरित करते हुए मुख्य बाजार मार्ग चौड़ीकरण एवं पार्किंग युक्त शापिंग कांप्लेक्स का निर्माण, वार्ड नंबर 5 में शहरी विकास विभाग की भूमि पर गोशाला निर्माण, काशीपुर उपजिलाधिकारी कार्यालय के निकट राजकीय भूमि पर सर्किट हाउस बनाना, काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का आधुनिकीरण एवं पुनर्निर्माण कर नगर निगम काशीपुर द्वारा संचालन किए जाने आदि कार्यों की घोषणा की।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशीपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर काशीपुर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनभावनाओं के अनुरूप और राज्य के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा में उत्तराखंड का भू-कानून के लिए विधेयक पारित किया जा चुका है। राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप सख्त भू-कानून लाया जा रहा है। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है। यूसीसी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार काशीपुर की जनता द्वारा जताए गए भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेगी और विकास कार्यों को तीन गुना गति से आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी। (अनंत ज्ञान)

# गुरुद्वारा नानकसर साहिब में 49वां सालाना गुरमति समागम समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सैक्टर 28 स्थित गुरुद्वारा नानकसर साहिब में 49वां सालाना गुरमति समागम समारोह श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। गुरुद्वारा साहिब में अल सुबह से ही संगत का आना आरंभ हो गया था, कीर्तन दरबार व दीवान सजे हुए थे। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से आए रागी जत्थो ने संगत को गुरबाणी और शब्दों से निहाल किया।

अमृतसर से विशेष रूप से आए रागी बलविंद्र सिंह लपोके, भाई बलजीत सिंह चंडीगढ़ वाले, भाई मनप्रीत सिंह जगाधरी, गुरचरण सिंह रसिया लुधियाना, करनैल सिंह गरीब अंबाला ओर जगराओ से आए बाबा लक्खा सिंह ने श्रोताओं को शब्दों और गुरबाणी का महत्व समझाते हुए पंथ की राह पर चलने की अपील की। प्रत्येक साल की तरह इस साल भी रक्तदान शिविर का आयोजन सेक्टर 16 अस्पताल की टीम द्वारा सरदार हरपाल सिंह की मदद से किया गया था। रक्तदाताओं ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 40 के लगभग यूनिट इकट्ठे हुए। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। गौरतलब है कि सुबह से ही चाय, पकौड़े, बिस्कुट और लस्सी का लंगर चल रहा था। कुछ लोगों ने फल और आइसक्रीम भी बांटी, जबकि दोपहर में संगत के लिए लंगर का भी प्रबंध किया गया था।

नानकसर गुरुद्वारा के बारे में एक बात मशहूर है कि 'पकता नहीं है लंगर फिर भी छकती है संगत' डेरा प्रमुख बाबा गुरदेव सिंह, बाबा लक्खा सिंह और गुरुद्वारा साहिब के सेवादार मास्टर गुरचरण सिंह, मनजीत सिंह कलसी, हरनेक सिंह सेखों, अमर टैक्स के प्रवीण कुमार आदि अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डेरा प्रमुख बाबा गुरदेव सिंह ने समागम के सफलतापूर्वक समापन पर सारी संगत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह अगले वर्ष के लिए सारी संगत को आमंत्रित करते हैं।

# खालसा कॉलेज में छात्रों को बांटी डिग्रियां

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



खालसा कॉलेज (अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, मोहाली में आज द्वितीय वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 258 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर खालसा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर व खालसा कॉलेज गवर्निंग कौंसिल के आनरेरी सचिव राजिंद्र मोहन सिंह छीना मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कौशल विकास शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए युवाओं को भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि यह कौशल विकास शिक्षा का युग है और अध्ययन एवं पाठ्यक्रम को व्यावसायिक आवश्यकताओं और मौजूदा नौकरी बाजार के अनुरूप होना चाहिए।

दीक्षांत समारोह में अपने प्रेरणादायक संबोधन के दौरान छीना ने कहा कि छात्रों को अपनी खुद की कंपनियां और व्यवसाय शुरू करने चाहिए, ताकि वे अन्य लोगों को रोजगार दे सकें। उन्होंने खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि हमें ऐसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करनी होगी जो अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरे। इसके साथ ही, उन्होंने छात्रों को अपने माता-पिता का सम्मान करने की भी सीख दी। इससे पहले, प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमारी ने कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और विभिन्न क्षेत्रों, जैसे शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में संकाय एवं छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# भाखड़ा नहर में मिले करीब 300 गोलियों के 'खोल'

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के गांव मिर्जापुर के समीप भाखड़ा नहर में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों को नहर किनारे भारी मात्रा में गोलियों के खोल दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह गांव के कुछ मजदूर जब काम पर जा रहे थे, तो उन्होंने नहर किनारे करीब 300 गोलियों के खोल पड़े देखे। मजदूरों ने तुरंत ही गोताखोर प्रगट सिंह को इसकी सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद केयू थर्ड गेट चौकी से भी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। गोताखोर परगट सिंह ने पुलिस के साथ मिलकर नहर के अंदर भी तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान करीब 300 गोलियों के खोल नहर से बरामद किए गए।

# मुख्यमंत्री सैनी ने विधायक रणधीर की माता के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जिला हिसार के गांव पनिहार पहुंचकर विधायक रणधीर पनिहार की माता श्रीमती रामप्यारी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित थे।

## देश-विदेश

# अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ दीवारों पर लिखे आपत्तिजनक नारे

**एजेंसी, कैलिफोर्निया**

**कैलिफोर्निया** के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर रविवार को हमलावरों ने आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की। हालिया महीनों में अमेरिका में हुई यह दूसरी घटना है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि चीनो हिल्स स्थित मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है।

बीएपीएस की तरफ से एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए जोर दिया गया है कि वे नफरत को कभी जड़ नहीं जमाने देंगे और शांति और करुणा कायम रहेगी। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि मंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है।



### भारत सरकार ने की निंदा

**अमेरिका** में हिंदू मंदिर पर हुए हमले का भारत सरकार ने खुलकर विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस 'घृणित कृत्य' की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्रालय ने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

### पनामा ने किया अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को रिहा

**पनामा सिटी।** कई हफ्तों तक चले मुकदमों और मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए कई प्रवासियों को रिहा कर दिया, जिन्हें एक दूरदराज के शिविर में रखा गया था। इन लोगों के पास यह देश छोड़ने के लिए 30 दिन का समय है। निर्वासन में तेजी लाने के प्रयास के तहत अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पनामा तथा कोस्टा रिका के साथ एक समझौता किया था। समझौते के तहत अमेरिका से अवैध प्रवासियों को इन देशों में निर्वासित किया गया, जिनमें अधिकतर एशियाई देशों से हैं। शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत, लोगों को उत्पीड़न से बचने के वास्ते शरण लेने के लिए आवेदन करने का अधिकार है।

# मणिपुर में हिंसात्मक प्रदर्शन के बाद फ्री मूवमेंट रोका

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन शनिवार को सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 40 लोग घायल हुए हैं। राज्य में 8 मार्च से सभी इलाकों में सामान्य आवाजाही शुरू की गई, जिसका कुकी समुदाय के लोगों ने विरोध किया। वहीं मणिपुर में हिंसात्मक प्रदर्शन के बाद फ्री मूवमेंट रोक दिया है।

**हिंसा के बाद एक्स्ट्रा फोर्स तैनात**

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों की शनिवार की कार्रवाई के खिलाफ कुकी-जो समूहों की ओर से अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। कांगपोकपी जिले में रविवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत है। यहां अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की है। गुलेल का भी इस्तेमाल किया गया है। सुरक्षाबलों के 5 वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। झड़प के दौरान 16 प्रदर्शनकारी घायल हो गए और एक प्रदर्शनकारी की चोटों के कारण मौत हो गई। कुकी समुदाय ने प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर पत्थर बिछाकर और टायर जलाकर सड़कें ब्लॉक करने की कोशिश की। कई जगह वाहनों में आग लगा दी गई। बसों को पलट दिया गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े।

# सीरिया में हिंसा: 2 दिन में एक हजार लोगों की मौत

**एजेंसी, दमिश्क**

**सीरिया** के लताकिया और टार्टस में कई दिनों से सेना और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच झड़प जारी है। इस हिंसा से 2 दिन में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मौतों का यह आंकड़ा 2011 में सीरियाई गृह युद्ध के बाद सबसे ज्यादा है।

यह जानकारी सीरिया में युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी है।

संस्था के मुताबिक, पिछले दो दिन में सुरक्षाबलों ने अलावी मुस्लिम समुदाय के 745 से ज्यादा लोगों की हत्या कर दी। इनमें से ज्यादातर को फांसी दी गई है। इसके अलावा असद समर्थक 148 लड़ाके भी मारे गए हैं। वहीं, इस हिंसा में सुरक्षाबलों के 125 जवानों की भी मौत हुई है। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट होने के बाद बशर देश छोड़कर रूस भाग गए थे। इसके बाद सीरिया की सत्ता पर उग्रवादी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का कब्जा हो गया।

### दावा-असद समर्थकों ने सुरक्षाबलों पर पहले हमला किया

**सीरिया** सरकार का कहना है कि असद के वफादार लड़ाकों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिससे हिंसा शुरू हुई। वहीं, असर के लड़ाकों ने सुरक्षाबलों पर रिहायशी इलाकों पर बमबारी करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, झड़प तब शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की कोशिश की। इसके बाद सरकार ने लताकिया और टार्टस में भारी संख्या में सेना की तैनाती की है। साथ ही कर्फ्यू लगाने का भी आदेश दिया है।

# रुबियो-मस्क विवाद की रिपोर्ट को डोनाल्ड ट्रंप ने किया खारिज

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एलन मस्क के बीच तीखी नोकझोंक की खबरों का खंडन किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि एलन और मार्को के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। इसके अलावा कोई भी बयान फर्जी खबर है। ट्रंप को यह सफाई न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद देनी पड़ी। इसमें दावा किया गया कि वीरवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान, प्रशासन के खर्च-कटौती प्रमुख मस्क ने स्टेट डिपार्टमेंट में अहम स्टाफ कटौती को लागू करने में नाकाम रहने के लिए रुबियो की आलोचना की।

# जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर फोकस, टैक्स में होगी कटौती: वित्त मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरें कम की जाएंगी, क्योंकि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है।

वित्त मंत्री ने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू करने के समय रेवेन्यू न्यूट्रल रेट (आरएनआर) 15.8 प्रतिशत था, जो कि 2023 में कम होकर 11.4 प्रतिशत पर आ गया है। इसमें और कमी आने की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी स्लैब को सरल बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि जीएसटी परिषद, जिसमें राज्य के वित्त मंत्री शामिल हैं, जल्द ही अंतिम निर्णय लेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसे लेकर मंत्रियों के समूहों (जीओएम) की ओर से कार्य किया है और मैं इन कार्यों की समीक्षा करूंगी और फिर इसे जीएसटी परिषद के पास ले जाऊंगी, जिससे हम इस पर अंतिम निष्कर्ष पर पहुंच सकें। जीएसटी की दरों और स्लैब में बदलाव के लिए सितंबर 2021 में जीओएम की स्थापना की गई थी। इस कमेटी में छह राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं, जो कि टैक्स सिस्टम को अधिक कुशल बनाने को लेकर काम कर रहे हैं। जीओएम की ओर से जीएसटी स्लैब की संख्या कम करने, दरों को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न उद्योगों की ओर से उठाई गई प्रमुख चिंताओं का समाधान पर काम किया जा रहा है।

### जीएसटी परिषद की बैठक में प्रस्ताव पेश करने से पहले होगी समीक्षा

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि अगली जीएसटी परिषद की बैठक में प्रस्ताव पेश करने से पहले अंतिम समीक्षा की जा रही है। सीतारमण ने कहा कि हम इसे अगली परिषद (बैठक) में ले जाएंगे। हम कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दों, दरों में कटौती, तर्कसंगतता, स्लैब की संख्या पर विचार आदि पर अंतिम निर्णय लेने के बहुत करीब हैं।

# भारत के साथ करना चाहते व्यापार संबंध मजबूत: फ्रांसेस्को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इटली** के कृषि मंत्री फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा ने भारत के साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने दोनों देशों की सरकारों के बीच मजबूत संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि पारस्परिक व्यापार संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत है।

उन्होंने शनिवार से शुरू हुए दो दिन की व्यापार संवर्द्धन प्रदर्शनी भारत रोड शो 'विनइटली' की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। यह एक ऐसा मंच है, जहां 'सर्वश्रेष्ठ इतालवी वाइन और अन्य कंपनियां प्रतिनिधित्व करती हैं, मिलती हैं, चर्चा करती हैं।' उन्होंने कहा कि यह हर



दृष्टिकोण से इस उद्योग के विकास से संबंधित विषयों को गहराई से समझने का अवसर देता है। इटली के कृषि मंत्री ने वीडियो संदेश में दोनों देशों के मजबूत संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पारस्परिक निर्यात के जरिए इसे और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ अपने दोस्ताना संबंधों को और मजबूत नहीं करना चाहते हैं, बल्कि पारस्परिक व्यापार संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं।

# आईफा अवाड्र्स: 'पंचायत' का जलवा, 'अमर सिंह चमकीला' बनी बेस्ट फिल्म



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राजस्थान** के जयपुर में आईफा 2025 का आयोजन किया गया। इसमें बॉलीवुड की कई दिग्गज हस्तियां जुटीं। हाल ही में आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं की घोषणा की गई। इस साल वेब सीरीज 'पंचायत' ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीता।

वहीं, फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के निर्देशक इम्तियाज अली ने भी इस समारोह में खास पहचान बनाई। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री का खिताब आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 में कृति सैनन को उनके होम प्रोडक्शन की फिल्म 'दो पत्ती' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का खिताब विक्रांत मैसी ने 'सेक्टर 36' में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान 'अमर सिंह चमकीला' के लिए इम्तियाज अली को दिया गया। सहायक भूमिकाओं में अनुप्रिया गोयनका ने बर्लिन और दीपक डोबरियाल ने 'सेक्टर 36' के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया।

- सर्वश्रेष्ठ लीड एक्ट्रेस (वेब सीरीज) - श्रेया चौधरी (बैंडिट बैंडिट्स सीजन 2)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री (वेब सीरीज) - संजीदा शेख (हीरामंडी)
- सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्टोरी (वेब सीरीज) - कोटा फैक्ट्री सीजन 3
- सर्वश्रेष्ठ रियलिटी या नॉन-स्क्रिप्टेड शो - फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स
- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री/डॉक्यू-फिल्म - यो यो हनी सिंह: फेमस
- सर्वश्रेष्ठ टाइटल ट्रैक - अनुराग सैकिया (मिसमैच्ड सीजन 3 - 'इश्क है')

## स्पोर्ट्स विंडो

### गुजरात टाइटंस के सहयोगी स्टाफ से जुड़े मैथ्यू वेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने।



गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियन, फाइटर, अब हमारे सहायक कोच! जीटी (गुजरात टाइटंस) के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड।'' वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया। वह 2022 में हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वेड टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे।

### बायर्न म्यूनिख और लीवरकुसेन बुंदेसलीगा में हारे



**बर्लिन।** शीर्ष पर चल रहे बायर्न म्यूनिख को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद बोचुम के खिलाफ बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन बायर लीवरकुसेन की टीम इसका फायदा उठाने में नाकाम रही। लीवरकुसेन की टीम भी शनिवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 0-2 से हार गई। ब्रेमेन ने सभी प्रतियोगिताओं में मिलाकर अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। बायर्न की टीम 25 मैच में 61 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि लीवरकुसेन इतने ही मुकाबलों में 53 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बोरूसिया डोर्टमंड को भी ऑग्सबर्ग के खिलाफ 0-0 से हार झेलनी पड़ी, जबकि स्टुटगार्ट को होल्सटेन किएल ने 2-2 से बराबरी पर रोका। वॉल्फ्सबर्ग और सेंट पॉली का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि फ्राइबर्ग और लेपजिग ने गोल रहित ड्रॉ खेला।

### लॉरेन बेल का बिंदास स्टाइल

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल अपनी बॉलिंग के साथ-साथ खूबसूरती से भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। लंबे कद की लॉरेन बल्लेबाजों को अपने आगे टिकने नहीं देती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 4 लाख से ज्याद लोग फॉलो करते हैं। यहां वह अपनी तस्वीरें और वीडियो फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं।



### रेनेस को हराकर पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में 4-1 की बढ़त बनाई

**एजेंसी, पेरिस।** स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-1 से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखा। डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया। रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं।

### सानवी सोमू एमेच्योर एशिया पैसीफिक चैंपियनशिप में संयुक्त 38वें स्थान पर

**डा नैंग (वियतनाम)।** सानवी सोमू रविवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसीफिक गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर रहीं। सानवी ने लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। पदार्पण कर रही भारत की 14 साल की गुंतास कौर संधू टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय बनीं। उन्होंने अंतिम दौर में सात ओवर 78 के लचर प्रदर्शन के साथ कुल नौ ओवर का स्कोर बनाया और 47वें स्थान पर रहीं। भारत की मन्नत बरार ने भी अंतिम दौर में 78 का निराशाजनक स्कोर बनाया और कुल 10 ओवर के स्कोर से 48वें स्थान पर रहीं। दस साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली और अब अमेरिका में कॉलेज गोल्फ खेल रहीं जीनिथ वोंग महिला एमेच्योर एशिया-पैसीफिक चैंपियनशिप जीतने वाली पहली मलेशियाई खिलाड़ी बनीं। उन्होंने अंतिम दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर से एक शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।



चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल

# टीम इंडिया 12 साल बाद फिर बनी चैंपियन

## कांटे की टक्कर में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से हराया

**एजेंसी, दुबई**

दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। भारत 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में कामयाब रहा। इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने हालात का फायदा उठाते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की, लेकिन डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने संयम के साथ अर्द्धशतक लगाते हुए न्यूजीलैंड को रविवार को भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में सात विकेट पर 251 का मजबूत स्कोर दिया।

डेरिल मिचेल ने 101 गेंद में 63 रन बनाए, जबकि ब्रेसवेल ने 40 गेंद में 53 रन जोड़े। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सके, जिसके बाद इन दोनों ने पारी को संभाला। न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत करते हुए दस ओवर में एक विकेट पर 69 रन बना लिए थे। छठे ही ओवर में गेंदबाजी के लिए आए वरुण ने विल यंग को पवेलियन भेजा। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने कलाई के स्पिनर कुलदीप को 11वें ओवर में गेंद सौंपी जिससे मैच का नक्शा ही बदल गया।



विल यंग को आउट करने के बाद खुशी जाहिर करता वरुण चक्रवर्ती।

कुलदीप ने पहली ही गेंद पर रचिन रविंद्र को पवेलियन भेजा जब उनकी गुगली सीधे स्टम्प पर जा लगी। इसके साथ ही 57 रन की पहले विकेट की साझेदारी भी खत्म हो गई जिसमें रविंद्र ने हार्दिक पांड्या को लगातार छक्का और दो चौके लगाए थे। उन्हें 28 के स्कोर पर मोहम्मद शमी ने अपनी ही गेंद पर जीवनदान दिया था। अगले ओवर में कुलदीप ने केन विलियमसन का रिटर्न कैच लपककर न्यूजीलैंड को सबसे करारा झटका दिया। न्यूजीलैंड ने 12.2 ओवर में 75 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। भारत के चौतरफा स्पिन आक्रमण का कीवी टीम सामना नहीं कर सकी और अगली 81 गेंद में कोई चौका नहीं लगा। ग्लेन फिलिप्स ने कुलदीप को लांग आफ पर छक्का लगाकर इस दबदबे को तोड़ा। यदा-कदा सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले कुलदीप और वरुण को पिच से काफी सहायता मिली। वहीं अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा ने रफ्तार के सहारे कीवी बल्लेबाजों को परेशान किया। भारतीय स्पिनरों ने 38 ओवर डाले और सिर्फ 144 रन दिए। वरुण ने फिलिप्स को आउट करके पांचवें विकेट की 57 रन की साझेदारी तोड़ी। फिलिप्स उनकी गुगली का शिकार हुए। दूसरे छोर पर मिचेल इक्के-दुक्के रन लेकर स्कोर को आगे बढ़ाते रहे और 91 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

वहीं, 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय ओपनर बल्लेबाजों रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए मैच को रोमांचक मोड पर कर दिया। शुभमन गिल 31 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद कोहली बल्लेबाजी करने उतरे और मात्र एक रन बनाकर आउट हो गए। रोहित शर्मा ने पारी को संभाला और वह भी 83 गेंदों में 76 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद श्रेयस अय्यर 48, अक्षर पटेल 29, पांड्या 18 रन बनाकर आउट हो गए। राहुल (34) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा (9 रन) ने 49 ओवर की आखिरी गेंद पर चौका मारकर भारत को चैंपियन बनाया।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यंग पगबाधा चक्रवर्ती | 15 | 23 | 2/0 |
| रविंद्र ब. कुलदीप | 37 | 29 | 4/1 |
| विलियमसन क.ब. कुलदीप | 11 | 14 | 1/0 |
| मिचेल क. रोहित ब. शमी | 63 | 101 | 3/0 |
| लैथम पगबाधा जडेजा | 14 | 30 | 0/0 |
| फिलिप्स ब. चक्रवर्ती | 34 | 52 | 2/1 |
| ब्रेसवेल (नाबाद) | 53 | 40 | 3/2 |
| सेंटनर (रन आउट) | 08 | 10 | 0/0 |
| स्थिम (नाबाद) | 00 | 00 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 16 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **251/7** | | |

**विकेट पतन :** 1-57, 2-,69 3-75, 4-108, 5-165, 6-211, 7-239.
**गेंदबाजी :** शमी 9-0-74-1, पांड्या 3-0-30-0, चक्रवर्ती 10-0-45-2, कुलदीप 10-0-40-2, पटेल 8-0-29-0, जडेजा 10-0-30-1.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित क. लैथम ब. रविंद्र | 76 | 83 | 7/3 |
| गिल क. फिलिप्स ब. सेंटनर | 31 | 50 | 0/1 |
| कोहली पगबाधा सेंटनर | 01 | 02 | 0/0 |
| अय्यर क. रविंद्र ब. सेंटनर | 48 | 62 | 2/2 |
| पटेल क. ओरूर्के ब. ब्रेसवेल | 29 | 40 | 1/1 |
| राहुल (नाबाद) | 0 | 0 | 0/0 |
| पांड्या क. ब. जैमसन | 18 | 18 | 1/1 |
| जडेजा (नाबाद) | 09 | 06 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (49 ओवर)** | **254/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-105, 2-106, 3-122, 4-183, 5-203. **गेंदबाजी:** जैमसन 5-0-24-1, ओरूर्के 7-0-56-0, स्मिथ 2-0-22-0, सेंटनर 10-0-46-2, रविंद्र 10-1-47-1, ब्रेसवेल 10-1-28-2, फिलिप्स 5-0-31-0.

## रीयल कश्मीर ने आइजोल एफसी को 2–1 से हराया

**एजेंसी, श्रीनगर**

रीयल कश्मीर एफसी रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आइजोल एफसी पर 2–1 की जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। रीयल कश्मीर की घरेलू मैदान पर यह लगातार पांचवीं जीत है और पिछले पांच मैच में चौथी जीत है।

इस जीत के साथ ही रीयल कश्मीर के 18 मैच में 32 अंक हो गए हैं जिससे वह चर्चिल ब्रदर्स और इंटर काशी से दो अंक पीछे हैं। अब जब सिर्फ चार मैच बचे हैं तो खिताब की दौड़ में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं आइजोल एफसी रेलीगेट होने की कगार से बाहर होने का मौका चूक गई और 16 अंक लेकर एससी बेंगलुरु से एक स्थान पीछे 11वें स्थान पर है। सेनेगल के करीम सांब (31वें मिनट) ने रीयल कश्मीर को बढ़त दिलाई।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत 145 खिलाड़ी उतारेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत 11 से 13 मार्च तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री–2025 में 145 प्रतियोगियों को मैदान में उतारेगा। अन्य 19 देशों के 105 पैरा–एथलीट इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। सऊदी अरब, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित कई अंतरराष्ट्रीय टीमें पहले ही पहुंच चुकी हैं और उन्होंने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है और जल्द ही कई और देशों के शामिल होने की उम्मीद है।

## एनआरएआई ने किया दूसरा आईएसएसएफ इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग टारगेट कोर्स का आयोजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपने शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पांच से नौ मार्च तक दूसरे आईएसएसएफ इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग टारगेट (ईएसटी) कोर्स का आयोजन किया। इस कोर्स में नेपाल से तीन और श्रीलंका से एक सहित 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसने महासंघ की तकनीकी शिक्षा पहल में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की शुरुआत की।

पहला आईएसएसएफ ईएसटी कोर्स 24 से 28 फरवरी के बीच आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा था। ईएसटी प्रणाली को संभालने में अधिकारियों की तकनीकी कुशलता के विकास के लिए इसका आयोजन किया गया था। ईएसटी का उपयोग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में किया जाता है।

## वेस्टइंडीज को हराकर भारत आईएमएल के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, रायपुर**



भारत ने यहां वेस्टइंडीज को सात रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेजबान टीम ने स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट और इरफान पठान की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से शनिवार को बड़े स्कोर वाले मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की

इस मुकाबले के साथ सचिन तेंदुलकर बनाम ब्रायन लारा की प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर नजर आती, लेकिन मेजबान टीम ने अपने दिग्गज खिलाड़ी को आराम दिया। भारत मास्टर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबाती रायुडू (63) और सौरभ तिवारी (60) के अर्द्धशतक के बाद कार्यवाहक कप्तान युवराज सिंह (नाबाद 49) की तूफानी पारी से तीन विकेट पर 253 रन बनाए। इसके जवाब में ड्वेन स्मिथ (79) और विलियम पर्किंस (52) ने पहले विकेट के लिए 121 रन जोड़कर वेस्टइंडीज को तूफानी शुरुआत दिलाई, लेकिन वेस्टइंडीज की टीम जब मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी तब बिन्नी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से मैच का रुख बदल दिया और वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 246 रन ही बना सकी।

## हैंडबॉल ट्रायल के लिए लुहणू मैदान में पसीना बहाएंगे खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश की सीनियर और जूनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए टीमों का चयन 9 मार्च को बिलासपुर के लुहणू हैंडबॉल ग्राउंड पर किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया जूनियर महिला टीम के लिए लखनऊ में 25 से 30 मार्च तक और सीनियर महिला टीम के लिए हाथरस में 31 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए है।

चयन परीक्षण सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, लेकिन सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि वे सुबह 9 बजे तक ग्राउंड पर पहुंच जाएं, ताकि रजिस्ट्रेशन और अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपने फिटनेस और प्रदर्शन का पूरा ध्यान रखना होगा। इसके अलावा, यदि किसी को चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी या सहायता चाहिए, तो वे हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर से 9817070040 पर संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए हैंडबॉल हेड हाफ कमेटी के चेयरमैन राज कुमार ने सभी खिलाड़ियों को मार्ग-दर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

हिमाचल स्की खेलो इंडिया विंटर गेम्स–2025

## साक्षी ठाकुर ने रजत पदक और नताशा ने झटका कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान मनाली**



हिमाचल प्रदेश स्की पर्वतारोहण संघ खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 की शुरुआत हो गई है। जिसमें टीम हिमाचल स्कीमो ने पहले दिन दो पदक हासिल किए। असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए साक्षी ठाकुर ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी महिला स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक और नताशा मेहर ने कांस्य पदक हासिल किया।

हिमाचल प्रदेश स्की पर्वतारोहण संघ के प्रबंधक रवि ठाकुर ने कहा हमें साक्षी और नताशा की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। उनकी लगन और कड़ी मेहनत रंग लाई है, और ये पदक उनकी प्रतिभा और उनके द्वारा किए गए कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण हैं। टीम प्रबंधन ने टीम के प्रदर्शन पर अत्यधिक संतुष्टि व्यक्त की और आगामी आयोजनों में और अधिक पुरस्कार हासिल करने का विश्वास व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि यह तो बस शुरुआत है पूरी टीम शानदार फॉर्म में है और हमें पूरा भरोसा है कि वे खेलों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। हम और अधिक पदक लाने और हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हिमाचल प्रदेश स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन ने साक्षी और नताशा को हार्दिक बधाई दी है है और पूरी टीम को खेलो इंडिया विंटर गेम्स–2025 के शेष भाग के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की है ।

महिला प्रीमियर लीग | दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम वीरवार को एलिमिनेटर में भिड़ेंगी

# फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स से भिड़ेगा मुंबई इंडियंस

**एजेंसी, मुंबई**

लीग चरण में अब जब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियंस की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी।

यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि, अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है। तीसरे डब्ल्यूपीएल का अंतिम चरण ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा, जो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का घरेलू मैदान है और उन्होंने 2023 में यहां पहले सत्र का खिताब जीता था। टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी।



लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिलेगा और सोमवार और मंगलवार को लगातार दो मैच खेलने वाले मुंबई इंडियंस का लक्ष्य दिल्ली कैपिटल्स से आगे निकलना होगा, जो अभी 10 अंक और 0.396 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर है। तालिका में शीर्ष पर रहने से मुंबई इंडियंस की टीम छह दिन के भीतर चौथा मैच खेलने से भी बच जाएगी जो एलिमिनेटर होगा। यहां की गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में लगातार मुकाबले खेलना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। मुंबई की टीम अभी आठ अंक और 0.267 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम अगर गुजरात जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने अंतिम दोनों मैच जीत लेती है तो 12 अंक के साथ शीर्ष पर जगह बना सकती है। वर्तमान में आठ अंक और 0.334 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद गुजरात की टीम मुंबई इंडियंस को हराने पर अधिकतम 10 अंक हासिल कर सकती है, जिससे टीम दिल्ली कैपिटल्स के समान अंक बना लेगी। ऐसी स्थिति में नेट रन रेट यह निर्धारित करेगा कि अंक तालिका में टीमों की स्थिति कैसी होगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम वीरवार को एलिमिनेटर में भिड़ेंगी, जबकि फाइनल शनिवार को खेला जाएगा, लेकिन मुंबई की राह आसान नहीं होगी क्योंकि जाइंट्स ने लगातार तीन बड़ी जीत दर्ज करके अंतिम तीन में जगह बनाई है।

गुजरात का बल्लेबाजी क्रम एकजुट होकर रन बना रहा है, जबकि गेंदबाजों ने भी लय हासिल कर ली है। प्लेऑफ में पहली बार जगह बनाने से भी जाइंट्स की टीम प्रेरित होगी, जिन्होंने अपने शुरुआती चार मैच में से तीन गंवाने के बाद जोरदार वापसी की। दूसरी ओर मुंबई ने अब तक छह मैच में से चार जीते हैं, जबकि दो गंवाएं हैं। टीम की नजरें एक बार फिर अपने विदेशी सितारों नैट स्काइवर–ब्रंट (309 रन और आठ विकेट), हेली मैथ्यूज (181 रन और नौ विकेट) और अमेलिया केर (10 विकेट) पर टिकी होंगी जिन्हें कप्तान हरमनप्रीत (126 रन) के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। जाइंट्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में कप्तान एशले गार्डनर (235 रन, सात विकेट), बेथ मूनी (224 रन) और हरलीन देओल (200 रन) की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है और उन्हें अपने गेंदबाजों का अच्छा साथ मिला है।

वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डोटिन (132 रन, नौ विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि मौजूदा सत्र में भारत की अनकैप्ड (जिसने सीनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) केशवी गौतम (नौ विकेट) ने काफी प्रभावित किया है। तनुजा कंवर (सात विकेट) ने भी अहम मौकों पर सफलता हासिल की है।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायोन, हेली मैथ्यूज, जिंतिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नेदिन डि क्लर्क, नैट स्काइवर-ब्रंट, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमालिनी, यस्तिका भाटिया, पारुणिका सिसोदिया, सेइका इशाक और शब्निम इस्माइल।

**गुजरात जाइंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), लॉरा वोलवार्ट, भारती फुलमाली, फोबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, डी हेमलता, डिएंड्रा डोटिन, हरलीन देओल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी, केशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा और शबनम शकील।